आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * आशा दशमी”

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 189 | उज्जैन, शुक्रवार 24 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ईरान जंग के बीच अमेरिका का सऊदी से परमाणु समझौता

**वॉशिंगटन।** सऊदी अरब ने अमेरिका के साथ एक अहम परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके तहत अमेरिका, सऊदी अरब को असैन्य (बिजली बनाने के लिए) परमाणु तकनीक देगा। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध और तनाव का माहौल है। इस समझौते को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बड़ी कूटनीतिक सफलता माना जा रहा है। वह पिछले पांच साल से भी ज्यादा समय से यह समझौता चाह रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल समेत अमेरिका के कई अधिकारी और न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स इसका विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि यदि सऊदी अरब को यूरेनियम संवर्धन की तकनीक मिल गई, तो भविष्य में वह परमाणु हथियार बनाने की दिशा में भी बढ़ सकता है।

### लश्कर के 2 आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ढहाए गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ध्वस्त कर दिए। यह कार्रवाई लाल चौक में पुलिस बल के हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की हत्या के एक दिन बाद की गई। अधिकारियों के मुताबिक, जिन आतंकियों के मकान गिराए गए उनमें बिजबेहड़ा के गुरी गांव निवासी आदिल ठोकर और हसनपोरा निवासी हारून गनई शामिल है। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कॉन्स्टेबल कुरैशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमले में ये दोनों आतंकी भी शामिल थे। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग स्थित लाल चौक पर आतंकियों ने इस कायराना वारदात को अंजाम दिया था।

### शादी से लौट रहे 7 दोस्तों की कार तालाब में गिरी, 5 की मौत

**अनुगुल।** ओडिशा के ढेंकानाल जिले में बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई। शादी समारोह से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे तालाब में जा गिरी। कार में सवार सात दोस्तों में से दो ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जबकि पांच अन्य डूब गए। यह हादसा ढेंकानाल सदर थाना क्षेत्र के छतिया गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, मोटांगा थाना क्षेत्र के बंगुरासिंह गांव के सात दोस्त इंदिपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और कार सीधे तालाब में जा गिरी।

### विजय की आखिरी फिल्म पर राजनीति हावी




**मुंबई।** विजय की आखिरी फिल्म होने के कारण 'जन नायकन' सिर्फ एक रिलीज नहीं, बल्कि करोड़ों प्रशंसकों के लिए भावनात्मक मौका थी। उम्मीद थी कि यह फिल्म उनके लंबे सिनेमाई सफर को यादगार विदाई देगी। लेकिन निर्देशक एच. विनोथ इसे कहानी से ज्यादा राजनीतिक संदेश और स्टार की छवि चमकाने का माध्यम बना देते हैं। नतीजा यह कि फिल्म कई बार मनोरंजन छोड़कर चुनावी भाषण जैसी लगने लगती है। विजय की मौजूदगी तालियां जरूर बटोरती है, लेकिन कमजोर पटकथा और जरूरत से ज्यादा लंबाई फिल्म का असर कम कर देती है। फिल्म की लंबाई 3 घंटे 3 मिनट है। कहानी वेत्री (विजय) की है, जो जेल में बंद होने के बावजूद सब पर भारी पड़ता है। ईमानदार जेलर श्रीकांत (गौतम वासुदेव मेनन) उसकी इंसानियत पहचानता है, लेकिन एक हादसे के बाद अपनी बेटी विजी (ममिता बैजू) की जिम्मेदारी वेत्री को सौंप देता है।

### झटपट खबरें

- महिला कर्मचारी से एयरलाइन कंपनी की ऑफिशियल कैब में रेप, हैदराबाद में ड्राइवर ने एयरपोर्ट जाते समय रास्ता बदला, सुनसान जगह पर कार रोकी, गिरफ्तार।
- नीट समेत 270 प्रतियोगी परीक्षाएं कराने वाले एनटीए ने 5 साल में 520 करोड़ रुपये कमाए।
- बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन जल्द दे सकते हैं इस्तीफा, शेख हसीना से बातचीत की कोशिश की थी।
- गूगल पर ईयू का 890 मिलियन यूरो का जुर्माना, डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन का आरोप।
- यूएनएससी में सिंधु जल संधि पर भारत का पाकिस्तान को जवाब, कहा- सीमा पार आतंकवाद से सहयोग का आधार खत्म।
- चेक गणराज्य में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 सैनिक थे सवार, एक की मौत की खबर।
- फ्रांस में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन, ऐसा करने वाला पहला ईयू देश।
- अफ्रीका में बढ़ती गर्मी से रेगिस्तान के जहाज भी बेहाल, हीट स्ट्रेस, पानी की कमी और बीमारियों से बढ़ रही मौतें।
- लाहौर में भारी बारिश से सड़कें जलमग्न, लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा।

उज्जैन जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में 900 युनिट ब्लड सुरक्षित रखने की क्षमता

## ‘दा साब’ स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता की जयंती पर 'रक्तांजलि' से महादान का संदेश देंगी संस्थाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष परमश्रद्धेय पं.गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब'की 111वीं जयंती 26 जुलाई पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था उन्हें 'रक्तांजलि' देंगी। रक्तदान का यह मेगा शिविर कासमास माल नानाखेडा में पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

'दा साब' के जीवनपर्यंत समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों का अनुसरण करते हुए रक्तदान के इस केंप में रक्तदान महादान का संदेश संस्थाएं देंगी।

सिंहस्थ महाआयोजन की तैयारी में लगे उज्जैन जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में वर्तमान में दानदाताओं से रक्त संग्रहण कर उसे जरूरतमंदों को दिया जाता है। सरकारी अस्पताल के मरीजों को यह निःशुल्क मिलता है। प्रति माह करीब 300 थैलेसिमिया से पीड़ित बच्चे इससे लाभांवित होते हैं। ब्लड बैंक प्रभारी डा. संगीता गुप्ता बताती हैं कि वर्तमान में ब्लड बैंक में रक्तदाताओं के दान के रक्त को सहेजकर रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध हैं। 900 युनिट रक्त को यहां सुरक्षित रखा जा सकता है। इसे सुरक्षित रखने के लिए अलग ही प्रकार के फ्रीजर होते हैं।



वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ, उज्जयिनी रक्त संचार संस्था का 26 को रक्तदान का मेगा शिविर

### मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम

मुख्य आयोजक वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के वेस्टर्न रेलवे मंडल के मंत्री अभिलाष नागर ने बताया कि 'दा साब' का मजदूर संघ के प्रारंभिक काल से गहरा नाता रहा। उन्होंने अपने जीवनकाल में सदैव समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी जयंती पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बनेगा। सहयोगी आयोजक उज्जयिनी रक्त संचार समिति इसमें अधिक से अधिक रक्तदान के लिए आमजन को प्रेरित करेगा। दोनों ही संस्थाओं की और से आमजन से अधिक से अधिक रक्तदान के लिए आग्रह किया गया है। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए' प्रेरित करने का आग्रह किया।

- **रक्तदान, जीवनदान, महादान-** दोनों ही संस्था की और से बताया गया कि वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रक्तदान सीधे तौर पर जीवनदान जैसा है। रक्तदान करने वाले कम हैं और उसे खरीदकर लेने वालों की संख्या अधिक है। ऐसे में इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- **रक्तदाताओं से आग्रह किया-** उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया तथा वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

सरकार ने कहा-कॉकरोच पार्टी को 4 बार बातचीत के लिए बुलाया

## सीजेपी का आज देशभर में प्रदर्शन का ऐलान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका है।

हालांकि, सीजेपी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। इधर, कॉकरोच जनता पार्टी ने अब 24 जुलाई को देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया है। 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के नेतृत्व में छात्रों का प्रदर्शन 20 जून से जारी है। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में 28 जून से शामिल हुए सोनम वांगचुक के अनशन का आज 26वां दिन हैं। वांगचुक फिलहाल गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं।

### सीजेपी ने कहा- बात करनी है तो सरकार जंतर-मंतर आए




करीब एक महीने में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। शुरूआती सख्ती के बाद अब सरकार बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश कर रही है।

- **आंदोलन देश भर में फैला:** सोनम वांगचुक के अनशन, छात्रों की लगातार मौजूदगी और कई राज्यों से मिले समर्थन ने प्रदर्शन को देशभर में फैला दिया है।
- **जन आंदोलन में तब्दील हो रहा:** शुरूआती दिनों में सरकार ने बैरिकेडिंग, हिरासत और मेट्रो स्टेशनों पर पाबंदियां लगाईं। बाद में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों, छात्र संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीजेपी का समर्थन किया। अब यह जन आंदोलन में बदलता दिख रहा है।

### पीएम एजुकेशन सिस्टम की बर्बादी के जिम्मेदारः राहुल



राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया कि देश के शिक्षा तंत्र को बर्बाद करने और युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री खुद जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। राहुल कहा कि नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ स्टूडेंट्स और उनके परिवार प्रभावित हुए। नीट मामले में किसी भी को सजा नहीं हुई।

### अन्ना हजारे आंदोलन होंगे में शामिल



नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और प्रश्नपत्र लीक को लेकर जारी छात्र आंदोलन को अब वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे का समर्थन मिल गया है। अन्ना हजारे ने आंदोलनरत छात्रों के पक्ष में खुलकर आवाज उठाई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को बेहद दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में टकराव के बजाय संवाद ही सबसे बेहतर रास्ता है। अन्ना हजारे के करीबी सहयोगियों के अनुसार, वह गुरूवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर पहुंचकर छात्रों के चल रहे आंदोलन में शामिल होंगे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करेंगे। वह दोपहर में अहिल्यानगर के वाडिया पार्क स्थित गांधी स्मारक में मौन आंदोलन करेंगे।

### सीजेपी आंदोलन की विदेशी फंडिंग? एनआईए जांच की मांग

नीट पेपर लीक के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन और 20 जुलाई, 2026 को 'संसद चलो' अभियान के लिए कथित तौर पर विदेशी फंडिंग की एनआईए या किसी अन्य एजेंसी से जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट तत्काल सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट में इसपर सुनवाई होगी। पीआईएल में आरोप लगाया गया है कि यह पूरा प्रदर्शन बहुत बड़ी साजिश का हिस्सा है, जिसमें विदेशी फंड पर चलने वाले संगठन और राजनीतिक नेता शामिल हैं। याचिकाकर्ता के वकील बरुण कुमार सिन्हा ने यह याचिका चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच में डाली है।

पेपर लीक पर पीएम मोदी ने कहा

## फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऐलान किया कि पेपर लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाएंगे। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पीएम का यह ऐलान कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष के प्रदर्शन के बीच आया है। सीजेपी पिछले 34 दिन से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक 26 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। वे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं उनका इलाज चल रहा है।

**पीएम ने कहा- युवाओं का हित सर्वोच्च प्राथमिकता-** पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

देश में अब तक पेपर लीक मामलों की सुनवाई सामान्य अदालतों में होती थी, इसलिए फैसला आने में कई साल लग जाते थे। अब प्रधानमंत्री ने इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है, ताकि फैसला तेजी से हो सके।

भारत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की शुरूआत साल 2000 में हुई थी। इनका गठन 11वें वित्त आयोग की सिफारिश पर किया गया था। आयोग ने देशभर में 1734 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के लिए स्पेशल फंड की अनुशंसा की थी।

फास्ट ट्रैक कोर्ट का रिकॉर्ड भी बेहतर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, रेप और पास्को मामलों के लिए बनी फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 2019 से 2025 तक 3.06 लाख से ज्यादा मामलों का निपटारा किया है। इन अदालतों में मामलों के निपटारे का रेट 96.28% है, यानी जितने नए मामले आए, लगभग उतने ही मामलों का निपटारा भी हुआ। हालांकि, नए मामले लगातार दर्ज होने के कारण 2025 के अंत तक 2.45 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग थे, जबकि 2024 के अंत में यह संख्या 2.04 लाख थी।

हमीदिया रोड को डूबने से बचाने के लिए

## एक किमी ड्रेनेज लाइन तैयार पर बैकफ्लो का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राजधानी के सबसे व्यस्त व्यापारिक इलाके हमीदिया रोड को मानसून के पानी से बचाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की थी, लेकिन ऐन मौके पर पीडब्ल्यूडी ने हाथ खींच लिए। इसके बाद मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने खुद कमान संभाली और रेलवे ट्रैक के बगल से पात्रा नदी तक करीब 1 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड ड्रेनेज लाइन बिछाकर 24 चैंबर तैयार कर दिए। मेट्रो टनल के दूसरे चरण का काम शुरू होने से पहले इस ड्रेनेज का बनना बेहद जरूरी था। हालांकि, मेट्रो के इस प्रयास के बाद भी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। नाले का आउटलेट पात्रा नदी में खोला गया है, जहां तेज बारिश के दौरान नदी उफान पर आते ही पानी बैकफ्लो होकर वापस हमीदिया रोड की दुकानों और सड़कों पर आ सकता है। जब भी तेज बारिश होती है, पात्रा नदी का रूप खतरनाक होता है, आसपास के निचले इलाकों में कई बार भारी तबाही और जलभराव फैलाया है। हमीदिया रोड का यह ड्रेनेज आउटलेट दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की राजनीतिक खिंचाव का शिकार बन गया है। मेट्रो अधिकारियों ने पिछले दो महीनों में रात-दिन काम करके नाला तो बिछा दिया, लेकिन पानी के बहाव का रुख पूर्व से पश्चिम का अंतर तकनीकी रूप से अब भी सिरदर्द बना हुआ है।

फर्जी किसानों को ऋण देने के मामले में जांच तेज

## मप्र विधानसभा में गूंजा केसीसी घोटाला 11 साल बाद खुली फाइल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

किसानों को कम ब्याज पर कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना में जबलपुर जिले की निरंतपुर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में कथित बड़े फर्जीवाड़े का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। वर्ष 2015 में पात्रता के बिना लोगों को किसान बताकर लाखों रुपये का केसीसी ऋण स्वीकृत किए जाने के आरोपों पर करीब 11 वर्षों तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब विधानसभा में मामला गूंजने के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, जबलपुर ने पूरे प्रकरण की पुनः जांच शुरू कर दी है और तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में कई गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिलने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों और तत्कालीन समिति प्रबंधन की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है।

जानकारी के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उद्देश्य वास्तविक किसानों को खेती के लिए समय पर ऋण उपलब्ध कराना है, ताकि वे साहूकारों पर निर्भर न रहें और कम ब्याज दर पर कृषि कार्य कर सकें लेकिन निरंतपुर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में इस योजना के तहत ऐसे लोगों को ऋण स्वीकृत करने का आरोप है, जो किसान की पात्रता ही नहीं रखते थे।

गुजरात के उमरगाम में 43 इंच बारिश

## महाराष्ट्र के पालघर में बाढ़ जैसे हालात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



नई सैटेलाइट इमेज में भारत के हिमालय से दक्षिण कोरिया तक 7 से 10 हजार किलोमीटर लंबी बादलों की बेल्ट दिखाई दे रही है। इससे पूरे देश में भारी बारिश हो रही है। इसी वजह से देश में पिछले 2 दिनों में नॉर्मल से 170-180% बारिश हुई है।

इसे मानसून कन्वर्जेंस जोन कहा जाता है। यह तब बनी जब हिंद महासागर से आई नमी भरी हवाएं एशिया की तरफ आईं। इस वजह से मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में लगातार 60 घंटे से बारिश हो रही है।

गुजरात के दक्षिण गुजरात में भारी बारिश से बाढ़ के हालात हैं। उमरगाम तालुका में पिछले 24 घंटों में 43 इंच बारिश दर्ज की गई है। इससे निचले इलाके डूब चुके हैं। महाराष्ट्र के तटीय पालघर जिले में बाढ़ के हालात हैं। दहानू और तलासरी तहसीलों के कई गांवों का संपर्क टूट गया है। पश्चिम रेलवे ने एहतियात के तौर पर घोलवड़ और उमरगाम स्टेशनों के बीच रेल यातायात अस्थायी रूप से रोक दिया है।

चित्रकूट घूमने गए थे, पहाड़ी पर तीन युवकों ने वनकर्मी बताकर धमकाया, दरिंदगी की

## बॉयफ्रेंड को बंधक बनाकर नीट छात्रा से गैंगरेप

एजेंसी ▸▸ चित्रकूट

यूपी के चित्रकूट में बॉयफ्रेंड को बंधक बनाकर नीट छात्रा से तीन युवकों ने गैंगरेप किया। पुलिस के मुताबिक, 20 साल की छात्रा 17 साल के बॉयफ्रेंड के साथ पहाड़ी पर बैठी थी, तभी आरोपी पहुंचे। खुद को वनकर्मी बताकर दोनों को धमकाया। बॉयफ्रेंड को बेल्ट से पीटा और उसके हाथ-पैर गमछे से बांध दिए। तीनों छात्रा को घसीटते हुए झाड़ियों में ले गए। दरिंदगी की। वारदात के बाद तीनों भाग गए। बॉयफ्रेंड ने खुद के हाथ-पैर खोले और छात्रा के पास पहुंचा। वह बदहवास थी। बॉयफ्रेंड ने ही फोन करके पुलिस को जानकारी दी।

### नाबालिग बॉयफ्रेंड को धमकाया, चिल्लाए तो पहाड़ी से फेंक देंगे



बॉयफ्रेंड ने पुलिस को बताया- 2 साल पहले सोशल मीडिया पर मेरी लड़की से दोस्ती हुई थी। कुछ दिन पहले लड़की छुट्टी पर घर आई थी। मैंने उसे घूमने के लिए चित्रकूट बुलाया था। 22 जुलाई की दोपहर वह चित्रकूट पहुंची। दोपहर 1 बजे बाइक से हम दोनों देवांगना घाटी पहुंचे। वहां पहाड़ी पर बैठकर रील बना रहे थे।

वारदात बुधवार दोपहर 3 बजे देवांगना घाटी जंगल की है। यहां की जिला मुख्यालय से दूरी 12 किमी है। छात्रा चित्रकूट से सटे मध्य प्रदेश के सतना की रहने वाली है। वह राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही है। उसका बॉयफ्रेंड चित्रकूट का ही रहने वाला है। 12वीं में पढ़ता है। छात्रा दोपहर में चित्रकूट घूमने आई थी। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। एक सीसीटीवी में तीनों आरोपी बाइक से जाते दिख रहे हैं। शक के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। गुरुवार दोपहर 2 बजे एडीजी जोन ज्योति नारायण प्रयागराज से चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### मां के श्रद्धालुओं के लिए जुटेंगी सुविधाएं

बाबा की नगरी में तीर्थाटन एवं पर्यटन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को जुटाया गया है और जुटाया जा रहा है। शहर में आय के नए साधन खडे हो रहे हैं। होम स्टे जैसे व्यवसाय से लोगों की जीविकोपार्जन की स्थिति बन गई है। कई लोगों ने तो इसे अपना पूर्ण व्यवसाय बनाते हुए अपना लिया है। अच्छी खासी आय उन्हें हो रही है। यहां तक की इलेक्ट्रिक रिक्शा वाला भी अच्छी खासी आय अर्जित कर रहा है। पास के जिले में स्थित मां के शक्तिपीठ का स्थल अपने आप में देश भर में प्रसिद्ध है। जिम्मेदारों ने वहां भी अब पूरी तरह से श्रद्धालुओं के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देवी लोक अंतर्गत वर्तमान एवं भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। प्रचलित निर्माण कार्य में जन सुविधाओं का विकास, पार्किंग व्यवस्था, दर्शन व्यवस्था, श्रद्धालुओं के प्रवेश-निकासी, हवन कुंड एवं प्रस्तावित हवन कुंड बनाए जाना है। मां के मंदिर परिसर के समीप ही वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित होने हैं। इसके लिए आवश्यकता होने पर भूमि अधिग्रहण भी संभावित है। मंदिर परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार होने वाला है। यहां के ईंट भट्ठों की भूमि का देवी लोक कार्यों में बेहतर उपयोग होने वाला है। पास के ही गांव में होम स्टे की परंपरा जन्म ले चुकी है यह एक पर्यटन गांव जैसा है। इसमें प्राकृतिक स्वरूप के होम स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि लाल माटी के इस जिले के मुख्य मार्ग से 22 किलोमीटर अंदर की और दैवी लोक के विकास के उपरांत यह क्षेत्र जमकर विकसित होना है। यहां के छोटे से लेकर बड़ा व्यवसाय भी जमकर चलने वाला है। आगामी समय में यहां जमकर पर्यटन एवं तीर्थाटन की धन वर्षा होगी। यहां तक कि प्रसाद रूपी चना-चिरौंजी का व्यवसायी भी यहां हर हाल में पनपेगा। धर्म की धन की बारिश में सभी का भिगना तय है।

## संक्षिप्त समाचार

- भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को नवनिर्मित 'श्री गीता भवन' का भव्य लोकार्पण होगा।
- क्षीरसागर स्थित जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 जुलाई तक पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- माधव विज्ञान महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान संपन्न, डीएसपी ने कहा नकारात्मक नशे को कहें नो एंट्री, विद्यार्थियों और स्टाफ ने ली शपथ
- नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय जाने के दौरान पुलिस द्वारा छात्रों को रोके जाने का विरोध करने पर पुलिस ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रवक्ता तथा सेवादल प्रभारी जैन को गिरफ्तार।
- गन्ने से एथेनॉल बनने के कारण शक्कर 10 रुपए किलो महंगी और गाड़ियां हो रहीं खराब, शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई को लेकर की केंद्र सरकार की आलोचना
- उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम 25 जुलाई शनिवार शाम 5 बजे इंदौर रोड स्थित समीर गार्डन पर आयोजित होगा।
- श्री वल्लभ वैष्णव मंडल ने 110 विद्यार्थियों को बांटी निशुल्क कॉपियां और स्टेशनरी, 1000 कॉपियां बांटने का लक्ष्य, जरूरत पड़ने पर आगे भी दी जाएगी मदद
- गुरु पूर्णिमा पर 29 जुलाई, बुधवार शाम 7 बजे पिपली नाका चौराहे पर पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता और क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- मालव रक्षा अनुष्ठान के आचार्य सत्यम् ने दी चेतावनी, शिप्रा परिक्रमा पथ नहीं बना तो आगामी सिंहस्थ से पहले तय होगा निर्गम पथ
- सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, शिक्षण संस्थानों के नाम अमर बलिदानियों पर रखने की मांग
- सामाजिक समरसता की प्रतीक दिंडी यात्रा 25 को, टावर से गजानन महाराज मंदिर तक निकलेगी, पंढरपुर की 800 साल पुरानी परंपरा का उज्जैन में तीसरा वर्ष
- महाराष्ट्र समाज ने मनाई लोकमान्य तिलक की 170वीं जयंती, तिलक स्मृति मंदिर में समाजजनों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यों को किया याद
- कछवाय मेमोरियल ट्रस्ट ने मनाई पूर्व सांसद स्व. हुकमचंद कछवाय की 93वीं जयंती, राजमाता और अटलजी ने 1962 में दिलाया था पहला टिकट

## ट्रेंडिंग



आगर रोड पर गरोठ हाईवे के समीप मकान नाजुक स्थिति में, बड़े हादसे की आशंका

# बारिश में मिट्टी धंसने पर कभी भी हो सकते हैं मकान धराशायी

## हाईवे निर्माण के दौरान मिट्टी कटने से टीले के किनारे आए मकान, रहवासी दहशत में, सुरक्षा उपाय की मांग



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में सड़क, पुल और हाईवे सहित कई बड़े निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगर रोड पर खिलचीपुर नाके के आगे शराब की दुकान के समीप गरोठ हाईवे और फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य के दौरान की गई मिट्टी की गहरी कटिंग के कारण आसपास के कई मकान अब ऊंचे मिट्टी के टीले के किनारे आ गए हैं, इस कारण मकान काफी नाजुक स्थिति में पहुंच गए है और बारिश में मिट्टी धंसने पर कभी भी यह मकान धराशायी हो सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार हाईवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण और मिट्टी की कटाई के बाद कई मकानों का निचला हिस्सा खुला दिखाई देने लगा है। कुछ स्थानों पर मकानों की नींव और पिलर तक नजर आ रहे हैं। तथा मकान काफी नाजुक स्थिति में पहुंच गए है और बारिश में मिट्टी धंसने पर कभी भी यह मकान धराशायी हो सकते हैं जिससे मकानों का हमेशा धराशायी होने का डर बना रहता है।

### बारिश में मिट्टी धंसने पर हो सकते हैं मकान धराशाई

गरोठ हाईवे के पुल और सर्विस रोड के समीप स्थित मकान ऊंचे ढलान पर हैं। यदि लगातार बारिश के कारण मिट्टी का कटाव या धंसाव होता है तो मकानों की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्र के रहवासी लगातार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं और उन्हें किसी बड़े हादसे की आशंका सता रही है।

### रहवासियों ने सुरक्षा की मांग की

क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण के दौरान ढलान को सुरक्षित बनाने के लिए पर्याप्त रिटेनिंग वॉल या अन्य सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। उनका कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग को मौके का निरीक्षण कर तत्काल तकनीकी जांच करानी चाहिए तथा आवश्यक सुरक्षा कार्य कराए जाएं, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। बारिश का दौर जारी है और ऐसे में नाजूक मकानों की स्थिति की जांच, ढलान की मजबूती तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय समय रहते किए जाना जरूरी है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में जन-धन की हानि हो सकती है।

### भवन स्वामियों ने कहा जैसे तैसे मकान बनाया वह भी गिरने की कगार पर

जिन लोगों के मकान है उनका कहना है कि हमारे मकान को रोड बनाने वाली कंपनी ने मिट्टी की कटिंग कर नाजुक स्थिति में ला दिया है जैसे तैसे पक्के मकान बनाए थे लेकिन रोड निर्माण के दौरान की गई मिट्टी की कटाई में उनके मकान मिट्टी के टिले के किनारे आ गए हैं अब इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा इसके अलावा कभी भी अगर मिट्टी धंसी तो मकान भी धराशायी हो सकते हैं।

आईआईटी इंदौर पहुँचे 60 वैज्ञानिक व स्कॉलर्स, भविष्य की तकनीकों और रिसर्च टूल्स को प्रत्यक्ष समझा

# सम्राट विक्रमादित्य विवि शोधार्थी आईआईटी इंदौर की हाइटेक लैब देख हतप्रभ

## थ्री डी प्रिंटर और नैनो-टेक उपकरणों की कार्यप्रणाली देख हुए रोमांचित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित ह्यनेक्स्ट-जेन मटेरियल्स फॉर फ्यूचर टेक्नोलॉजी (एनजीएफएफटी-2026) अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में आए शोधार्थी आईआईटी इंदौर की हाईटेक लैब देखकर हतप्रभ रह गए । थ्री डी प्रिंटर और नैनो-टेक उपकरणों की कार्यप्रणाली देख हुए रोमांचित भी हुए।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित ह्यनेक्स्ट-जेन मटेरियल्स फॉर फ्यूचर टेक्नोलॉजी ( एनजीएफएफटी-2026) अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में आए शोधार्थी दूसरे दिन प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुसंधान का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। कार्यक्रम के तहत 60 प्रतिभागियों व शोधार्थियों के एक दल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर का शैक्षणिक एवं अनुसंधान भ्रमण किया। इस दौरान वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने आईआईटी की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, उन्नत अनुसंधान सुविधाओं और आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि,इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व सक्षम एएनआरएफ-पीएआईआर परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. उमेश सिंह एवं फामेर्सी संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. कमलेश दशोरा ने किया।

इस परियोजना का मुख्य हब आईआईटी इंदौर है, जबकि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय इसका स्पोक संस्थान है। आईआईटी इंदौर में एडवांस्ड मैटेरियल्स थीम के प्रमुख डॉ. शैलेश कुंदलवाल ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न अनुसंधान प्रयोगशालाओं की विस्तृत जानकारी दी।




### ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा अनुभव

समापन परिचर्चा में प्रतिभागियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक रिसर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने से उनके भविष्य के शोध कार्यों को नई दिशा मिलेगी। सम्मेलन के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल के प्रोफेसर अजयन विनु, आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर रामास्वामी मुरुगावेल एवं आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर विश्वरूप पाठक के विशेष व्याख्यान आयोजित होंगे। इसके साथ ही प्रतिभागियों द्वारा मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, थ्री डी तकनीक का प्रदर्शन

प्रतिभागियों ने सबसे पहले प्रज्ञान इनोवेशन ट्रांजिट लेबोरेटरी का दौरा किया, जहाँ एएनआरएफ राष्ट्रीय सुविधा के तहत संचालित एडवांस्ड मैटेरियल्स एवं हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया गया। यहां एडवांस्ड मैटेरियल्स लैब में प्रोब सोनिकेटर, स्पिन कोटर, सेंट्रीफ्यूज, सीवीडी प्रणाली, इलेक्ट्रोस्पिनिंग और मेटल 3-डी प्रिंटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का प्रदर्शन किया गया।इसी तरह कैरेक्टराइजेशन लैब में एसटीएम (एसटीएम), पीएफएम (पीएफएम), स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, कॉन्टैक्ट एंगल मीटर एवं डी-33 मीटर जैसे उच्च स्तरीय उपकरणों की उपयोगिता समझाई गई। प्रतिभागियों ने यहाँ कार्यरत जेआरएफ (जेआरएफ) शोधार्थियों के रिसर्च प्रोजेक्ट्स को भी देखा।हेल्थ एंड मेडिकल लैब में जैव-चिकित्सीय अनुसंधान से जुड़े उपकरणों जैसे पीसीआर (पीसीआर), एचपीएलसी (एचपीएलसी), डुअल वेवलेंथ ट्रांसइल्यूमिनेटर और इन्क्यूबेटर की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। वहीं मेकाट्रॉनिक्स व एसआईसी सेंटर में मेकाट्रॉनिक्स लैब में ट्राइबोइलेक्ट्रिक नैनोजेनरेटर व न्यूमेटिक्स प्रणालियों का प्रदर्शन हुआ। वहीं सोफिस्टिकेटेड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर (एसआईसी) में उच्च स्तरीय विश्लेषण उपकरणों से परिचित कराया गया।

फ्रीगंज में इधर से उधर तक कीचड़ ही कीचड़

# टाटा की दुहाई हो दुहाई, भरी बरसात में फ्रीगंज में खुदाई

## पुराने शहर में भी बुरे हाल, गड्ढों में मिट्टी धंसी, अब तक नहीं किया समतल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

किसी समय शहर का सबसे सुंदर हिस्सा कहे जाने वाले नए शहर के फ्रीगंज की हालत वर्तमान में बदतर होकर रह गई है। इस खुदाई से चारों और किचड ही किचड पसर गया है। भरी बरसात में यह खुदाई की जा रही है और इसी दौरान सभी काम को अंजाम दिया जा रहा है। इसके चलते आवागमन में नई परेशानियां व्याप्त हो गई हैं।

शहर के पुराने हिस्से में खुदाई के कामों को व्यवस्थित किए बगैर ही नए शहर के व्यापारिक केंद्र को टाटा ने लक्ष्य बना लिया है। पुराने शहर में भी वर्तमान में खुदाई एवं सिवरेज के पाईप डालने का काम बराबर जारी है और इसके साथ ही नए शहर के फ्रीगंज में भी यही स्थिति बन गई है। ऐसे में आवागमन के लिए चौतरफा समस्या की स्थिति खडी कर दी गई है।

**इधर मालीपुरा,उधर कंट्रोल रूम चौराहा-** पुराने शहर में मालीपुरा का बडा हिस्सा इन दिनों खुदाई का लक्ष्य है। मालीपुरा से दौलतगंज मार्ग , मालीपुरा से बहादुरगंज मार्ग,प्रेमछाया मार्ग,अस्पताल के पीछे,बहादुरगंज सहित अन्य हिस्सों में कभी खुदाई तो कभी भराई का काम किया जा रहा है। नए शहर के पुलिस कंट्रोल रूम चौराहा से माधवनगर अस्पताल मार्ग, राजस्व कालोनी क्षेत्र,कंट्रोलरूम चौराहा से गुरूद्वारा मार्ग पर खुदाई एवं पाईप डालने के साथ भराई के काम को अंजाम दिया जा रहा है।

**बरसात में परेशानी का सबब-** भरी बरसात में खुदाई के इस काम से चारों तरफ मिट्टी उखेडी जा रही है। इससे किचड ही किचड फैल रहा है। सडकों पर फिसलन की स्थिति बन गई है। छोटी मोटी दुर्घटनाएं इस फिसलन से होना शुरू हो चुकी हैं। कई स्थानों पर चैंबर बनाने के लिए गड्ढों को बेरिकेडस में कवर किया जा रहा है ,जबकि रात्रि के समय में कई बार स्ट्रीट लाईटें भी पर्याप्त नहीं जलने की स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की संभावनाएं प्रबल हो रही हैं। शहर के दोनों छोरों पर एक से हाल देखे जा रहे हैं।

**आवागमन बाधित-** पुराने शहर का मालीपुरा व्यवसायिक केंद्र है। यहां भी पूरी तरह से किचड की स्थिति बनी हुई है। इसके साथ ही यह देवासगेट बस स्टैंड से सीधे महाकाल और गोपाल मंदिर व्यवसायिक क्षेत्र से जुडा हुआ है। नए शहर का माधवनगर अस्पताल मार्ग पूरे फ्रीगंज में आसपास की 150 से अधिक कालोनियों के आवागमन का मार्ग है। फ्रीगंज के इस व्यवसायिक क्षेत्र में खुदाई से आवागमन बाधित हो रहा है।

# रामघाट से नगर निगम ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बाबा महाकाल की प्रथम सवारी और श्रावण मास में बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने गुरुवार को शिप्रा नदी के रामघाट क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने घाट क्षेत्र में रखे अवैध काउंटर, तख्त, गुमटियां तथा अन्य अस्थायी अतिक्रमण हटाकर 3 डम्पर एवं 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली सामान जब्त किया। 3 अगस्त को बाबा महाकाल की प्रथम सवारी नगर भ्रमण के दौरान रामघाट पहुंचेगी, जहां पारंपरिक पूजन-अर्चन होगा। इसके अलावा श्रावण मास में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और यात्री शिप्रा नदी के रामघाट पर पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षा और धार्मिक आयोजनों के व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घाट क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक मार्गों पर अवैध कब्जों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर में व्यवस्थाएं सुचारु बनी रहें। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, रिमूवल गैंग प्रभारी मोनू थनवार सहित नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन का अमला मौजूद रहा।

बड़नगर में जर्जर सड़कों, भ्रष्टाचार और जन-समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

# 10 दिनों में समाधान न होने पर बड़नगर बंद की चेतावनी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**

तहसील व नगर क्षेत्र में प्रशासनिक उदासीनता के कारण उपजी ज्वलंत एवं मूलभूत समस्याओं, जर्जर सड़कों, रुकी विकास योजनाओं, पेयजल संकट और व्याप्त भ्रष्टाचार के निराकरण हेतु पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पारासर, एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार एवं थाना प्रभारी कमलेश सिंघार को सौंपकर शासन-प्रशासन का ध्यान क्षेत्र की विकराल होती समस्याओं की ओर आकर्षित कराया गया।

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल एवं कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर इन जनहित की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस संगठन आम जनता के हक के लिए 'बड़नगर बंद' एवं चक्का जाम जैसे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



इस अवसर पर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, रामलाल माली युवा कांग्रेस बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण वड़छा, पार्षदपति फकीर मोहम्मद, एडवोकेट राधेश्याम यादव, पूर्व सेवादल अध्यक्ष वासिफ काजी, नारायण सिंह राठौर, हुकुमचंद हारोड़, अभिषेक सरसोदीया आदि उपस्थित हुए। उक्त जानकारी पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने दी।

### ज्ञापन में उठाई गईं प्रमुख मांगें

- **सड़क व अधोसंरचना सुधारः** खरसौदकलां, जलोदिया, रूनिजा, देहटा, अमला, भाटपचलाना सहित संपूर्ण तहसील की जर्जर, उखड़ी एवं गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़कों की तत्काल मरम्मत एवं अधूरे पुल-पुलियाओं का निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।
- **पेजल एवं सफाई व्यवस्थाः** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान, नालियों की नियमित सफाई, फॉगिंग/कीटनाशक का छिड़काव और प्राचीन बावड़ियों/घाटों की सफाई कराई जाए।
- **प्रशासनिक व वित्तीय भ्रष्टाचार की जांचः** नगर पालिका, जनपद पंचायतों और 107 ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच हो। (विशेष रूप से वार्ड नं. 18 में टेंडर राशि से अधिक भुगतान मामले एवं जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग)।
- **किसान हितैषी मांगेंः** फसलों (सोयाबीन आदि) की लंबित फसल बीमा राशि का भुगतान, पर्याप्त खाद की उपलब्धता, स्लॉट बुकिंग व्यवस्था का सरलीकरण, मंडी में व्यापारियों की मनमानी व बोरी तौल में हो रही कटौतियों पर रोक तथा सिंचाई के लिए दिन में पर्याप्त बिजली की आपूर्ति।
- **स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सेवाएंः** शासकीय अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति व सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो। नगर के बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे व लाउडस्पीकर चालू किए जाएं। यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पार्किंग व फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थान अलॉट हो।
- **जन-कल्याणकारी योजनाएंः** नामांतरण मामलों का समय-सीमा में निराकरण, बीपीएल राशन कार्ड व वृद्धावस्था पेंशन की बहाली, लाड़ली बहना योजना में छूटी पात्र महिलाओं के नाम जोड़ना तथा पीएम आवास योजना में पात्रों को ही लाभ दिया जाना।
- **विशेष एवं स्थानीय मुद्देः** ग्राम धतुरिया के बालक आयुष की दुर्घटना में मौत के मामले में परिजनों को पीएम रिपोर्ट की प्रति व राहत राशि दिलाना, सहारा इंडिया में फंसे नागरिकों के पैसों के लिए कंपनी पर कार्रवाई, नीट परीक्षा धांधली की जांच की जाए तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से छात्र हित में इस्तीफा लिया जाए व युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### अमानक खाद्य सामग्री के विरूद्ध खाद्य विभाग की कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों तथा विद्यालयों की मेस एवं कैंटीनों में अमानक खाद्य सामग्री के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से 17 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए तथा लगभग 1 लाख 35 हजार रुपये मूल्य का 208 किलोग्राम संदिग्ध घी जब्त किया गया। बताया गया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल ने हिम्मतनगर पालदा स्थित श्रीनाथ एजेंसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर लस्सी एवं छाछ का निर्माण, पैकेजिंग एवं विक्रय किया जाना पाया गया।

### राष्ट्रध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य - मेजर सोहनी

**इंदौर।** माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय इंदौर में 22 जुलाई को राष्ट्रध्वज अंगीकरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्रध्वज के इतिहास, महत्व एवं सम्मान से जुड़े नियमों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी ने कहा कि ₹राष्ट्रध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है।₹ उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार किया था। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं उसके सही उपयोग के नियमों का पालन करने का आग्रह किया तथा बताया कि क्षतिग्रस्त या अमानक राष्ट्रध्वज का उपयोग करना अनुचित एवं दंडनीय है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत मिश्रा ने राष्ट्रध्वज के निर्माण एवं अंगीकरण की ऐतिहासिक प्रक्रिया को बताया।

### खाद्यान्न के अवैध संग्रहण, भंडारण करने पर कार्रवाई

**इंदौर।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के खाद्यान्न के अवैध संग्रहण, भंडारण एवं क्रय-विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी के अंतर्गत जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के खाद्यान्न के अवैध संग्रहण, भंडारण एवं क्रय-विक्रय करने वाले तीन आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत थाना गांधीनगर में प्रकरण दर्ज कराया गया।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के दल द्वारा गांधीनगर थाना परिसर में खड़े लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 09 डीडी 9156 की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में सफेद प्लास्टिक के गैर-शासकीय बारदानों में लगभग 80 कट्टे गेहूं एवं चावल अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। प्रारंभिक जांच में फोर्टिफाइड चावल होना पाया गया।

### मानधन योजना के तहत पंजीयन शिविर



**इंदौर।** भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र श्रमिक मासिक 55 रुपये से अंशदान जमा कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मासिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्रमिक द्वारा जमा किए जाने वाले अंशदान के बराबर राशि भारत सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। बताया गया कि ऐसे श्रमिक, जो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं तथा जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है, वे इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि इच्छुक श्रमिक देवी अहिल्या मार्ग इंदौर स्थित सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

- **मिलावटी घी पर बड़ी कार्रवाई-** इंदौर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिलेभर में छापेमारी कर 208 किलो संदिग्ध मिलावटी घी जब्त किया। 17 खाद्य नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए।
- **बारिश से बाजारों की रफ्तार धीमी-** लगातार बारिश के कारण शहर के प्रमुख थोक बाजारों और परिवहन व्यवस्था पर असर पड़ा। व्यापारियों के अनुसार माल की आवक और डिलीवरी प्रभावित रही।
- **सोना हुआ सस्ता-** इंदौर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई। आज सोना लगभग 14,480 प्रति ग्राम पर कारोबार करता दिखा।
- **चांदी के दाम नरम-** इंदौर में चांदी के भाव में भी हल्की गिरावट रही। चांदी करीब 223 प्रति ग्राम के स्तर पर रही।
- **औद्योगिक निवेश को मिलेगी गति-** मध्य प्रदेश में नए औद्योगिक निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के कारोबार को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

विधेयक पारित, फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने पर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना

# भवन निर्माण से पहले फायर प्लान की मंजूरी और एनओसी लेना अनिवार्य

## आग लगने की घटना को लेकर अफवाह फैलाने पर 20 हजार रुपये जुर्माना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

विधानसभा के मानसून सत्र में मध्य प्रदेश फायर सेफ्टी एवं इमरजेंसी सर्विस विधेयक पारित कर दिया है। नए कानून के तहत फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने पर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर अग्निशमन ईकाईयां भी इसके प्रावधानों से सशक्त होंगी।अब भवन निर्माण से पहले फायर प्लान की मंजूरी और एनओसी लेना अनिवार्य किया गया है।

अगर अब आप अपना बड़ा सा बंगला और बड़ा आवासीय परिसर बना रहे हैं तो उसके पहले फायर प्लान की मंजूरी और एनओसी स्थानीय अग्निशमन ईकाई से ले लें। इसके अभाव में आप जुर्माने के भागीदार बन सकते हैं। कहीं आग लगने के मामले की अफवाह उड़ाई तो पकड़ाने पर 20 हजार रूपए जुर्माना देना होगा।

### ये होगा प्रदेश स्तर पर

कानून से आगजनी की घटनाओं की रोकथाम और आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य अधिक प्रभावी हो सकेंगे। विधेयक के अनुसार प्रदेश में एकीकृत मध्य प्रदेश फायर सेफ्टी एवं इमरजेंसी सर्विस का गठन किया जाएगा। इसके संचालन के लिए अलग से फायर सेफ्टी निदेशालय बनाया जाएगा। राज्य सरकार जरूरत के अनुसार या स्थानीय निकायों की सिफारिश पर आधुनिक फायर स्टेशन और फील्ड यूनिट स्थापित कर सकेगी। सरकार निजी विशेषज्ञ एजेंसियों को भी लाइसेंस देगी। ये एजेंसियां फायर प्लान तैयार करेंगी, सुरक्षा ऑडिट करेंगी और थर्ड पार्टी प्रमाणन का काम करेंगी।

### यह होगा स्थानीय स्तर पर

आपात स्थिति में फायर सेफ्टी दल किसी भी सरकारी या निजी जल स्त्रोत से बिना शुल्क पानी लेने का अधिकार होगा, ताकि राहत और बचाव कार्य में देरी न हो। अब किसी भी भवन के निर्माण से पहले फायर प्लान की मंजूरी और फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेना अनिवार्य होगा। बिना फायर एनओसी के किसी भवन को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (भवन उपयोग की अनुमति) नहीं मिलेगी। एक ही परिसर या क्षेत्र में स्थित कई व्यावसायिक भवनों के लिए साझा फायर सेफ्टी व्यवस्था की भी अनुमति होगी, जिससे निर्माण लागत कम होगी। जांच में फायर सेफ्टी मापदंडों का पालन नहीं होना सामने आने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी भी अब तय होगी। भवन के मालिक को भी जवाबदेह माना जाएगा। हर वर्ष फायर ऑडिट कराना होगा। पोर्टल के माध्यम से एनओसी व अन्य कार्यों के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाएगी।

### दंडात्मक प्रावधान

आग लगने की घटना को लेकर अफवाह फैलाने पर 20 हजार रुपये जुमार्ना। फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी करने पर 50 हजार रुपये तक जुमार्ना। नियमों का उल्लंघन जारी रखने पर 5 हजार रुपये प्रतिदिन का जुमार्ना। बिना फायर एनओसी और स्वीकृत फायर प्लान के भवन संचालित करने पर 5 लाख रुपये तक जुमार्ना। प्रशासन द्वारा सील किए गए भवन की सील तोड़ने पर 5 लाख रुपये जुमार्ना।




### लापरवाह कर्मचारी भी नहीं बचेंगे

ड्यूटी में लापरवाही वाले फायर सेफ्टी कर्मियों पर तीन माह तक की जेल या तीन माह के वेतन की कटौती का प्रावधान।

# जाम की चमक पर मत जाना जनाब...

## बोतल की जुबां पढ़ना, कहीं शराब नहीं सिर्फ 'फ्लेवर' तो नहीं!

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

अब शराब खरीदते वक्त सिर्फ जेब नहीं, नजर भी खुली रखनी होगी। अब तक लोग बोतल का ब्रांड देखते थे, कीमत देखते थे और जाम छलकाने निकल पड़ते थे... लेकिन अब वक्त बदल गया है। बोतल का सबसे छोटा हिस्सा- इंग्रीडिएंट लिस्ट-ही सबसे बड़ा राज खोल रही है। हाल ही में एफएसएसएआई की जांच में कई नामी ब्रांडों के सैंपल फेल होने के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। जांच में सामने आया कि कुछ बोतलों में असली रम या व्हिस्की की जगह रम फ्लेवर और व्हिस्की फ्लेवर का इस्तेमाल किया गया था। यानी नाम शराब का... लेकिन खेल फ्लेवर का!

### हर फ्लेवर वाली शराब गलत नहीं होती

अब समझदार वही है जो जाम से पहले लेबल पढ़े। अगर सामग्री में "Added Nature Identical Flavouring Substances", "Artificial Flavour", "Rum Flavour" या Whisky Flavour" जैसे शब्द लिखे हों, तो सावधान हो जाइए। यदि उत्पाद खुद को रम या व्हिस्की बता रहा है, लेकिन सामग्री में सिर्फ उसका फ्लेवर लिखा है, तो यह गंभीर सवाल खड़ा करता है। हालांकि हर फ्लेवर वाली शराब गलत नहीं होती। लेमन, कॉफी, ऑरेंज, ग्रीन एप्पल या मैंगो फ्लेवर वाली कई वैध शराबें भी बाजार में मिलती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि उन्हें उसी रूप में बेचा जाना चाहिए, न कि असली रम या व्हिस्की बताकर।



### अब शराब खरीदते समय इन 6 बातों पर जरूर नजर डालिए

- एमआरपी और एमएसपी
- बैच और पैकिंग की जानकारी
- निमार्ता और बॉटलिंग प्लांट का नाम
- अल्कोहल प्रतिशत (ABV)
- एफएसएसएआई लाइसेंस विवरण
- और सबसे जरूरी... इंग्रीडिएंट लिस्ट
- याद रखिए... बोतल की चमक धोखा दे सकती है, लेकिन लेबल कभी झूठ नहीं बोलता। अब सिर्फ ब्रांड देखकर नहीं, सामग्री पढ़कर ही जाम चुनिए।

## कोर्ट-कचहरी में घिरी इंदौर नगर निगम परिषद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगर निगम परिषद का कार्यकाल अब अपने अंतिम वर्ष में है, लेकिन यह परिषद विकास कार्यों के साथ कानूनी विवादों के कारण चर्चा में रही है। पिछले चार वर्षों में जिस तरह एक के बाद एक पार्षद न्यायालय की चौखट तक पहुंचे, उससे यह परिषद अपने आप में अलग पहचान बना चुकी है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इंदौर नगर निगम के इतिहास में शायद पहली बार आधा दर्जन पार्षद अलग-अलग मामलों में अदालतों के चक्कर लगाते दिखाई दिए हैं। सबसे पहले निशा रूपेश देवलिया की पार्षदी पर संकट आया। उनकी सदस्यता समाप्त होने के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा और वहां से उन्हें राहत मिली। इसके बाद उनकी पार्षदी बहाल हुई। इस पूरे घटनाक्रम ने नगर निगम की राजनीति में बड़ा संदेश दिया कि कानूनी लड़ाई जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक भविष्य भी तय कर सकती है। इसके बाद अनवर कादरी की पार्षदी समाप्त होने का मामला सामने आया। यह फैसला भी नगर निगम और राजनीतिक हलकों में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा।

एफआईआर के बाद भी खुलेआम घूम रहे आरोपी!

# दिव्यांग दंपती पहुंचे कलेक्टर के पास...

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले की खाचरौद तहसील के बेहलोला गांव से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 18 जुलाई को एक दिव्यांग दंपती के साथ मारपीट हुई। मामले में एफआईआर भी दर्ज हुई, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पीड़ित दंपती अब न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। पीड़िता अंतरबाई और उनके पति जगदीश का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों और रिश्तेदारों द्वारा उन्हें लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा है। उनका कहना है कि 18 जुलाई को आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। घटना की शिकायत खाचरौद थाने में की गई, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। हालांकि, पीड़ितों का आरोप है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। इसके उलट आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं।

### जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद

पीड़ित दंपती का आरोप है कि पांच बीघा पैतृक जमीन के बंटवारे में मिले उनके हिस्से पर खेती करने से उनके देवर और अन्य रिश्तेदार रोक रहे हैं। इसी विवाद और रंजिश के चलते उनके साथ मारपीट की गई। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग दंपती के साथ मारपीट और विवाद करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद भी पुलिस की सुस्ती लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

### कलेक्टर कार्यालय पहुंचे पीड़ित

न्याय नहीं मिलने से परेशान पति-पत्नी मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान उज्जैन कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। पीड़ितों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। होंने अपनी जान को खतरा भी बताया है।



**पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल**

एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना और पीड़ितों को लगातार धमकियां मिलने के आरोपों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित दंपति को न्याय मिल पाता है या नहीं।

### होटल मैनेजमेंट में करियर बनाने का सुनहरा अवसर

**इंदौर।** पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित एवं राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, नोएडा से संबद्ध राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम), इंदौर द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रवेश अभियान प्रारंभ किया गया है। एम.पी.एस.टी.डी.सी. छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## चातुर्मास में जैन संत के आहार विहार और निहार की व्यवस्था के लिए बैठक संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सकल दिगंबर जैन धर्म प्रभावना समिति इंदौर के तत्वावधान में श्रमण संस्कृति के महाश्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के दलाल बाग छत्रपतिनगर में होने जा रहे ऐतिहासिक एवं भव्य चातुर्मास के दौरान उनके आवास,आहार और निहार की संपूर्ण व्यवस्था धर्म प्रभावना समिति के निर्णय एवं पूज्य मुनि श्री सुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से दिगंबर जैन समाज छत्रपति नगर करेगी।

धर्म समाज प्रचारक एवं मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस संबंध में व्यवस्था की रूपरेखा पर विचार विमर्श करने हेतु बुधवार को रात्रि में दिगंबर जैन तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर के ऋषभ सभागृह में छत्रपति नगर समाज

जिनालय ट्रस्ट एवं सभी महिला संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक सामूहिक बैठक जिनालय परिसर के ऋषभ सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें चातुर्मास के दौरान मुनि संघ की व्यवस्थित चर्या कराने के लिए विचार विमर्श कर विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जवाबदारी सोपीं गई।

## सुपोषण संकल्प अभियान के तहत न्यूट्रिशन किट वितरित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए ₹सुपोषण संकल्प अभियान₹ संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए 1000 न्यूट्रिशन किट का वितरण किया। यह पहल महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सहायता संस्था के सहयोग से की गई। न्यूट्रिशन किट बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए राजगीरा के लड्डू, खोपरे का गोला, सत्तू का आटा, एक किलोग्राम खजूर, तिलपट्टी तथा अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल की गई है। प्रत्येक न्यूट्रिशन किट का मूल्य लगभग 500 रुपये है। यह किट केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित पोषण मानकों के अनुरूप तैयार की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के 6 माह से 6 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ श्रेणी में लाना है, ताकि भविष्य में जिले के बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो।

रेलवे 2 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रहा है, सिर्फ प्लेटफार्म पर ही 1 करोड़ से ज्यादा खर्च होंगे

# पंवासा में स्टेशन बनाकर मुख्य स्टेशन पर भीड़ को किया जाएगा कम

## 600 मीटर लंबा प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर और बैठने की सुविधा तैयार की जा रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 में उज्जैन प्रशासन और पुलिस के साथ ही रेलवे के लिए सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को कंट्रोल करना होगी। रेलवे ने मुख्य स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भीड़ को कम करने के लिए पंवासा में नए रेलवे स्टेशन पर काम जारी है। इसमें प्लेटफार्म निर्माण के साथ उसमें अन्य सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा।

सिंहस्थ के दौरान कई ट्रेनों को यहीं रोक दिया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु मक्सी रोड से उज्जैन शहर में पहुंच सकेंगे। अनुमान है कि उज्जैन सिंहस्थ में शामिल होने देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। पंवासा स्टेशन से आगर, गरोठ, इंदौर, देवास और मक्सी रोड पर श्रद्धालुओं को कनेक्टिविटी मिलेगी। यहां से बसों के साथ अन्य वाहनों की सुविधा भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध हो सकेगी। पंवासा का स्टेशन 600 मीटर का बनाया जा रहा है। इसके साथ ही फुट ओवर ब्रिज, यात्रियों को बैठने के लिए जगह और टिकट काउंटर भी तैयार किया जाएगा।



### आस-पास के स्टेशनों में भी होगा बदलाव

पंवासा में नया स्टेशन बनाने के साथ उज्जैन के आस-पास अन्य स्टेशनों को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इसमें चिंतामन, नईखेड़ी, मोहनपुरा, विक्रमनगर और पिंगलेश्वर स्टेशन शामिल हैं। पंवासा के साथ इन स्टेशनों पर भी ट्रेनों को रोककर यात्रियों की भीड़ को कंट्रोल किया जाएगा।

### 2 करोड़ रुपये से ज्यादा में हो रहा स्टेशन पर काम

पंवासा में बनाए जा रहे नए स्टेशन के लिए 2 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। जानकारी के मुताबिक सिर्फ प्लेटफार्म बनाने में ही 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्चा आएगा। इस तरह से भोपाल की ओर से आने-जाने वाली ट्रेनों के लिए यहां स्टापेज रहेगा।

### समान नागरिक संहिता को व्यापक जनसमर्थन

**इंदौर।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर समाज के विभिन्न धर्म और वर्गों में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर आगमन पर विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों तथा अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया तथा इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और समान न्याय उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामाजिक समरसता, समानता और न्याय को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

न्यूज कालम



## भक्ति और विनय के साथ 52 जिनालयों में अर्पित किए गए 52 अर्ध्य

**सनावद।** धर्म नगरी सनावद में अष्टानिका पर्व के द्वितीय दिवस आषाढ़ सुदी नवमी के अवसर पर श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान बड़े ही भक्ति भाव से रचाया गया। सन्मति जैन काका ने बताया कि प्रातःकाल की बेला में श्रीजी का पंचामृत अभिषेक पूजन किया गया। दोपहर में कुसुम कुमार - हेमंत कुमार सन्मति जैन काका परिवार एवं सुधीर कुमार - प्रशांत कुमार - पुलकित जैन "चौधरी" परिवार, सनावद पुण्यार्जक परिवारों द्वारा विधान का आयोजन किया गया। विधान में 52 जिनालयों में 52 अर्ध्य अत्यंत विनयपूर्वक समर्पित किए गए। आर्यिका ज्ञान मति माता जी द्वारा रचित विधान की महिमा बताते हुए पंडित रिंकेश जैन,प्रशांत चौधरी ने कहा कि नंदीश्वर द्वीप में 52 जिनालय/चैत्यालय हैं, जिनमें से प्रत्येक में 108 रत्नमय प्रतिमाएँ विराजमान हैं। इस विधान को करने से भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है और जीवन में शांति व समृद्धि प्राप्त होती है। मान्यता है कि नंदीश्वर दीप में देवता भी पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं। जो भक्त शुद्ध भावों से यह विधान करते हैं, वे देवगति को प्राप्त करते हैं।

## थाना मांधाता पुलिस ने किया 13 साल पुराने इनामी अपराधी को गिरफ्तार

**ओंकारेश्वर।** माननीय जेएमएफसी न्यायालय मांधाता के लड़ाई झगड़े के वर्ष 2013 के प्रकरण में आरोपी मांगू उर्फ राज पिता भारत भील उम्र 32 निवासी गलगांव थाना सनावद जिला खरगोन का दिनांक 16.12.2021 को स्थाई वारंट जारी हुआ जिसे पकड़ने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खंडवा द्वारा एक हजार रुपये राशि का ईनाम उद्घोषित किया था , थाना प्रभारी मांधाता के निर्देशन में दिनांक 22 जुलाई को टीम गठित की गई आरोपी मांगू उर्फ राज को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मांधाता पेश किया गया बाद जेल वारंट प्राप्त कर जिला जेल खंडवा भेज दिया गया सराहनीय भूमिका - टीआई अनोख सिंधिया ,,एएसआई मनोज सिटोले , प्रधान आरक्षक नरेंद्र चंदेल, आरक्षक सुरेश खरते ,अर्जुन गुर्जर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## तीन स्थाई ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**ओंकारेश्वर।** श्रीमान माननीय जेएमएफसी न्यायालय मांधाता के लड़ाई झगड़े के वर्ष 2015 के प्रकरण में आरोपी मुकेश निवासी कोठी ,दिनेश भील निवासी इनपुन, पूजाबाई निवासी कोठी तीनों का वर्ष 2025 में स्थाई वारंट जारी हुआ जिन्हें पकड़ने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खंडवा द्वारा प्रत्येक वारंटी पर तीन-तीन हजार रुपये राशि का ईनाम उद्घोषित किया, थाना प्रभारी मांधाता के निर्देशन में दिनांक 22 जुलाई को टीम गठित की गई टीम ने लगातार प्रयत्न कर आरोपियों को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मांधाता पेश किया बाद जेल वारंट प्राप्त कर तीनों आरोपियों को जिला जेल खंडवा दाखिल किया गया सराहनीय भूमिका - टीआई अनोख सिंधिया , स्ढ चेतना चौहान , आरक्षक रवि चौहान, आरक्षक जितेंद्र करोले , आरक्षक अमित कुशवाहा आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## एक पखवाड़े में नगरपालिका परिसर से दिन दहाडे दूसरी बार बाईक चोरी



**खरगोन।** नगर पालिका परिसर के पार्किंग स्थल से एक पखवाड़े में दूसरी बार बाईक चोरी का मामला सामने आया है। यहां पार्किंग में खड़ी बाईक को दिनदहाड़े चुराने की वारदात नगर पालिका के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। मिली जानकारी अनुसार न्यायालय में पदस्थ भृत्य शैलेन्द्र मंडलोई की बाईक नगरपालिका परिसर से अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। मंडलोई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की है। पुलिस ने नगर पालिका परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी खंगाले है, जिसमें चोर नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि 15 दिन पहले भी इसी परिसर से बाईक चोरी की घटना हो चुकी है। शासकीय परिसर एवं सीसीटीवी कैमरे से लेस स्थान से बाईक की लगातार हो रही चोरी परिसर की सुरक्षा को लेकर भी चिंता का सबब बनी हुई है। नगर पालिका स्टॉफ सहित यहां आने वाले शहरवासियों को भी अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी है।

## समरसता संगठन ने जंतर-मंतर पर छात्रों की सुरक्षा की मांग उठाई

**सनावद।** नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं से आहत होकर जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सनावद में अखिल भारतीय सर्व समाज समरसता संगठन ने आवाज बुलंद की है। संगठन के *प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैसवार* के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सदस्यों ने आज तहसीलदार महोदय के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की है कि नीट परीक्षा घोटाले के कारण जिन छात्रों की मृत्यु हुई है, उनके पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से 1-1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि तुरंत दी जाए। साथ ही परिवार के एक सदस्य को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। ज्ञापन में संगठन ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों की सुरक्षा की भी मांग की। संगठन ने कहा कि छात्रों पर किसी भी प्रकार का बल प्रयोग या लाठीचार्ज न किया जाए और प्रदर्शन स्थल पर पीने का पानी, टेंट और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## संजीवनी हास्पिटल में 25 को शिविर लगेगा

**बड़वानी।** राजघाट रोड स्थित संजीवनी हास्पिटल में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 जुलाई को किया जावेगा।

# सांसद पटेल के प्रयासों से खरगोन-बड़वानी के पेंशनर्स संगठनों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

### मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के लाखों पेंशनर्स को बड़ी राहत



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन बड़वानी

खरगोन बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल के सतत प्रयासों से मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के वर्ष 2000 से पूर्व नियुक्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को महंगाई राहत के भुगतान से जुड़ी वर्षों पुरानी जटिल प्रक्रिया समाप्त होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49(6) के तहत लागू पारस्परिक सहमति की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है, जिससे अब पेंशनर्स को महंगाई राहत का भुगतान समय पर प्राप्त हो सकेगा।

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पूर्व नियुक्त कर्मचारियों के पेंशन एवं महंगाई राहत का व्यय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा क्रमशः 76 प्रतिशत एवं 24प्रतिशत के अनुपात में वहन किया जाता था। इस व्यवस्था के अंतर्गत महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ तभी मिल पाता था, जब दोनों राज्यों की पारस्परिक सहमति प्राप्त हो जाती थी। परिणामस्वरूप प्रत्येक बार महंगाई राहत के भुगतान में अनावश्यक विलंब होता था और हजारों पेंशनर्स को लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी।

इस समस्या को लेकर खरगोन एवं बड़वानी जिले के विभिन्न कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों ने समय-समय पर सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल को ज्ञापन सौंपकर इस व्यवस्था को समाप्त कराने का अनुरोध किया। सांसद श्री पटेल ने इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा उनकी मांग को न्यायोचित मानते हुए इसे शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का निर्णय लिया। जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर सांसद श्री पटेल ने कर्मचारी संगठनों के ज्ञापन एवं मांगों को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तथा मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को प्रेषित करते हुए पेंशनर्स को समय पर महंगाई राहत उपलब्ध कराने हेतु सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने का आग्रह किया। सांसद श्री पटेल ने अपने पत्राचार एवं सतत फॉलोअप के माध्यम से इस विषय को निरंतर शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा।



## लायंस क्लब ने पुलिस के साथ बच्चों को बताए नशे के दुष्परिणाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

पुलिस के नशे से दूरी है जरुरी 2.0 अभियान में लायंस क्लब ने सहभागिता निभाते हुए गुरुवार को शहर के जैतापुर स्थित विनय बाल मंदिर स्कूल में जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां क्लब अध्यक्ष उज्जवल अत्रे, सचिव क्षमा मिश्रा सहित अन्य पदाधि कारियों ने पुलिस की मौजूदगी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करने के साथ ही उन्हें खुद या अपने परिवार में किसी को भी नशा न करने का संकल्प दिलाया। जैतापुर थाना एएसआई रेखा बलराज ने विद्यार्थियों से अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहींए बल्कि उसके परिवार की खुश हाली, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करती है। संचालिका श्रीमती कविता अत्रे ने कहा नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा, एवं भविष्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे।



## अर्वाचीन इंडिया स्कूल में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अवार्चीन इंडिया स्कूल में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता* का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मेजबान अवार्चीन इंडिया स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अधिकांश वर्गों में अपना दबदबा बनाया और बड़ी संख्या में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

जिला खेल अधिकारी गोपाल चौधरी के मार्गदर्शन में बालक और बालिका वर्ग की सीनियर, जूनियर एवं मिनी स्पधाएं आयोजित हुईं। खिलाड़ियों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का मनोरंजन किया और जिले में टेबल टेनिस के बढ़ते स्तर को दर्शाया। उपरोक्त सभी खिलाड़ी अवार्चीन इंडिया स्कूल के हैं और अब इंदौर में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बुरहानपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।मेजबान विद्यालय की ओर से अकादमिक प्रमुख दीप्ति पोदियान, एचआर मैनेजर पायल टंडन, खेल शिक्षक मयूर धाबे और मुकेश लिखितकर सहित विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिसकी खिलाड़ियों और खेल अधिकारियों ने सराहना की।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आधुनिक खेल सुविधाओं, नियमित प्रशिक्षण और अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण खिलाड़ी जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पा रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय निरंतर प्रयासरत है।

## विद्यार्थियों को किया नशे के संबंध में जागरूक

**बड़वानी।** नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री सन्तरा निनामा के नेतृत्व में 20 से 23 जुलाई तक विकास खण्ड पाटी में शा. उत्कृष्ट माध्यमिक वि. अंजराड़ा, शा. प्रा.वि. पटेल फाल्या ओसाड़ा, व हाई स्कूल ओसाड़ा, स्वामी विवेकानंद शिक्षा निकेतन मा. वि. पाटी, संदीपनी मा. वि. बूदी, में श्री राजेन्द्र बघेल खेल प्रशिक्षक, श्री पंडितराज मौरे ग्रा.यु. समन्वयक, एवं श्रीमती ललीता रोकडे के द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत कर्मचारियों द्वारा स्कूलों में जाकर बालक / बालिकाओं को नशे के बारे मे बताया गया एवं शपथ दिलाई।

## प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 25 जुलाई

**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया कि जिले की शासकीय आईटी आई बडवानी, पाटी, निवाली, राजपुर एवं पानसेमल में सत्र 2026-27 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई तय है।



## स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं समीक्षा के दौरान अपनाई जा रही कठोर दंडात्मक कार्रवाई के संबंध में न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

वर्तमान में विधानसभा का सत्र भोपाल में चलने तथा विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे के ग्रामीण क्षेत्र के दौरे में व्यस्त होने के कारण संघ के प्रतिनिधियों ने उनकी अनुपस्थिति में रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतनाम सिंह होरा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने आग्रह किया कि ज्ञापन विधायक तक पहुंचाकर शासन एवं प्रशासन स्तर पर स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाए।

ज्ञापन में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों को कार्य के दौरान कई बार पोर्टल से संबंधित तकनीकी समस्याओं एवं अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन कारणों से कई बार निर्धारित समय पर कार्य की अर्शॅनलाइन प्रविष्टि दर्ज नहीं हो पाती।

इसके चलते कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन, वेतनवृद्धि रोकने सहित अन्य कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। संघ ने कहा कि ऐसी कार्रवाई से कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होता है तथा उनके परिवारों को भी मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## राजसात गेहूं की नीलामी होगी 29 जुलाई को

**बड़वानी।** कृषि उपज मण्डी अंजड़ द्वारा मण्डी शुल्क कर अपवचन एवं फर्जी अनुज्ञा से अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 304 क्विंटल गेहूं को जप्त मण्डी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधान के अंतर्गत मण्डी समिति अंजड़ के पक्ष में राजसात किया गया है। राजसात की गई उपज गेहूं की नीलामी 29 जुलाई को दोपहर 1 बजे उपमण्डी ओझर के प्रागंण में की जावेगी। बोली में मध्यप्रदेश राज्य के मण्डी अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी सम्मिलित हो सकते है। कृषि उपज मण्डी समिति अंजड़ के सचिव से प्राप्त जानकारी अनुसार नीलामी प्रारंभ होने के पूर्व धरोहर राशि 50 हजार का बैंक ड्राफ्ट सचिव कृषि उपज मण्डी समिति अंजड़ के नाम से देय जमा कराना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाली अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को लिखित आवेदन पत्र के साथ अपना जीवित लायसेंस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की छायाप्रति जमा कराना अनिवार्य होगा।

## हाईवे पर सुरक्षा के लिए अनुपूरक बजट में ढाई करोड़ की मिली स्वीकृति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय द्वारा लेबड़-नयागांव फोरलेन हाईवे सड़क मार्ग पर ब्लेक स्पॉट पर सुरक्षात्मक कदम उठाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे है। विधानसभा में प्रस्तुत अनुपूरक बजट में विधानसभा क्षेत्र में ढाई करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है।इसके पूर्व मुख्य बजट में १० करोड़ रु की स्वीकृति मिली थी।

उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय द्वारा इस राजमार्ग में हो रही दुर्घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए लम्बे समय से ब्लेक स्पॉट पर नियंत्रण करने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए निरन्तर मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री से आग्रह कर रहे है।डॉ पांडेय के आग्रह को स्वीकार करते हुए बीते माह के बजट में ग्राम माननखेड़ा में ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए लगभग 10 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई थी।

गत दिवस विधानसभा में प्रस्तुत हुए अनुपूरक बजट में ढाई करोड़ रु की स्वीकृति दी गई।जिसमें भीमा खेड़ी फाटक चौराहे एवं अरनिया फंटे पर दीर्घकालिक सुधार के कार्य किये जायेंगे।जिसमे सड़क चौड़ी करण, दुर्घटना पाईंट को सुधार एव विद्युतीकरण कार्य किये जायेंगे। अनुपूरक बजट में विधानसभा क्षेत्र के लिए राशि स्वीकृत होने पर विधायक डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ यादव,लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध खनन रोकने गए पटवारी पर खनन माफियाओं का जानलेवा हमला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



बरखेड़ा कला थाना क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ में अवैध खनन रोकने पहुंचे पटवारी अजय चौहान पर खनन माफियाओं द्वारा किए गए जानलेवा हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हमले में पटवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ में फ्रैक्चर होने के साथ शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रतलाम रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार पटवारी अजय चौहान राजस्व विभाग की टीम के साथ ग्राम देवगढ़ स्थित पुलिया के पास चल रहे अवैध खनन को रोकने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद खनन माफियाओं ने उन पर हमला कर दिया। हमले में पटवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बरखेड़ा कला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पटवारी को तत्काल शासकीय चिकित्सालय आलोट पहुंचाया। आलोट अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान पटवारी के हाथ में फ्रैक्चर तथा शरीर में अंदरूनी चोटें पाई।

## चेक बाउंस के मामले में हुई सख्त कार्यवाही

**खण्डवा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सुयश परनाम ने परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत एक चेक बाउंस प्रकरण में आरोपी को दोषी ठहराते हुए 3 माह के सश्रम कारावास तथा 98, 791 रूपए प्रतिकर अदा करने का आदेश दिया है। प्रकरण में आरोपी द्वारा 79 हजार रूपए का चेक जारी किया गया था, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर इन्सफिशियंट फंड्स के कारण अनादृत हो गया। विधिक नोटिस मिलने के बाद भी निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते मामला न्यायालय पहुंचा।

## डॉ. मित्तल ने महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली

**खण्डवा** ।राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा महिलाओं एवं दिव्यांगों के लिए नियुक्त स्पेशल मॉनिटर डॉ. पूर्वा मित्तल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता से भेंट की। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला पुलिस थाना और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर दिव्यांगों एवं महिलाओं के लिए उनके विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान डॉ. पूर्वा मित्तल ने पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा वन स्टॉप सखी सेंटर में पीड़ित महिलाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक ने बताया कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण उपलब्ध करावे।

## जिले में ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति को प्रोत्साहित करें

**खण्डवा** । प्रेशराईज्ड इरिगेशन में ड्रिप सिंचाई पद्धति, स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने उपस्थित कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परंपरागत खेती के स्थान पर उद्यानिकी फसलों को लगाने के लिए किसानों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों में किसान को गेहूं व सोयाबीन जैसी परम्परागत खेती की तुलना में अधिक लाभ होता है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा के अलावा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।कलेक्टर श्री गुप्ता ने कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि किसानों को प्रेशराईज्ड इरिगेशन में ड्रिप, स्प्रिंकलर के लिए लोन दिलाने में मदद करें।

## राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बड़वानी** । राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बड़वानी में प्राचार्य श्रीमती शीला चौहान के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साइबर सेल एक्सपर्ट श्री रितेश खत्री ने डी.एल.एड. के छात्र-छात्राओं को साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखा धड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों से इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देने का आग्रह किया।कार्यक्रम का संचालन मनीष जोशी द्वारा प्रभावी एवं आकर्षक ढंग से किया गया। अंत में श्रीमती अश्विनी गवले ने उपस्थित अतिथियों, विद्यार्थियों एवं सभी सह भागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डी. एल. एड. के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाये।

## भानपुरा के होम स्टे पहुंचे संभागायुक्त सिंह, पर्यटन सुविधाओं का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने बुधवार को आगर जिले के पर्यटन ग्राम भानपुरा पहुंचकर यहां संचालित होम स्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने होम स्टे संचालकों से चर्चा कर पर्यटकों के लिए उपलब्ध आवासीय, भोजन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने होम स्टे की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, स्थानीय संस्कृति के अनुरूप साज-सज्जा तथा पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी बारीकी से अवलोकन किया।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि पर्यटन ग्राम भानपुरा की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन महत्व को देखते हुए इसे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि होम स्टे की अवधारणा से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। संभागायुक?त श्री सिंह ने होम स्टे संचालकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी, कलेक्टर सुश्री प्रीति यादव, पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप कुमार सोनी, जिला पंचायत सीईओ श्री बी.एस. सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आगर जिले के भ्रमण के दौरान संभागायुक्त श्री आशीष सिंह व उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी का कलेक्टर प्रीति यादव तथा एसपी श्री दिलीप कुमार सोनी ने पौधे भेंट कर स्वागत किया। संभागायुक्त एवं उपस्थित सभी अधिकारियों ने पद्मावत होम स्टे में पूर्णतः ग्रामीण परिवेश में पत्तल-दोने में परोसे गए

## डीपीओ और सीएमएचओ स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करें

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति और जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले के समस्त सीडीपीओ और बीएमओ उनकी अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने डीपीओ और सीएमएचओ को निर्देश दिए की प्रतिदिन प्रातःकाल विभिन्न आंगनवाडी केंद्र व स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं तथा वहां का औचक निरीक्षण करें और वहां जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण, टीबी उन्मूलन, आयुष्मान भारत, दस्तक अभियान एवं विभागीय निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

## न्यूज -कॉलम

### 11 साल बाद हिरासत में आया फरार स्थायी वारंटी

**उज्जैन।** 11 साल पहले नरवर थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने रमेश पिता खेमाजी निवासी गलचा बस्ती, हामूखेडी को गिरफ्तार किया था। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद वह प्रकरण की सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं होकर फरार हो गया था। उसके खिलाफ न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। लेकिन वह हर बार चकमा देकर भाग निकलता था। 11 साल बाद थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने उसकी गिरफ्तारी की योजना बनाई और टीम को अलर्ट किया। बुधवार रात पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर हामूखेडी से हिरासत में ले लिया। जिसे गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### गौंड बस्ती में मल्टी की तीसरी मंजिल से गिरा युवक

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र की गौंड बस्ती स्थित मल्टी में विकास पिता दिनेश 20 साल तीसरी मंजिल पर रहता है। गुरूवार को उसके घर की लाइट बंद हो गई थी। शाम को लौटने पर उसने लाइट चालू करने का प्रयास किया और अपने घर की गैलेरी में ऊंचाई पर चढ़कर तार जोडने लगा, उसी दौरान संतुलन बिगडने से तीसरी मंजिल की गैलरी से जमीन पर आ गिरा। उसे सिर, चेहरे और शरीर में अंदरूनी चोंट लगी, वह उठ नहीं पाया। मां उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंची, डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू किया है। विकास बोल नहीं पा रहा था। मां का कहना था कि उसे गैलरी में चढने से रोका था लेकिन वह नहीं माना। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा युवक के ऊंचाई से गिरने की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी है।

### बालिका से दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम में रहने वाली बालिका 11 जुलाई को लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। 2 दिन बाद तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बालिका को ग्राम पंडकपाडा बदनावर से दस्तयाब कर लिया। बालिका को भगाकर ले जाने वाला आरोपी पुलिस को देख भाग निकला था। बालिका के मिलने पर उसके बयान दर्ज किये गये। बालिका ने बताया कि उसे हीरालाल अपने साथ ले गया था और गलत काम किया है। पुलिस ने अपहरण के मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया और आरोपी की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि 22 जुलाई की रात सूचना मिलने पर पंडकपाला भैरूपाडा बदनावर में दबिश देकर फरार आरोपी हीरालाल पिता अशोक निनामा को गिरफ्तार किया गया। जिसे गुरूवार दोपहर बडनगर कोर्ट में पेश किया गया।

### देवासगेट पर फिर दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**उज्जैन।** फोरलेन होने के बाद देवासरोड पर वाहनों की रफ्तार काफी बड गई है। जिसके चलते आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। बुधवार-गुरूवार रात फिर हुई दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटनास्थल कडछा फंटा रहा। मृतक बाइक सवार की पहचान किशन पिता रमेशचंद्र कुमावत 36 साल निवासी ग्राम माधोपुरा के रूप में हुई। गुरूवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि किशन गांव में किराना और टायर की दुकान चलाता था। वह सामान लेकर रात में घर लौट रहा था। चौकी पुलिस के अनुसार टक्कर मारने वाला वाहन अज्ञात होना सामने आया है। जांच के लिये मर्ग डायरी नरवर थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। रात में हुई दुर्घटना से पहले देवासरोड पर बुधवार सुबह नागझिरी थाना क्षेत्र की अभिलाषा कालोनी के आगे स्कोडा शोरूम के सामने बाइक सवार नारायणदास पिता ओमप्रकाश टेकनानी 64 साल निवासी प्रेम एवेन्यू चिमनगंज को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। नारायणदास की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई थी। इससे पहले भी देवासरोड पर नरवर और नागझिरी थाना सीमा में कई दुर्घटना होना सामने आ चुका है।

### बदमाश बोला गांव में रहना है तो देना होगें 5 लाख

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम लेकोडा आंजना में रहने वाले राजू उर्फ राजेश पिता मांगूनाथ कालबेलिया 35 साल के घर देर शाम गांव में रहने वाला जितेन्द्र नाथ आया और बोला कि गांव के मकान में रहना है तो 5 लाख रूपये देना होगें। राजूनाथ के मना करने पर आरोपी जितेन्द्र ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। राजू ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने रंगदारी का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 578-0 | 226-0 |
| मेन बाजार | 137-1 | 139-3 |
| कल्याण नाइट | 247-3 | 448-6 |
| मिलन डे | 279-8 | 279-8 |
| मिलन नाइट | 499-2 | 113-5 |
| मधुर डे | 557-7 | 169-6 |
| मधुर नाइट | 369-8 | 577-9 |
| शुभांक | 3 7 | 6 |

## इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा तो पुलिस को मिली खबर...

# 15 साल के बालक को ले गई थी 18 साल की युवती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्यार उम्र नहीं देखता... ऐसा ही मामला जयसिंहपुरा से सामने आया है। 15 वर्षीय बालक के प्यार में शादी का सपना संजोय 18 साल की युवती उसे अपने साथ ले गई। पुलिस जांच में दोनों के साथ होने का मैसेज युवती के इंस्टाग्राम पर मिला। जिसके आधार पर उन्हे खोज निकाला गया।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि जयसिंहपुरा में रहने वाला 15 साल का बालक 13 जुलाई को लापता हो गया था। परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई, तभी पता चला की क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की युवती भी लापता है। युवती के परिजन भी थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की तभी युवती के इंस्टाग्राम पर दोनों के साथ होने का मैसेज मिला कि अपनी मर्जी से साथ निकले है, शादी कर ली है। पुलिस ने इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा और दोनों से उज्जैन लौटने की बात कही, वहीं किसी के द्वारा परेशान नहीं करने का हवाला दिया गया। 22 जुलाई को दोनों के लौटते ही पुलिस ने उन्हे अभिरक्षा में लिया और पूछताछ के लिये थाने लेकर आई। जहां उनका कहना था कि मंदिर में शादी रचा ली है। पुलिस ने दस्तावेज और फोटो मांगे तो नहीं दिखाये। बालक के नाबालिग होने और युवती खुशी पिता प्रवेश माली 18 साल निवासी जयसिंहपुरा द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामला दर्ज किया गया।

**जन्मदिन में जाने का बोला था बालक**

बालक के लापता होने पर थाने पहुंचे परिजनों ने बताया था कि पुत्र महाकाल कॉरिडोर के पास दुकान से अपने मित्र के जन्मदिन समारोह में जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद से वापस नहीं लौटा है। सभी रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश कर लिया गया है। कहीं कुछ पता नहीं चल रहा है। वहीं युवती के परिजनों ने बताया कि बिना बताये घर से गई है। संभवत: उसे अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है।

### दोनों आपस में बन गये थे रिश्तेदार

मामले के जांच अधिकारी एएसआई बलराम जाट ने बताया कि बालक और युवती का परिवार कुछ समय पहले आपस में रिश्तेदार बन गये थे। बालक की बहन ने युवती के भाई से प्रेम विवाह कर लिया था। इस दौरान युवती की अपनी भाभी के भाई पहचान हो गई थी। बालक भी युवती की बातों में आ गया था। दोनों लापता होने के बाद गुजरात पहुंचे थे, जहां रेलवे स्टेशन पर दिन व्यतीत कर रहे थे। उसी दौरान इंस्टाग्राम पर मैसेज पोस्ट किया गया था।

### लापता होने पर अपहरण का केस

पुलिस द्वारा लगातार बालक-बालिका, महिला-पुरूष से लेकर बुजुर्गो के लापता होने के मामले सामने आने पर गुमशुदगी के स्थान पर सीधे अपहरण के मामले दर्ज करना शुरू कर दिया। शिकायत मिलते ही अपहरण की धारा में प्रकरण दर्ज कर गंभीरता के साथ जांच की जा रही है और मामलों में किसी के दोषी मिलने पर सख्त एक्शन लिया जा रहा है।

# हनीट्रेप गर्ल्स भोपाल में चलाती है कपड़ों की दुकान

## गैंग के 10 सदस्यों से 2 दिन की रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर हनीट्रेप के जाल में युवक का फंसाने वाली युवती फरार है, वह भोपाल में मां के साथ कपड़ो की दुकान चलाती है। उसकी तलाश में पुलिस ने दबिश मारी थी, लेकिन गुरूवार को भी गिरफ्त में नहीं आ सकी। उसकी गैंग के 10 सदस्यों को पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।



20 जुलाई को नानाखेडा थाने पहुंचे नरवर के हैदर पटेल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम पर चार दिनो पहले सिहोर की रहने वाली अंजली ठाकुर से दोस्ती हुई थी। उसने काम दिलाने की बात कहीं थी, 18 जुलाई को वह उज्जैन आई थी। उसके साथ इंदौररोड तपोभूमि के पास से गुजर रहा था, उसी दौरान कार से आये कुछ लोगों ने उसे हिन्दू युवती के साथ होने का दबाव बनाकर मारपीट की थी और बंधक बना लिया था। उसे अज्ञात स्थान पर रखा गया और युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाकर फिरौती के रूप में 50 लाख मांगे। 26 लाख में बात तय हुई और परिजनों ने 10 लाख दिये। 16 लाख के एवज में उसकी कार, चेन और घडी रख ली है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर बुधवार को मामले से जुडे 10 आरोपियों लोकेश पिता राजेश शर्मा पंवासा, राजपाल पिता जालमसिंह राठौड ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया अवंतिपुरा, यशवंत पिता जगदीश देवडा, आर्यन पिता मुकेश राठौर तिरुपतिधाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया था। अंजली और उसका एक साथी दीपक राजपूत फरार हो गये थे। नानाखेडा थाना पुलिस की टीम अंजली की जानकारी जुटाकर भोपाल पहुंची। जहां सामने आया कि वह मां के साथ कपडो की दुकान चलाती है। उसके पिता नहीं है। पुलिस ने अंजली की गिरफ्तारी के प्रयास किये लेकिन वह भोपाल से लापता होना सामने आई। इधर पुलिस ने गिरफ्त में आये 10 आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया है। आरोपियों से अब तक 5 लाख रूपये और 2 कार बरामद हो चुकी है। नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव के अनुसार मामले की जांच जारी है। जल्द अंजली और फरार साथी दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**लोकेश से उज्जैन में हुई थी पहचान**

बताया जा रहा है कि हनीट्रेप गर्ल्स के उज्जैन में रिश्तेदार रहते है। उसका उज्जैन आना-जाना लगा रहता था। एक शादी समारोह के दौरान उसकी लोकेश शर्मा से पहचान हुई थी। लोकेश ने खुद को हिन्दू दबंग सेना संगठन का मुखिया बताया था। लोकेश ने हनीट्रेप गर्ल्स को शार्ट कट से ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में अपनी गैंग में शामिल कर लिया था। मामला उजागर होने के बाद अंजली ने अपनी इंस्टाग्रमा आईडी को बंद कर दिया है। उसमें अपलोट फोटो-वीडियो भी डिलिट कर दिये है।

# इंजीनियर को फेसबुक पर युवती से भारी पड़ी दोस्ती

## एयरपोर्ट पर फंसने का झांसा देकर ठगे 48 हजार

**उज्जैन।** ऑनलाइन फ्रॉड के जाल में इंजीनियर फंस गया। फेसबुक पर युवती से हुई दोस्ती के चक्कर में 48 हजार से अधिक का ट्रांजेक्शन कर दिया। ठगी का आभास होने पर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शिक्षक कालोनी विधानगर में रहने वाले इंजीनियर विवेकानंद पिता भास्कर मिश्रा 32 साल के साथ हुई ऑनलाइन 48 हजार 500 की धोखाधडी के मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। इंजीनियर ने शिकायत में बताया कि उसकी कुछ समय पहले फेसबुक पर लंदन के बर्निंघम में रहने वाली युवती से पहचान हुई थी। बातचीत का क्रम वाट्सएप वीडियो कॉल तक आ गया। युवती ने भारत आने की इच्छा जताई।

8 जुलाई को उसने मुम्बई एयरपोर्ट पहुंचने की बात कहीं और बताया कि उसे रोक लिया गया है, दस्तावेज कम होने पर पेलन्टी मांगी जा रही है। मुझे रूपयों की जरूरत है। उसकी बातों में आकर 48 हजार 500 का ट्रांजेक्शन किया। कुछ देर बाद फिर से रूपयों की मांग की गई, उसके पास ऑनलाइन केश नहीं था, वह डराने-धमकाने लगी। जिसके चलते ठगी का आभास हुआ। थाना प्रभारी के अनुसार मामला जांच में लिया गया है, साइबर ठगी करने वालों ने संभवत: पहचान छुपाकर इंजीनियर को अपने जाल में फंसाया था।

### नागपुर-राजस्थान के युवक लेकर आये थे मादक पदार्थ

**उज्जैन।** मादक पदार्थ के साथ आये 2 युवकों की खबर मिलने पर इंदौर नारकोटिक्स की टीम उज्जैन पहुंची और नानाखेडा बस स्टेंड पर दबिश देकर दोनों को हिरासत में लिया। उनके पास से काफी मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद होना सामने आया है। बताया जा रहा है कि इंदौर नारकोटिक्स टीम को इनपुट मिला था कि मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ 2 युवक उज्जैन पहुंच रहे है। नारकोटिक्स की टीम ने युवकों को पकडने के लिये नानाखेडा बस स्टेंड पर घेराबंदी की। दोनों को बस स्टेंड से हिरासत में लिया। उनके पास से 250 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद होने पर नानाखेडा थाने ले जाया गया। जहां पता चला कि एक युवक गोपाल पिता श्रीपथ पटेरिया शांतिनगर नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला है। दूसरा लालसिंह पिता उदयसिंह गंगाधर झालावाड राजस्थान का है। नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि दोनों को नारकोटिक्स की टीम पूछताछ के लिये अपने साथ ले गई है। पिछले दिनों भी नारकोटिक्स की टीम ने ट्रेन में यात्रा कर रहे मादक पदार्थ तस्कर का इनपुट मिलने पर आरपीएफ की मदद से एक युवक को ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया था। यहीं नहीं जून माह पहले चिमनगंज थाना पुलिस ने नागपुर और गुजरात के युवको को पकडा था। 1 किलो से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी, जो नागपुर ले जाई जा रही थी।

### एक्सीस बैंक के एटीएम में घुसा नकाबपोश

**उज्जैन।** एक्सीस बैंक के एटीएम में नकाबपोश घुस गया, उसने गडबडी करने की कोशिश की। एटीएम बंद हो गया, बैंक को जानकारी मिली तो कैमरे देखे गये। युवक की हरकत देख मामले की शिकायत पुलिस से की गई। माधवनगर थाना क्षेत्र के आश्रम होटल के नीचे एक्सीस बैंक का एटीएम लगा हुआ है। 11 जुलाई की शाम एटीएम ने काम करना बंद कर दिया, उस दिन शनिवार का अवकाश था, दूसरे दिन रविवार का अवकाश आ गया। सोमवार को एटीएम से रूपये नहीं निकले की जानकारी बैंक को मिली। मुख्यालय में कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें सामने आया कि शाम 5 बजे के लगभग एक नकाबपोश घुसा था, उसने एटीएम में गडबडी करने की कोशिश की और कुछ स्प्रे किया, जिससे एटीएम बंद हुआ है। फुटेज सामने आने के बाद मामले की शिकायत लिखित में माधवनगर थाना पुलिस को बैंक की स्थानीय ब्रांच अधिकारी द्वारा की गई है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में शहर में 6 से 7 बैंकों के एटीएम बंद हुये है। जिसमें गडबडी के प्रयास किये गये। कुछ एटीएम में फेविक्यूट डाला गया था। पुलिस अब पता लगाने में जुटी है कि यह शरारत है या फिर किसी के द्वारा बडी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा है।

### कुएं से निकाली आभूषणों की पोटली

**उज्जैन।** एक माह पहले खाचरौद में हुई लाखों की चोरी के मामले में हिरासत में आये चार संदिग्धों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने पुराना थाना भवन के कुएं से एक पोटली बाहर निकाली है। जिसमें आभूषण भरे हुये थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पडताल कर रही है। खाचरौद के बुध मार्ग पर रहने वाले मुस्तफा कपडा वाला के मकान में एक माह पहले लाखों की चोरी होना सामने आया था। बदमाश सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हुये थे। पुलिस बदमाशों का पता लगाने में जुटी थी। इसी बीच चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ में जानकारी मिलने पर पुलिस ने पुराने थाना भवन परिसर में बने कुएं में सर्चिंग शुरू कराई। जिसमें एक पोटली बाहर निकाली गई। जिसमें आभूषण भरे हुये थे। पुलिस सर्चिंग के दौरान लोगों की भीड भी जमा हो गई थी। पुलिस की हिरासत में आये चारों संदिग्ध खाचरौद के रहने वाले है। जिनसे पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि पुराने थाना भवन परिसर में कोई नहीं जाता है। चोरों ने इसकी का फायदा उठाकर चोरी माल छुंपाने का काम किया है। जानकारी यह भी सामने आई है कि कुएं से निकाले गये आभूषण असली नहीं है। मामले में थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन व्यस्त होने पर उन्होने कॉल रिसिव नहीं किया। संभावना है कि मामले में पूछताछ पूरी होने पर खुलासा किया जायेगा।

# नाबालिग का आटो चलाते सामने आया वीडियो

**उज्जैन।** नाबालिग द्वारा आटो चलाते वीडियो सामने आने पर यातायात पुलिस ने संज्ञान लिया और नम्बर ट्रेस कर आटो जप्त कर लिया। आटो मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

यातायात पुलिस ने बताया कि ट्रैफिक हेल्पलाइन नाबालिग द्वारा स्टंट करते आटो चलाने का वीडियो सामने आया था, नाबालिग के साथ ड्रायवर सीट पर एक व्यक्ति बैठा था जो उससे आटो चलवा रहा था। आटो में 2 सवारी बैठी थी। आटो का नम्बर एमपी 13 एएफ 7029 ट्रेस किया गया और गुरूवार को उसे जप्त कर लिया गया। आटो मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। आटो जप्त होने पर मालिक द्वारा हाथ जोडकर माफी मांगी गई और भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की बात कहीं। उसने दूसरे आटो मालिकों से अपील करते हुये कहा कि कोई भी नाबालिग से वाहन ना चलवाये। शहर में आटो और ई-रिक्शा की तादात हजारों में पहुंच गई है। दिन-रात नाबालिग चलाते दिखाई दिखाई दे रहे है। जिनके पास लायसेंस भी नहीं होता है। कई बार ई-रिक्शा पलटने की खबरे भी सामने आ चुकी है। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करने के बावजूद भी शहर में नाबालिगों द्वारा संचालन किया जा रहा है।



### सुपात्र को दिया गया दान कभी नहीं जाता निष्फल

**उज्जैन।** मालवा विभूषण पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा की कृपा तथा पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषण रत्नसूरीश्वरजी महाराजा के शुभ सान्निध्य में अरविंद नगर स्थित श्री वीरमणि प्रवचन मंडप में इन दिनों धर्म सभा का आयोजन चल रहा है। चातुर्मास के दौरान धर्मसभा में पूज्य पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी म.सा. ने गुरुवार 23 जुलाई को सुपात्र दान की महिमा विषय पर प्रेरणादायी एवं हृदयस्पर्शी प्रवचन दिए। प्रवचन की शुरुआत करते हुए पूज्य गुरुदेव ने कहा कि सुपात्र को अर्पित किया गया दान कभी भी निष्फल नहीं होता। धर्म, संयम और आत्म साधना ।

# सुरक्षा किट के अभाव में लाइनमैनों की जान जोखिम में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने वाले लाइनमैन अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर उन्हें पर्याप्त सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे बिजली लाइनों पर कार्य के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

जानकारों के अनुसार विभाग के स्थायी लाइनमैनों को निर्धारित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं, जबकि ठेके पर कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होती है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सभी ठेकेदार अपने कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सुरक्षा बेल्ट, सुरक्षा जूते तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं या नहीं।

यदि कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं मिलते हैं तो बिजली लाइनों पर कार्य करते समय हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। दुर्घटना की स्थिति में सबसे अधिक प्रभावित कर्मचारी का परिवार होता है। अधिकांश लाइनमैन अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं। ऐसे में किसी भी दुर्घटना के बाद पूरा परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना करने को मजबूर हो जाता है।



बिजली विभाग और संबंधित ठेकेदारों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि स्थायी और आउटसोर्स—दोनों प्रकार के कर्मचारियों को समान रूप से उच्च गुणवत्ता वाली सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए तथा समय-समय पर उनकी सुरक्षा सामग्री का निरीक्षण भी किया जाए।

लाइनमैन हर मौसम और विषम परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। यदि समय रहते सभी कर्मचारियों को मानकों के अनुरूप सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए, तो भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और ठेकेदारों की भी होगी।

बिजली व्यवस्था को निर्माण रखने वाले लाइनमैन अपनी जान जोखिम में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा किट न मिलने की सुविधाएं सामने आ रही हैं। विभागीय के अनुसार, स्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों की स्थिति अलग-अलग है। विभाग के स्थायी लाइनमैनों को आमतौर पर निर्धारित सुरक्षा उपकरण मिलते हैं, जबकि ठकेके पर काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को सुरक्षा किट देना संबंधित कार्य की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या सभी कार्य अपने कर्मचारियों को मानकों के अनुरूप हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सुरक्षा बेल्ट, सुरक्षा शूज और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं या नहीं? अगर उपकरण नहीं मिलते तो हादसों का खतरा और बढ़ जाता है, और नुकसान कर्मचारियों व उनके परिवारों को छूना पड़ सकता है। कई लाइनमैन अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग और संबंधित कार्य दोनों की जिम्मेदारी है। बिजली विभाग या संबंधित ठेकेदार दोनों को मिलाकर सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए और हर कर्मचारी को गुणवता वाली सुरक्षा किट देनी चाहिए, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई लाइन-मैन अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले6 सदस्य होते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा निश्चित करना सबसे जरूरी है।

सुरक्षा किट के अभाव में उज्जैन में लाइनमैन जोखिम में काम कर रहे हैं, और सुरक्षा किट की कमी से हादसों का खतरा बढ़ जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता ऋद्धि त्रिवेदी कहती हैं कि बिजली विभाग या संबंधित कार्य दोनों को मिलकर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए और हर कर्मचारी को पर्याप्त सुरक्षा किट देनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई लाइनमैन अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है।

# गुरु का मौन ज्ञान



गुरु के मौन की शक्ति का वर्णन करने वाली एक प्राचीन कथा है। तत्वराय ने अपने गुरु स्वरूपानंद की महिमा को गाने के लिए तमिल में भरणी नाम के विशेष प्रकार के काव्य की रचना की। उसे सुनकर उसके मूल्य का निर्धारण करने के लिए पंडितों की सभा बुलाई गई। विद्वानों ने यह कहकर उसका विरोध किया कि भरणी ऐसे महान वीरों की प्रशंसा में लिखी जाती है, जो युद्ध में एक हजार हाथियों को मारने का सामर्थ्य रखते हों। एक यति के लिए इसकी रचना नहीं की जा सकती। इस पर लेखक ने कहा : ह्यचलिए, हम सब अपने गुरु के पास जाएं, और वहीं पर इस बात का निर्णय किया जाएह्न।

वे सब गुरु के पास गए और अपने-अपने स्थान पर बैठ गए, तब लेखक ने अपने गुरु से पंडितों के आने का हेतु बताया। गुरु मौन रहे और अन्य सब भी मौन रहे। पूरा दिन गुजर गया, रात हुई और इस प्रकार चार दिन-रात गुजर गए, लेकिन सब मौन बैठे रहे। उनमें से एक में भी कोई विचार उत्पन्न नहीं हुआ। चार दिन व्यतीत होने के पश्चात गुरु ने अपने चित्त को थोड़ा सा स्पंदित किया, तब वहां बैठे हुए सब लोगों में तुरंत विचार प्रक्रिया शुरू हो गई। उन्होंने घोषित किया, ह्यमदमत्त हाथी जैसे हम सबके अहंकार को एक साथ जीतने की शक्ति के सामने एक हजार हाथियों को मारने की शक्ति कुछ भी नहीं है। इसलिए निश्चित रूप से इनकी स्तुति में भरणी की रचना बिल्कुल उचित हैह्न।

वाणी अपने विचारों को दूसरे में संक्रांत करने का माध्यम है। विचारों के उत्पन्न होने के पश्चात ही उसे सेवा के लिए बुलाई जाती है। दूसरे सब विचार अहं विचार उत्पन्न होने के बाद ही प्रकट होते हैं, इसलिए अहं विचार सारे वातार्लापों की जड़ है। जब मनुष्य निर्विचार रहता है, तब वह दूसरों को मौन रूपी विश्व-भाषा से समझ लेता है। मौन नित्यवाणी है। यह वाणी का निरंतर प्रवाह है, जो बोलने से रुक जाता है। जैसे धातु के तार में बिजली का प्रवाह बहता है, उसे रोकने पर, वह बत्ती के रूप में प्रकाश या पंखे के रूप में हवा देता है। तार में बिजली अव्यक्त शक्ति के रूप में रहती है। उसी प्रकार, मौन वाणी का नित्य प्रवाह है, जो शब्दों से रुक जाता है।

याद रखो, कई सालों तक चलने वाले वातार्लाप से जो बात समझ में नहीं आती, वह मौन के एक क्षण में अथवा मौन के समक्ष समझ में आ जाती है। दक्षिणामूर्ति तथा उनके चार शिष्य इसका अच्छा उदाहरण हैं। मौन सर्वोच्च और सर्वाधिक कार्यक्षम वाणी है। बोलने से प्रभाव कम हो जाता है। वाणी हमेशा मौन से कम शक्तिशाली होती है, इसलिए मानसिक संपर्क सर्वश्रेष्ठ है। गुरु भौतिक आकार नहीं, इसलिए उसके लुप्त होने के बाद ही यह मानसिक संपर्क बना रहता है।



**सम्पादकीय**

## परमाणु प्रसार

पश्चिम एशिया में जारी घातक युद्ध के बीच वहां हो रहा एक परमाणु समझौता बहुत व्यापक महत्व रखता है। अगर अचानक कोई बदलाव न हुआ, तो अमेरिका और सऊदी अरब के बीच असैन्य परमाणु समझौता लागू हो जाएगा। सऊदी अरब वर्षों से परमाणु शक्ति बनने के लिए लालायित है। उसका सबसे निकटतम सहयोगी अमेरिका भी इजरायल के मोह में यह नहीं चाहता था कि रणनीतिक रूप से काफी संवेदनशील सऊदी अरब परमाणु शक्ति अर्जित कर ले। ध्यान रहे, यह समझौता परमाणु बम बनाने के लिए नहीं, परमाणु ऊर्जा के लिए हो रहा है। भारत सहित करीब 26 देशों के साथ अमेरिका समझौता कर चुका है। यह नागरिक परमाणु समझौता ऐसा तरीका है, जो विश्व स्तर पर शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर सहयोग की अनुमति देता है। अमेरिका अब सऊदी अरब में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण, परमाणु ईंधन आपूर्ति, रिएक्टर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, परमाणु सुरक्षा मानक, वैज्ञानिक-इंजीनियर प्रशिक्षण और रेडियोधर्मी कचरा प्रबंधन के लिए काम करेगा। सवाल पूछा जा सकता है कि सऊदी अरब के पास तेल-ऊर्जा की कोई कमी नहीं है, तो वह परमाणु ऊर्जा के लिए क्यों लालायित है?

गौर कीजिए, दुनिया में परमाणु ऊर्जा का अपना आकर्षण है और हर देश इस ऊर्जा का लाभ लेने के लिए लालायित है। दुनिया की परमाणु महाशक्तियों ने लंबे समय तक यह सुनिश्चित किया है कि उनकी वैज्ञानिक तरक्की दूसरे देशों के पास न पहुंच पाए। फिर भी, अब एक ऐसा दौर आ गया है, जब बड़े देश परस्पर स्वार्थ की वजह से परमाणु समझौते करने लगे हैं। कुछ समझौते खुले रूप से हुए हैं, जबकि अनेक समझौते गोपनीय हैं। नतीजतन, दुनिया में करीब 31 देश परमाणु ऊर्जा पैदा करते हैं, जबकि करीब नौ देशों के पास परमाणु बम हैं। एक दौर था, जब दुनिया में परमाणु विरोधी माहौल था। कई देश स्वेच्छा से परमाणु शक्ति बनने से इनकार कर रहे थे। अब वक्त बदला है। छोटे देशों को भी पता चल गया है कि परमाणु ऊर्जा होने से सामरिक और रणनीतिक ताकत बढ़ती है। क्या सऊदी अरब और मजबूत होने जा रहा है? क्या इससे पश्चिम एशिया में स्थिरता और युद्ध-विराम को बल मिलेगा? क्या इससे परमाणु शक्ति बनने के लिए लालायित ईरान में नाराजगी नहीं फैलेगी? यह सवाल पश्चिम एशिया में उठेगा कि किसी देश को परमाणु संपन्न करना और किसी देश को वंचित रखने की रणनीति कितनी तार्किक या जायज है?

### बचेगी किसी की जान

# रक्तदान : उदारता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत बनाता है



जीवन बचाने वाला महादान रक्तदान वह प्रक्रिया है जिसमें एक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से अपना रक्त ब्लड बैंक को दान करता है। यह दुर्घटना पीड़ितों, थैलेसीमिया, कैंसर मरीजों, ऑपरेशन और प्रसव के समय बहुत काम आता है। रक्तदान के फायदे यह हैं कि यह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का मौका देता है, शरीर नई रक्त कोशिकाएँ बनाता है, और अगर सुरक्षित अंतराल रखा जाए तो आयरन का संतुलन भी बेहतर रहता है। रक्तदान से कैंसर या हृदय रोग का खतरा कम होने का दावा ठोस वैज्ञानिक तौर पर साबित नहीं है, इसलिए इसे बीमारियों के इलाज का तरीका नहीं माना जाता। हल्की थकान सामान्य है, पर आराम व पौष्टिक भोजन से सब सामान्य रहता है। दान से पहले अच्छी नींद लें, हल्का पौष्टिक खाना खाएँ, पर्याप्त पानी पिएँ, और नशे से बचें। दान के बाद 10-15 मिनट आराम करें, खूब पानी पिएँ, और उसी दिन भारी व्यायाम या भारी वजन उठाने से बचें। सामान्यतः संपूर्ण रक्त दान हर 3 महीने (पुरुष) और 4 महीने (महिला) के अंतराल पर किया जाता है, स्थानीय मेडिकल गाइडलाइन्स के अनुसार। अगर आप योग्य हैं, तो नियमित स्वैच्छिक रक्तदान किसी का नया जीवन बन सकता है और समाज के लिए अमूल्य योगदान है। रक्तदान करें – क्योंकि आपका थोड़ी देर का समय किसी के पूरे जीवन की उम्मीद बन सकता है।

रक्तदान को लेकर कुछ गलतफहमियाँ भी हैं। जैसे कुछ लोग सोचते हैं कि इससे शरीर कमजोर हो जाता है, जबकि सही अंतराल, पर्याप्त आराम और पौष्टिक भोजन से शरीर खुद ही रिकवर कर लेता है। एक और भ्रम, वजन कम करना– रक्तदान वजन घटाने का तरीका नहीं है। इसका उद्देश्य मानवता की मदद करना है, न कि फिटनेस हैक्स। रक्तदान से पहले हेल्दी ब्रेकफास्ट, पानी और आराम जरूरी है। बाद में आयरन-रिच फूड्स, विटामिन-सी युक्त फल, और पर्याप्त हाइड्रेशन रखें। अगर चक्कर आए या असहज महसूस हो तो तुरंत बैठ जाएँ, पानी पिएँ और जरूरत पड़े तो ब्लड बैंक स्टाफ से बताएं। ज्यादातर लोग एक दिन में सामान्य महसूस करते हैं, बस उसी दिन भारी एक्सरसाइज से बचें। अगर आप योग्य हैं तो इसे नियमित सेवा की तरह अपनाया जा सकता है–क्योंकि आपका छोटा सा कदम किसी के लिए जिंदगी का सबसे कीमती तोहफा बन सकता है।

बस सुरक्षित अंतराल पर रक्तदान करें, पहले हल्का पौष्टिक खाना खाएँ, पानी पिएँ, और बाद में आराम करें। अगर कमजोरी लगे तो घबराएँ नहीं, आमतौर पर जल्दी ठीक हो जाता है। अगर कभी चक्कर या मतली हो तो बैठ जाएँ, साँस सामान्य रखें, पानी पिएँ, और स्टाफ को बता दें। घर जाने के बाद भारी एक्सरसाइज न करें, खूब पानी पिएँ और आयरन-रिच फूड्स लें। अगर कोई लगातार चक्कर, तेज दर्द या असहजता महसूस हो तो डॉक्टर से सलाह लें। और याद रखिए, जागरूकता फैलाएँ, मिथकों से बचें, और अपने दोस्तों-परिवार को भी सही जानकारी दें ताकि जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक में खून की कमी न हो। इस छोटे से कदम से बहुतों की ज़िंदगी बच सकती है।

एक फायदा ये भी है कि रक्तदान से पहले जो हीमोग्लोबिन और बेसिक चेकअप होता है, उससे कई बार छोटी स्वास्थ्य समस्याएँ जल्दी पकड़ में आ जाती हैं। साथ ही, यह एक बहुत ही अर्थपूर्ण सामाजिक सेवा है – जिससे मानसिक संतोष मिलता है कि आपके कारण किसी मरीज को नया जीवन मिल सकता है। ब्लड बैंक की सप्लाई स्थिर रखने में मदद मिलती है, जो एक्सीडेंट्स, सर्जरी और पुराने रोगियों के लिए जरूरी है। प्लाज्मा या प्लेटलेट्स दान जैसे विकल्पों से कुछ मरीजों को बार-बार जीवन रक्षक सपोर्ट मिलता है। और सबसे बढ़कर, यह आपके भीतर उदारता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत बनाता है– एक छोटी सी पहल, बड़ा असर।

कुछ मायने रखने वाले आंकड़ेः एक यूनिट रक्त से लगभग तीन लोगों की जान बच सकती है। शरीर का प्लाज्मा 24-48 घंटे में सामान्य हो जाता है, लेकिन लाल रक्त कणों की भरपाई में आमतौर पर 4-8 हफ़्ते लगते हैं। भारत में आम तौर पर पुरुष हर 3 महीने और महिलाएँ हर 4 महीने में रक्तदान कर सकती हैं, अगर वे स्वस्थ हों। अभी रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए इसकी जरूरत सिर्फ. स्वैच्छिक रक्तदाताओं से ही पूरी होती है। यही रक्तदान को स्वास्थ्य व्यवस्था की एक अहम कड़ी बनाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति का 15-20 मिनट का समय किसी मरीज को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सच में मानवता का सबसे सुंदर दान है। सुरक्षित अंतराल पर, सही पात्रता मानकों के साथ किया गया रक्तदान न सिर्फ. सुरक्षित है, बल्कि यह समुदाय के प्रति ज़िम्मेदारी और करुणा का सशक्त उदाहरण है।

रक्तदान के लिए सबसे बुनियादी बात ये है कि आप स्वस्थ महसूस कर रहे हों, उम्र आमतौर पर18 साल से ऊपर हो, वजन कम से कम 45-50 किलो हो (केंद्र के नियम के अनुसार), हीमोग्लोबिन पर्याप्त हो, और पिछले दान के बाद जरूरी अंतराल पूरा हो चुका हो। दान से पहले हल्का पौष्टिक भोजन करें, पानी ज्यादा पिएँ, और भारी एक्सरसाइज से बचें। दान के बाद 10-15 मिनट आराम करें, खूब तरल लें, और उसी दिन भारी शारीरिक काम या जिम अवॉइड करें। अगर आपको चक्कर या कमजोरी महसूस हो, तो बैठ जाएँ, गहरी साँस लें, पानी पिएँ, और स्टाफ को बता दें। अगर कोई बीमारी, हालिया सर्जरी, बुखार या दवाएँ चल रही हों, तो ब्लड बैंक की टीम से जरूर पूछें। और हाँ, जागरूकता फैलाएँ, लोगों को मिथकों के बजाय सही जानकारी दें, ताकि जरूरत के समय सुरक्षित रक्त उपलब्ध रहे।

**आयरन से भरपूर चीजें खाइए**

जैसे पालक, चुकंदर, अनार, दालें, गुड़, और कद्दू के बीज अच्छे हैं। विटामिन उ वाले फल जैसे संतरा, अमरूद या आंवला आयरन के अवशोषण में मदद करते हैं। अगर आप शाकाहारी हैं तो दालें, राजमा, चना, सोया और गुड़ अच्छे विकल्प हैं। चाय-कॉफी को आयरन वाले भोजन के साथ तुरंत न लें, थोड़ी देर बाद लें ताकि अवशोषण कम न हो। संतुलित खाना, पर्याप्त पानी, अच्छी नींद, और जरूरत हो तो डॉक्टर की सलाह बहुत मायने रखती है।

## बाग रसोई

मध्य प्रदेश के मालवा अंचल, विशेषकर धार, देवास एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाग रसोई (या खेत रसोई) एक अत्यंत प्राचीन, लोकआस्था से जुड़ी एवं सामाजिक समरसता का संदेश देने वाली परंपरा है। यह केवल खेतों में भोजन बनाने की परंपरा नहीं, बल्कि ईश्वर, प्रकृति और मानव के मध्य सामूहिक प्रार्थना का एक पवित्र अनुष्ठान है। जब वर्षा ऋतु में पर्याप्त बारिश नहीं होती, मानसून विलंब से आता है अथवा क्षेत्र किसी प्राकृतिक आपदा या विशेष संकट का सामना करता है, तब ग्रामवासी सामूहिक रूप से बाग रसोई का आयोजन करते हैं। इसका उद्देश्य वर्षा के देवता इंद्रदेव तथा अपने इष्ट देव से समस्त जनजीवन की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, उत्तम फसल और सभी के कल्याण की प्रार्थना करना होता है।

इस अवसर पर प्रत्येक परिवार अपने घर से बाहर निकलकर खेतों, बगीचों अथवा खुले प्राकृतिक स्थल पर एकत्रित होता है। सामूहिक रूप से चूल्हा जलाकर दाल-बाटी, चावल, चूरमा, लड्डू, खीर अथवा अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। भोजन तैयार होने पर उसका कुछ अंश शुद्ध घी के साथ अग्नि में धूप, नैवेद्य अथवा आहुति के रूप में समर्पित किया जाता है। इसके पश्चात सभी लोग मिलकर ईश्वर से वर्षा, समृद्धि, शांति और समस्त प्राणियों के मंगल की कामना करते हैं तथा सामूहिक प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**बाग रसोई की प्रमुख विशेषताएँ**

सामूहिक आयोजनः गांव के सभी परिवार निर्धारित दिन खेतों या बगीचों में एकत्रित होते हैं। प्रकृति के प्रति श्रद्धाः इंद्रदेव एवं अपने इष्ट देव का स्मरण कर उत्तम वर्षा और समृद्धि की प्रार्थना की जाती है। सामूहिक भोजनः पारंपरिक व्यंजन बनाकर पहले ईश्वर को अर्पित किए जाते हैं, तत्पश्चात सभी मिलकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं। लोक परंपरा का निर्वहनः अनेक गांवों में आयोजन की सूचना एक दिन पूर्व गांव के पटेल, मुखिया अथवा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मुनादी के माध्यम से दी जाती है। **पं. रामगोपाल शर्मा 'गुरुजी'**

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 24 जुलाई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:58 सूर्यास्त 19:08
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - दसमी 09:13 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - अनुराधा 04:36 उपरांत ज्येष्ठा
योग - शुक्ल 20:10 उपरांत ब्रह्म
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 09 तारिख

**मेष-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

**वृषभ-** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मिथुन-** भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कर्क-** धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह-** किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**तुला-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक-** नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**धनु-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं।

**कुंभ-** शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी।

**मीन-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

# कैंसर की महंगी दवाएं–जीवन का अधिकार बनाम इलाज की कीमत



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

कैंसर आज केवल एक गंभीर बीमारी नहीं, बल्कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। चिकित्सा विज्ञान ने कैंसर के उपचार में उल्लेखनीय प्रगति की है और नई जीवनरक्षक दवाओं ने लाखों मरीजों को नई उम्मीद दी है। किंतु विडंबना यह है कि इन आधुनिक दवाओं की अत्यधिक कीमतें गरीब और मध्यम वर्ग के लिए इलाज को लगभग असंभव बना देती हैं। ऐसे में प्रश्न केवल चिकित्सा का नहीं, बल्कि जीवन के संवैधानिक अधिकार का बन जाता है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की महंगी दवाओं के मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब तलब करते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालत ने उस कैंसर मरीज की मृत्यु पर गहरी चिंता व्यक्त की, जो जीवनरक्षक दवाओं को किफायती बनाने से संबंधित मामले के निर्णय की प्रतीक्षा करते-करते दुनिया से विदा हो गया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह केवल दवाओं की कीमत का विवाद नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को प्राप्त जीवन और गरिमा के अधिकार का प्रश्न है। यह टिप्पणी देश की स्वास्थ्य नीति के लिए एक गंभीर संदेश है कि न्याय में देरी कई बार जीवन की हानि का कारण बन जाती है।

वास्तविकता यह है कि भारत में हर वर्ष लाखों लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं। आधुनिक लक्षित और इम्यूनोथेरेपी दवाओं की कीमत कई बार लाखों रुपये प्रति माह तक पहुंच जाती है। अधिकांश परिवार इतनी बड़ी राशि वहन करने में सक्षम नहीं होते। परिणामस्वरूप अनेक लोग अपनी वर्षों की जमा-पूंजी खर्च कर देते हैं, कर्ज लेने पर मजबूर हो जाते हैं, जमीन-जायदाद बेच देते हैं या फिर आर्थिक तंगी के कारण बीच में ही इलाज छोड? को विवश हो जाते हैं। ऐसे अनेक मामलों में बीमारी से पहले आर्थिक संकट परिवार को तोड़ देता है।

दूसरी ओर यह भी सत्य है कि नई दवाओं के अनुसंधान, परीक्षण और विकास में दवा कंपनियां अरबों रुपये का निवेश करती हैं। पेटेंट व्यवस्था उन्हें सीमित अवधि तक अपने आविष्कार का आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अधिकार देती है, जिससे भविष्य के अनुसंधान को भी प्रोत्साहन मिलता है। इसलिए नवाचार और अनुसंधान की रक्षा आवश्यक है। किंतु जब जीवनरक्षक दवाएं आम नागरिक की पहुंच से बाहर हो जाएं, तब सरकार का दायित्व और भी बढ़ जाता है कि वह जनहित और व्यावसायिक हितों के बीच संतुलन स्थापित करे।

इस दिशा में सरकार को बहुआयामी कदम उठाने होंगे। आवश्यक कैंसर रोधी दवाओं को मूल्य नियंत्रण के दायरे में लाना, गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देना, सरकारी अस्पतालों में इन दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का दायरा बढ़ाना तथा जरूरत पड? पर सार्वजनिक हित में पेटेंट कानूनों के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों का विवेकपूर्ण उपयोग करना समय की मांग है। साथ ही, देश में दवा अनुसंधान और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित कर आयात पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि न्यायपालिका केवल कानून की व्याख्या करने वाली संस्था नहीं, बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की संरक्षक भी है। स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में समय पर निर्णय अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि यहां विलंब का अर्थ कई बार किसी व्यक्ति का जीवन समाप्त हो जाना होता है। इसलिए ऐसे मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष व्यवस्था की आवश्यकता है।

**(व्यंग-बाण)**

## कब आएगा बूंदों का त्योहार ?



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

जब घनघोर घटायें छा जाए, आसमान में बिजलियाँ चमकने लगे, और गर्जना के साथ पानी की बुंदे बरसने लगे तब मनाया जाता हैं बूंदों का त्योहार, इस त्योहार का दिन, वार और समय निश्चित नहीं हैं। जब भी बारिश के मौसम में झड़ी लग जाए, मौसम एकदम सुहाना हो जाए, और इन्द्र देव खूब प्रसन्न हो जाऐ तब अपने आप मन जाता हैं ये बूंदों का त्योहार ये बूंदों का त्योहारहैं क्या ? तो सुनिए हम खाने के शौकीन लोग, खाने के लिए मौका तलाशते हैं` जब बारिश के मौसम में झड़ी लगे और बूँदाबांदी सतत चलती रहे, तब हम बेसन में लपेटकर प्याज या आलू के पकोड़े तलते हैं और सुस्वादु पकोड़े खाते हैं` यही हमारे लिए बूंदों का त्योहार हैं।

पानी की बुँदें बरसना, हमारे लिए इन्द्र देव की कृपा बरसने के समान हैं तो शायद कभी न कभी इन्द्र देव प्रसन्न होंगें या उनकी कृपा बरसेगी ` तभी यह त्योहार मनाया जा सकता हैं` इन्द्र देव की एन ओ सी के बिना, हम पकोड़े तल नहीं सकते और बूंदों का त्योहार मना ही नहीं सकते` इन्द्र देव को मनाने के लिए, एक ओर त्योहार मनाया जाता हैं , उसे हमारे गाँव में उज्जैनी कहते हैं।

अब आप ये कहेंगें कि ह्र ये उज्जैनी क्या हैं ? हमारे सारे त्योहार सुस्वादु व्यंजनों के बिना अधूरे हैं। पहले भी मैंने कहा हैं कि - हम भारतीय लोग खाने के शौकीन हैं। हमारे अधिकतर त्योहार खाने पर ही केंद्रित हैं` इस त्योहार में हम इन्द्र देव को प्रसन्न करने के लिए, उनकी पूजा करने के लिए` सम्पूर्ण गाँव में घर पर चूल्हा नहीं जलाया जाता हैं और पूरा गाँव अलग-अलग जगह पर जंगल में जाकर दाल-बाटी, चूरमा बनाकर , इन्द्र देव की पूजा-अर्चना कर भोग लगाने के बाद , सभी जंगल में ही भोजन करते हैं` इसे ही उज्जैनी मनाना बोलते हैं।

सभी इन्द्र देव से प्रार्थना करते हैं कि हे इन्द्र देव जल बरसा दो, जल ही जीवन हैं और जल बिन हम मछली की तरह तड़फ रहे हैं। लेकिन शायद ! इन्द्र देव रुष्ट हो गए हैं, मानो वह कह रहे हैं कि मैं कैसे प्रसन्न हो सकता हूँ ? अब जंगल में मंगल बचा ही कहाँ हैं ? तुमने अपने मंगल के लिए जंगल छोड़े ही कहाँ हैं ? चारों तरफ कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए हैं, महज अपने आराम के लिए` अब तुम भूल जाओ बूंदों के त्योहार को, तले हुए पकोड़ों को, क्योंकी तुमने प्रकृति का पूर्ण दोहन कर लिया हैं` अपने स्वार्थ के लिए उसका तेल निकाल दिया हैं , और उसमें पकोड़े तल के खा गए हो ` तुम्है खाना हैं तो आज से ये कसम खाओ कि- हम सबसे पहले वृक्षारोपण महोत्सव मनाएंगे। हम अधिक से अधिक वृक्ष लगायेंगे और पर्यावरण को अनुकूल बनायेंगे। और फिर अपने आप बूंदों का त्योहार मन जाएगा।

## टीवी बाइट की राजनीति...!

अभी टीवी पर बाइट देने की,
यहाँ बची है सिर्फ राजनीति।
यूं सत्य की आँखें नम रहतीं,
मंच पर तो चलती कूटनीति।
यहाँ शब्दों का श्रृंगार बहुत है,
भाव मगर सब के खोखले हैं।
जनहित की रबातेंर कम होतीं,
ये वादों के सिर्फ सिलसिले हैं।
इन कैमरों की चमक तले अब,
किन चेहरों का व्यापार हुआ।
जहाँ सत्ता की सीढ़ी चढ़ने को,
हर संवाद यहाँ हथियार हुआ।
आम जनता अब पहचान रही,
सच और झूठ की हरेक रेखा।
वक़्त लिखेगा अंतिम निर्णय,
ये न्याय न झुकेगा, यही लेखा।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

**कुंडली नहीं, संस्कारों का संकट :**

# सामाजिक विकृतियों पर वैदिक दृष्टि से आत्ममंथन



डॉ. जगदीश प्रसाद शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

हाल के वर्षों में समाज में पति-पत्नी संबंधों से जुड़े कुछ अत्यंत दुखद और चिंताजनक अपराध सामने आए हैं। विशेष रूप से जीवनसाथी की हत्या, विश्वासघात और षड्यंत्र जैसी घटनाओं ने जनमानस को उद्वेलित किया है। इन घटनाओं के बाद सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर यह प्रश्न उठाया जाने लगा है कि जब विवाह से पूर्व कुंडली मिलान किया गया था, पर्याप्त गुण प्राप्त हुए थे, तब ऐसी घटनाएँ कैसे घटित हो गईं? दुर्भाग्यवश कुछ लोगों ने इन घटनाओं को आधार बनाकर भारतीय ज्योतिष और सनातन परंपराओं पर ही प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास किया है।

वस्तुतः यह दृष्टिकोण न तो शास्त्रीय है और न ही तर्कसंगत।

भारतीय ज्योतिष वेदांगों में सम्मिलित वह दिव्य ज्ञान है, जिसे प्राचीन आचार्यों ने वेदपुरुष का नेत्र कहा है। ज्योतिष का मूल उद्देश्य जीवन की संभावनाओं, प्रवृत्तियों, अनुकूलताओं और चुनौतियों का संकेत देना है। यह मनुष्य को विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सहायता प्रदान करता है, न कि उसके प्रत्येक कर्म अथवा भविष्य में घटित होने वाली प्रत्येक घटना का अपरिवर्तनीय निर्धारण करता है।

विवाह के लिए किए जाने वाले अष्टकूट मिलान का उद्देश्य वर-वधू के स्वभाव, मानसिक अनुकूलता, पारिवारिक जीवन, स्वास्थ्य, संतान, आर्थिक दृष्टिकोण तथा वैवाहिक सामंजस्य का आकलन करना है। 36 गुणों का मिलान वैवाहिक अनुकूलता का एक महत्वपूर्ण संकेतक अवश्य है, किन्तु यह किसी व्यक्ति के चरित्र, नैतिकता, संस्कार, आत्मसंयम और भविष्य में किए जाने वाले कर्मों की संपूर्ण गारंटी नहीं हो सकता।

भगवद्गीता का सिद्धांत स्पष्ट है–

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्। (गीता 6.5)

अर्थात मनुष्य स्वयं अपने उत्थान और पतन का कारण है। यह शास्त्रीय वचन बताता है कि अंतिम निर्णय मनुष्य के कर्म, विवेक और संस्कार ही करते हैं। ग्रह और नक्षत्र परिस्थितियों का संकेत दे सकते हैं, किंतु मनुष्य को कर्म करने की स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व दोनों प्राप्त हैं।

ऋग्वेद के विवाह सूक्त में पति-पत्नी के संबंध को प्रेम, विश्वास और समरसता का आधार बताया गया है–

समञ्जन्तु विश्वे देवाः समापो हृदयानि नौ।

अर्थात हमारे हृदयों में एकात्मता और सौहार्द बना रहे। अथर्ववेद भी दाम्पत्य जीवन में निष्ठा, सम्मान और सहयोग को सर्वोच्च मूल्य मानता है। भारतीय संस्कृति में विवाह केवल सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि धर्म, कर्तव्य और मयार्दा पर आधारित पवित्र संस्कार है। यदि हम अपने धर्मग्रंथों, इतिहास और परंपराओं का अध्ययन करें तो पाएँगे कि उनमें पारिवारिक निष्ठा, त्याग, कर्तव्य और आदर्श जीवन की शिक्षा दी गई है। छल, व्यभिचार, विश्वासघात और हत्या जैसे कृत्य न केवल धर्मविरुद्ध हैं, बल्कि मानवता के भी विरोधी हैं। अतः ऐसी घटनाओं का कारण ज्योतिष या कुंडली नहीं, बल्कि व्यक्ति का विकृत चिंतन, संस्कारहीनता और नैतिक पतन है।

आज समाज जिस संकट का सामना कर रहा है, उसका मूल कारण पारिवारिक मूल्यों का क्षरण, धर्म से दूरी, चरित्र निर्माण की उपेक्षा, अनियंत्रित भोगवाद तथा स्वार्थप्रधान जीवनशैली है। आधुनिकता का अर्थ यदि केवल उपभोग, व्यक्तिगत सुख और सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुखता मान लिया जाए, तो उसके परिणाम गंभीर ही होंगे।

महाभारत का यह वचन आज विशेष रूप से स्मरणीय है–

शीलं परम भूषणम।

अर्थात श्रेष्ठ चरित्र ही मनुष्य का सर्वोत्तम आभूषण है। जब चरित्र कमजोर होता है, तब ज्ञान, संपत्ति और सामाजिक प्रतिष्ठा भी समाज को सुरक्षित नहीं रख सकती। अतः आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम किसी दुखद घटना के आधार पर ज्योतिषशास्त्र या सनातन परंपराओं को कटघरे में खड़ा करें। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने परिवारों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक जीवन में पुनः संस्कार, नैतिकता, धर्म, कर्तव्य और चरित्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,42,300 रवा- 1,42,200 चांदी- टंच- 2,25,500 पाट- 2,24,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## 31 अगस्त तक पूरे करें पीएम आवास, बुजुर्गों के लिए लगेंगे आयुष्मान शिविर

**शाजापुर।** आगामी 31 जुलाई को मुख्य सचिव की प्रस्तावित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ऋजु बाफना ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 31 अगस्त तक लक्ष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य पूरे करने के सख्त निर्देश दिए। इसके लिए निर्माण कार्यों की रोजाना मॉनिटरिंग की जाएगी। वहीं, पीएचई विभाग को जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजनाएं जल्द पूरी कर हस्तांतरित करने को कहा गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर देते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शनिवार और रविवार को विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही डेंगू-मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम, कुपोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। इसके अलावा बैठक में कृषि विभाग को किसानों के लिए पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध कराने व फसल बीमा योजना को प्रभावी रूप से लागू करने तथा पशुपालन विभाग को पशुओं के टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले और डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे मौजूद रहीं, जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## डीईओ ने लिया जनशिक्षकों के प्रशिक्षण का जायजा



**शाजापुर।** स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्यप्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से शाजापुर में जनशिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। बुधवार को डाइट शाजापुर में चल रहे इस जनशिक्षक क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के पहले चरण के तीसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। उन्होंने एक दिलचस्प कोल्ड कॉलिंग गतिविधि के जरिए उपस्थित जनशिक्षकों से सीधे संवाद किया और पिछले तीन दिनों की सीख का बारी-बारी से फीडबैक लिया। डीईओ ने सभी को प्रेरित करते हुए निर्देश दिए कि इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और यहां सीखी गई हर तकनीक को अपनी फील्ड में प्रभावी ढंग से लागू करें। इससे पूर्व, सीमेट भोपाल की सहायक संचालक संगीता शर्मा ने भी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का ऑनलाइन अवलोकन किया। इस महत्वपूर्ण सत्र के दौरान डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव और प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कारपेंटर सहित डाइट व्याख्याता एमडी शर्मा, बीएल बैरागी, दीपक शर्मा, मास्टर ट्रेनर प्रमोद गुप्ता,घनश्याम पाटीदार, मनोज शर्मा, सुनील विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न




**शाजापुर।** अग्रणी जिला प्रबंधक शाजापुर शैलेन्द्र सुमन की अध्यक्षता एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.आर.एस. राणा की मौजूदगी में बुधवार को जनपद पंचायत कालापीपल के सभागृह में जून 2026 तिमाही हेतु कालापीपल ब्लॉक के लिए खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति (ठस्ठब) की बैठक संपन्न हुई। अग्रणी जिला प्रबंधक शाजापुर सुमन द्वारा बैठक में वार्षिक साख योजना 2026-27 एवं शासकीय ऋण योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा की गयी एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बैठक में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड पंकज येवले, आरसेटी निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान, पशुपालन विभाग, एनयूएलएम, एनआरएलएम एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## श्मशान तक कच्चा रास्ता, गलियों में जलभराव, ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

**शाजापुर।** जिले की ग्राम पंचायत बकानी के अंतर्गत ग्राम मालाखेड़ी के निवासी बद्रीलाल कराड़ा ने गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने श्मशान घाट तक पक्का मार्ग, सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग की है। कराड़ा ने बताया कि मालाखेड़ी से श्मशान घाट तक जाने वाला रास्ता कच्चा है। बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव के कारण मार्ग दुर्गम हो जाता है, जिससे शवयात्रा ले जाने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गांव की मुख्य गलियों में भी जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रोजाना आवागमन में दिक्कत होती है। लगातार पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

झारडा, बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ, रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**मौका न चूकें, अंतिम अवसर 31 जुलाई**

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# 5 साल का बकाया कर वसूल करने पहुंचे निगम अधिकारी से मारपीट, कपड़े फाड़े

### चेहरे पर आई चोट; दोनों पक्षों ने लगाए आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के बालाजी नगर में संपत्ति कर वसूली के दौरान नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह हाड़ा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान उनके कपड़े फाड़ दिए गए और चेहरे पर चोटें आईं। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।



शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नगर निगम की टीम बालाजी नगर में बकाया संपत्ति कर वसूलने पहुंची थी। मकान मालिक ओंकार सिंह पर पिछले चार-पांच वर्षों का संपत्ति कर बकाया बताया जा रहा है। कर जमा कराने को लेकर बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान ओंकार सिंह ने सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह हाड़ा के साथ मारपीट कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीच-बचाव कर घायल अधिकारी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद बड़ी संख्या में निगम कर्मचारी उनके साथ कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी ओंकार सिंह के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### घटना का वीडियो भी सामने आया

घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और झूमाझटकी होती दिखाई दे रही है। आरोपी पक्ष के लोग भी कोतवाली थाने पहुंचे। उनका आरोप है कि विवाद के दौरान पहले नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक ने उनके साथ हाथापाई की थी, जिसके बाद मामला बढ़ गया। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार, 5 साल से था फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अपराध करने के बाद अपराधी चाहे कितनी भी दूर भाग जाए, लेकिन कानून के लंबे हाथों से वह बच नहीं सकता। शाजापुर जिले की सुनेरा पुलिस ने इस बात को एक बार फिर सच साबित कर दिखाया है। पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक गंभीर मामले में पिछले कई सालों से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गुजरात के वांकानेर (मोरबी) से दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस आरोपी पर शाजापुर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था आरोपी

पुलिस अधीक्षक शाजापुर द्वारा जिले में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों और स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी शाजापुर के सख्त निर्देशन में सुनेरा थाना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, आरोपी देवकरण उम्र 35 वर्ष पिता लालजीराम, निवासी ग्राम धामन्दा, जिला राजगढ़ वर्ष 2022 से पुलिस को चकमा दे रहा था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना राज्य बदलकर गुजरात में छिपकर रह रहा था। आरोपी की सरगर्मी से तलाश के लिए सुनेरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर उसे गुजरात रवाना किया गया था। शाजापुर साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की सटीक लोकेशन निकाली। साइबर सेल की पुख्ता जानकारी और पुलिस टीम के अथक जमीनी प्रयासों के बाद, आखिरकार पुलिस ने मोरबी (गुजरात) के वांकानेर इलाके में दबिश दी और 5000 रुपये के इनामी स्थाई वारंटी देवकरण को धर दबोचा। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर शाजापुर लाई, जहां उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## महिला से छेड़छाड़ और अश्लील मांग करने वालों को 2-2 साल की जेल

**शाजापुर।** खेत के रास्ते से गुजर रही महिला के साथ छेड़छाड़ करने, अश्लील मांग करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दो मनचलों को अदालत ने दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों आरोपियों को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई है। मीडिया प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना 21 फरवरी 2022 की है। पीड़िता अपनी बहन के साथ खेत के रास्ते से लौट रही थी। रास्ते में एक गेट (टाटा) लगा हुआ था, जिसे खोलकर वह आगे बढ़ी। इसी दौरान जाईहेड़ा निवासी आरोपी मुलायम पिता भगवत ने उसे गेट वापस लगाने को कहा। पीड़िता के हाथों में सामान होने के कारण जब उसने असमर्थता जताई, तो आरोपी मुलायम और उसका साथी शुभम पिता मेहरबान दौड़कर वहां आ गए। आरोपियों ने फसल के नुकसान का हवाला देते हुए बुरी नीयत से पीड़िता का हाथ पकड़ लिया और उसकी चुन्नी निकालकर फेंक दी। आरोपियों ने बेशर्मी की हद पार करते हुए नुकसान की भरपाई के लिए पीड़िता के सामने अश्लील शर्त रखी और गंदे इशारे किए। इसी बीच जब पीड़िता की बुआ बीच-बचाव करने वहां पहुंची, तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी।



# प्रहरी से मुख्य प्रहरी बने तीन कर्मचारियों का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जेल मुख्यालय भोपाल के आदेश के तहत सब जेल शुजालपुर में बुधवार को प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत हुए तीन कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया ने पदोन्नत कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। जेल मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन में दिलीप व्यास, कमलसिंह पिपहाड़ा एवं कमलेश सिंह यादव को प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया ने तीनों को सम्मानित करते हुए कहा कि पदोन्नति कर्मचारियों की निष्ठा, ईमानदारी और बेहतर कार्य का सम्मान है। उन्होंने सभी से नई जिम्मेदारियों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। समारोह में फार्मासिस्ट संपदा निगम, प्रहरी सूरज उपाध्याय, गिरिराज सिंह राठौड़, महिपाल सिंह परमार, सचिन कुमार, बृजेन्द्र सिंह सिसौदिया, मंजू राजू, एकता यादव तथा निधि सोनी सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा। 402

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



राहुल गांधी की गिरफ्तारी दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर कथित लाठीचार्ज और पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस व कांग्रेस के विभिन्न संगठन प्रकोष्ठों ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने डॉ.अंबेडकर पार्क में धरना देने के बाद काली माता मंदिर तक पैदल मार्च निकाला और रास्ते में नारेबाजी करते हुए कुछ देर सड़क पर धरना भी दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। उन्होंने पेपर लीक के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि देशभर में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में रोष है। नेताओं ने आरोप लगाया कि जंतर-.मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि शिक्षा मंत्री से इस्तीफा नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर चक्का जाम और जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष अचल सिंह मेवाड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार, शहर अध्यक्ष रईस पठान, पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष अजयपाल सिंह जादौन, बल्ला सोनी, अन्नू पठान, महेंद्र नाहर, अशोक अग्रवाल, विष्णु शर्मा, गौरव परमार, विशाल शर्मा, कैलाश कुशवाह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पठान बने जिला कांग्रेस के महामंत्री

**शुजालपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शाजापुर के जिलाध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह चौहान ने शुजालपुर निवासी अनिस पठान को जिला कांग्रेस कमेटी का जिला महामंत्री नियुक्त किया है। नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की सहमति एवं प्रदेश नेतृत्व के अनुमोदन के बाद की गई। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने सीखी नए आपराधिक कानूनों की बारीकियां, क्राइम सीन डेमो से किया अभ्यास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



देश में लागू हुए नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराधों की जांच और कार्रवाई को धार देने के लिए शाजापुर में पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस ट्रेनिंग में जिले भर के विवेचना अधिकारियों को नए कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज करने से लेकर कोर्ट में चालान पेश करने तक की पूरी आधुनिक प्रक्रिया समझाई गई।

प्रशिक्षण के दौरान एडीपीओ प्रतीक श्रीवास्तव ने अधिकारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम के नए प्रावधानों की बारीकियां बताईं। पुलिसकर्मियों को बताया गया कि अब मामलों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की क्या अहमियत है और उन्हें कैसे सुरक्षित जुटाना है। ट्रेनिंग को केवल किताबी बातों तक सीमित न रखकर क्राइम सीन का डेमो भी दिया गया। मौके पर पुलिसकर्मियों से प्रैक्टिकल अभ्यास कराया गया ताकि वे समझ सकें कि नई प्रणाली में गिरफ्तारी, जब्ती और सबूत इकट्ठे करते समय किन बातों का ध्यान रखना है। इस रिफ्रेशर कोर्स के आखिरी सत्र में पुलिसकर्मियों का टेस्ट भी लिया गया। दो दिन की ट्रेनिंग में जिन्होंने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, उन अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग की इस कवायद का मकसद जिले में जांच प्रक्रिया को ज्यादा वैज्ञानिक और सटीक बनाना है, ताकि अपराधी तकनीकी कमियों का फायदा न उठा सकें और मामलों में जल्द न्याय मिल सके।

## पुलिस कार्यप्रणाली के खिलाफ राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**अकोदिया।** शाजापुर जिले के सुंदरसी में गुरुवार को जन संघर्ष समिति मध्यप्रदेश के नेतृत्व में पुलिस कार्यप्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया गया। क्षेत्र के नागरिकों ने पुलिस व्यवस्था में सुधार और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की। धरने के बाद समिति ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार कन्हैया लाल चौहान को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जिले के कई पुलिस थानों में आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। उनका कहना था कि कई मामलों में आवेदन तक स्वीकार नहीं किए जाते और संज्ञेय अपराध होने के बावजूद समय पर एफआईआर दर्ज नहीं होती। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मामलों में झूठे प्रकरण दर्ज कर लोगों को परेशान किया जाता है।

## युवक की आत्महत्या मामले में दो आरोपियों पर मामला दर्ज

**खातेगांव।** कन्नौद में करीब दो महीने पहले हुए फरहान अली आत्महत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। बुधवार को पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें से महिला आरोपी शम्मा बानो को गिरफ्तार कर देवास जेल भेज दिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी जाफर अली की तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि फरहान अली पर रुपए-पैसों के लेन-देन को लेकर लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। जांच के दौरान मिले कथनों और मोबाइल रिकॉर्डिंग से यह स्पष्ट हुआ। टाकलीखेड़ा निवासी जाफर अली पर फरहान से करीब 16 हजार रुपए मांगने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के साक्ष्य मिले हैं। वहीं, कन्नौद निवासी शम्मा बानो पर फरहान से उधार राशि पर ब्याज की मांग कर लगातार दबाव बनाने का आरोप है। इस मामले में मृतक के परिजनों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया था। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी। परिजनों ने कार्रवाई न होने पर 15 दिन में आत्मदाह की चेतावनी भी दी थी।



## कार धोते समय वाशिंग सेंटर संचालक की करंट लगने से मौत

**खातेगांव।** खातेगांव के नेमावर रोड स्थित एक वाशिंग सेंटर पर बुधवार को कार धोते समय करंट लगने से संचालक की मौत हो गई। यह हादसा वाशिंग सेंटर पर पानी की मोटर बंद करते समय हुआ। मृतक की पहचान अर्जुन पिता गोकुल साहू के रूप में हुई है, जो रोजाना की तरह अपने सेंटर पर काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, अर्जुन जब कार की धुलाई करने के बाद पानी की मोटर का स्टार्टर बंद करने पहुंचे, तभी स्टार्टर में विद्युत प्रवाह (करंट रिटर्न) आ गया। करंट की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही अचेत हो गए। घटना के वक्त मौजूद लोगों ने तुरंत लकड़ी की मदद से बिजली का संपर्क काटकर अर्जुन को अलग किया। उन्हें तत्काल निजी वाहन से शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक करंट हाथ के जरिए पूरे शरीर में फैल गया था, जिससे तत्काल उनकी मृत्यु हो गई।



## तिरंगा अंगीकार दिवस पर विजय स्तंभ चौराहे पर हुआ ध्वजारोहण

**आगर मालवा।** आगर मालवो तिरंगा अंगीकार दिवस के अवसर पर साई परिवार द्वारा बुधवार को विजय स्तंभ चौराहे पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष ध्वजारोहण समाजसेवी सौभाग्यमल जैन ने किया। सौभाग्यमल जैन के नाम का प्रस्ताव साई परिवार के सदस्य हुसैन बोहरा ने रखा, जिसका समर्थन मोहम्मद वकील खान ने किया। ध्वजारोहण के बाद गिरीश नागर ने कहा कि साई परिवार पिछले कई वर्षों से 22 जुलाई, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर और 26 जनवरी को नियमित रूप से ध्वजारोहण कर राष्ट्रभक्ति का संदेश देता आ रहा है। संस्था का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय चेतना और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि साई परिवार सामाजिक सरोकारों और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों से गो-सम्मान आह्वान अभियान से जुड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर सुनील सेठ जैन, अनिल सेठी, अजय सोनी, सुरेश मारू, लोकेश पाटीदार, सलीम अब्बासी, रमण जैन, राजेश देसाई, मुस्तफिक सिद्दीकी, मोहसिन काजी, जैनुद्दीन लाला सहित साई परिवार के अनेक सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## दो बच्चों की मां स्कूल जाने निकली, घर नहीं लौटी

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र से दो बच्चों की मां और एक निजी स्कूल की शिक्षिका के लापता होने का मामला सामने आया है। पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिक्षिका 20 जुलाई की सुबह स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटीं। उनके परिवार में 15 वर्षीय बेटी और 6 वर्षीय बेटा है। परिजनों ने स्कूल, शहर और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। शिकायतकर्ता के अनुसार शिक्षिका का मोबाइल खराब होने के कारण घर पर ही रखा हुआ था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता अनिलकुमार, राकेशकुमार, प्रकाशचंद, मधुबाला, अंगुरबाला पिता पुनमचन्दजी निवासी 366/2 अ महात्मा गांधी मार्ग, बडनगर जिला उज्जैन के उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान नगरपालिका गृह क्रमांक 366/2 अ स्थित महात्मा गांधी मार्ग बड़नगर मे स्थित है उक्त मकान का कुल क्षेत्रफल 825 वर्गफीट है। उक्त वर्णित मकान को मेरे पक्षकार द्वारा बिकी किये जाने का सोदा समक्ष गवाहन के तय किया गया है तथा मेरे पक्षकार द्वारा बिक्री किमत की साई पेटे राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है। जिसका एक अनुबंध पत्र भी विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकार के हित मे सम्पादित किया है। बिक्री किमत की शेष राशी विक्रेता को अदा कर उपरोक्त कय किये गये मकान का विक्रय पत्र का सम्पादन किया जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित मकान से सम्बधिंत किसी भी व्यक्ति सस्था बैंक तथा शासकीय अर्धशासकीय संस्था आदि का कोई ऋण भार बकाया हो तो वह इस जाहीर सुचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधी मे उपरोक्त मकान से सम्बंधित असल दस्तावेज मेरे कार्यालय लाकर अवलोकन करावे। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के पश्चात उपरोक्त मकान का विकय पत्र विक्रेता से मेरा पक्षकार सम्पादित करा. लेवेगा। बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधक कारक नही होगी। सूचित हो। दिनांकः-23/07/2026

**नितिन तिवारी एडवोकेट**
**बड़नगर जिला उज्जैन मोबा. 9425322979**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मनोज पिता थददारामजी जीवनानी एवं श्रीमती भावना पति मनोज जीवनानी निवासी- 17 सांईनाथ कालोनी उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 50 का भाग दक्षिण तरफ का साकेतनगर कालोनी उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 22/07/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स**
**उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**

## मेट्रो के सिंग्नलिंग सिस्टम को ओके, 25 से लागू

**भोपाल** भोपाल मेट्रो के सिंग्नलिंग सिस्टम को कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी ने हरी झंडी दे दी है। अब 25 जुलाई से मेट्रो दोनों ट्रैक पर दौडेगी। वहीं, नया रूट प्लान भी तैयार किया गया है। अब पीक ऑवर्स में हर 15 मिनट में मेट्रो मिलेगी।25 जुलाई से भोपाल मेट्रो की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। अन्य समय में 30 मिनट के अंतराल में मेट्रो उपलब्ध रहेगी। बता दें कि 25 जून को सीएमआरएस टीम ट्रैक पर उतरी थी। दो टीमों ने अलग-अलग मेट्रो में सवार होकर निरीक्षण किया था। टीमों ने देखा कि दो टीमें यदि आमने-सामने आ जाए तो सिस्टम कैसे काम करेगा? अचानक ब्रेक, स्पीड समेत अन्य बिंदुओं पर भी जांच की गई। इसके बाद टीम लौट गई थी, जिसने अब सिंग्नलिंग सिस्टम को हरी झंडी दे दी और मेट्रो कॉरपोरेशन ने नया शेड्यूल जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, भोपाल और इंदौर में अभी सिग्नलिंग सिस्टम नहीं था।

## राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल

**भोपाल।** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाए गए अनुराग जैन से आज दिन भर मंत्रालय में अफसरों की मेल मुलाकात चलती रही।इधर राज्य शासन द्वारा नए मुख्य सचिव नियुक्त किए गए अशोक बर्णवाल ने आज चार्ज संभाल लिया है और इसके बाद वे राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात करने लोकभवन भी पहुंचे हैं। नए सीएस बर्णवाल सीएम डॉ. मोहन यादव से कल ही मुलाकात कर चुके हैं। मुख्य सचिव ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से भी मुलाकात की।मुख्य सचिव अनुराग जैन ने आज नीति आयोग के सीईओ के पद से विदाई के पहले मंत्रालय पहुंचने वालों से मुलाकात कर सभी की बधाइयां स्वीकार कीं। इस दौरान उन्होंने चर्चा में कहा कि नए पद की जिम्मेदारी संभालने के पहले वे कुछ दिन अवकाश पर रहेंगे क्योंकि जब नए पद की जिम्मेदारी संभालेंगे तो फिर छुट्टी मिलना मुश्किल होगा।

## छात्र-युवाओं का देहरा प्रदर्शन भोपाल में किया

**भोपाल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को राजधानी भोपाल में छात्र-युवाओं ने दो चरणों में विरोध प्रदर्शन किया। सुबह नीलम पार्क में मूवमेंट अगेंस्ट अनएम्प्लॉयमेंट के बैनर तले प्रदेश के करीब 20 जिलों से आए छात्र, युवा और नर्सिंग स्टूडेंट्स एकत्रित हुए, जबकि शाम 6 से 7 बजे के बीच बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के सामने भी छात्रों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नीलम पार्क में आयोजित प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने बेरोजगारी, पेपर लीक, ठेका प्रथा, भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार, नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े और रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था, यह पेपर लीक नहीं, सिस्टम का लीकेज है। कई छात्र सोनम वांगचुक के फोटो लेकर पहुंचे, जबकि कुछ पोस्टरों पर सांसद चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर भी लगी थी।

## नईदिल्ली में बिकेंगे एमपी में बने उत्पाद

**भोपाल।** अगले महीने होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 में एमपी के हस्तशिल्प, एमएसएमई, जनजातीय उत्पादों को भी मंच मिलेगा। यह आयोजन कैट यानी, कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स करेगा। इसे लेकर गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई से भी मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सुनील जैन, संदीप गोधा, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा मौजूद थे। इस दौरान बैठक भी हुई। इसमें जिलाध्यक्ष शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन और कैट के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 होगा। यह भारत का पहला एवं सबसे बड़ा स्वदेशी व्यापार महोत्सव होगा। जिसमें देशभर के उद्योग, व्यापार, एमएसएमईएस, स्टार्टअप, जीआई उत्पाद, हस्तशिल्प एवं निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।एमपी को मिले बेहतर मंच-अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि इस महोत्सव में मध्य प्रदेश सरकार भी अपने चार से पांच स्टॉल लगाएगी। ताकि, प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा और सशक्त मंच प्राप्त हो सके। अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने शासन की सहभागिता पर सकारात्मक आश्वासन दिया और राज्य के विभिन्न विभागों के माध्यम से महोत्सव में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

## 10 साल से चोरी कर रहा आरोपी पकड़ाया

**रतलाम।** रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र की ऋद्धि-सिद्धि एवेन्यू कॉलोनी में सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने पिछले 10 साल से छोटी-छोटी चोरियां करने की बात कबूल की। उसने पुलिस को बताया कि वह कभी बड़ी चोरी नहीं करता था। केवल 3 से 5 हजार रुपए की चोरी करता था, ताकि कोई पुलिस में शिकायत न करे और उस पर शक भी न जाए।मामला 19 जुलाई की रात का है। कॉलोनी निवासी देवेंद्र डोडियार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर घर में घुसा। उसने गुल्लक तोड़कर उसमें रखे करीब 4 से 5 हजार रुपए चुरा लिए। सोमवार सुबह जब देवेंद्र डोडियार घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा हुआ था और गुल्लक से नकदी गायब थी। आरोपी तक पहुंची पुलिस- घटना वाली रात करीब 3:30 बजे कॉलोनी में तीन संदिग्ध चड्डी-बनियान पहने, नंगे पैर और हाथ में पत्थर लेकर घूमते हुए सीसीटीवी में दिखाई दिए थे। पुलिस को पहले शक था कि चोरी इन्हीं लोगों ने की है।

# तर्क से कुतर्क तक का सफर सात अपराधों का कारण बनता है: पं. श्याम मनावत



**शुजालपुर।** तर्क करना स्वाभाविक है, लेकिन जब तर्क समाधान के बजाय हठ का रूप ले लेता है तो वह वितर्क बन जाता है और आगे चलकर कुतर्क में परिवर्तित हो जाता है। कुतर्क ही जीवन में सात प्रकार के अपराधों का कारण बनता है। यह विचार विद्वान प्रवचनकार पंडित श्याम मनावत ने तनिष गार्डन में आयोजित शिव तत्व चिंतन कार्यक्रम में व्यक्त किए। जीवनलाल हजारीलाल परिवार द्वारा आयोजित शिव महिमा प्रवचन माला में पं. मनावत ने कहा कि महाराज दक्ष बुद्धि के प्रतीक हैं और बुद्धि से तर्क का जन्म होता है। इसलिए देवी सती तर्क स्वरूप हैं, जबकि माता पार्वती श्रद्धा की प्रतीक हैं। जीवन में तर्क उठना स्वाभाविक है, किंतु उसका समाधान खोजने के बजाय यदि व्यक्ति हठ पर अड़ जाता है तो वही तर्क, वितर्क और अंततः कुतर्क बन जाता है।

उन्होंने कहा कि देवी सती के जीवन से सात प्रमुख भूलों का उल्लेख मिलता है। पहला अपराध संतों के प्रति अश्रद्धा का था, जब उन्होंने महर्षि अगस्त्य के प्रति अपेक्षित श्रद्धा भाव नहीं रखा। दूसरा अपराध शास्त्रों के प्रति अश्रद्धा का था, जब उन्होंने श्रीराम कथा के महत्व को नहीं समझा और उसे श्रद्धापूर्वक नहीं सुना। तीसरा अपराध पति के प्रति अविश्वास का थाए जब उन्होंने भगवान शिव के वचनों पर विश्वास नहीं किया।

पं. मनावत ने आगे कहा कि चौथा अपराध भगवान को ईश्वर स्वरूप स्वीकार नहीं करना था, जबकि पांचवां अपराध भगवान की परीक्षा लेने का प्रयास करना था। इसके बाद उन्होंने असत्य का आश्रय लिया, जो गंभीर भूल थी। उन्होंने कहा कि इन सभी घटनाओं से यह शिक्षा मिलती है कि जीवन में उठने वाले तर्कों का समाधान विवेक और श्रद्धा से करना चाहिए न कि हठ, वितर्क और कुतर्क का सहारा लेना चाहिए। प्रवचन के दौरान नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं प्रबुद्ध श्रोताओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## ट्रैक्टर किराए की राशि लेकर चालक फरार

**शुजालपुर।** ट्रैक्टर किराए पर चलाकर किसानों से वसूली गई राशि मालिक को नहीं देने और 2.40 लाख रुपए लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ गबन का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम जामनेर निवासी धर्मेंद्र धाकड़ ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अपना स्वराज ट्रैक्टर एमपी 42 जेड 8339 गांव के किसानों के खेतों में जुताई, कल्टीवेटर एवं बोनी का कार्य कराने के लिए 22 फरवरी 2026 को गांव के ओमप्रकाश मालवीय को एक वर्ष के लिए चालक के रूप में रखा था। शुरुआत में चालक ने किराए की राशि जमा कराई, लेकिन पिछले चार-पांच महीनों से उसने किसानों से वसूली गई रकम नहीं दी। जब ट्रैक्टर मालिक ने अपने रजिस्टर के हिसाब से किसानों से जानकारी ली तो पता चला कि सभी किसान किराए की राशि पहले ही चालक ओमप्रकाश मालवीय को दे चुके हैं। हिसाब मिलाने पर करीब 2.40 लाख रुपए की राशि चालक द्वारा लेने का पता चला। रकम मांगने पर आरोपी ने दो-चार दिन में भुगतान करने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में काम पर आना बंद कर दिया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी हरपेन्दर सलूजा पिता श्री जसपालसिंह सलूजा, निवासी- 52, वररूचि मार्ग, फ्रिगंज, उज्जैन के एकांकी स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन कमांक 52 का पूर्वी भाग जो कि वररूचि मार्ग, फ्रिगंज, उज्जैन में स्थित है, भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 686 वर्गफीट अर्थात 63.76 वर्गमीटर है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है। अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत् ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक 24-07-2026

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग**
**काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोब. 99264-66157**

## In The Court Of IV Civil judge Class-I, District Court, Ujjain

**Presiding Officer:-श्री अनुराग शर्मा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक ( MJCSUC/0000065/2023 )**
**मोहित तिवारी..................आवेदक**
**विरूद्ध**
**सर्वसाधारण....................अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक 8/09/2026**

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहित तिवारी पिता स्व. अजय तिवारी, आयु-25 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-4 राजीव गांधी नगर मक्सी रोड उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन उसके पिता अजय तिवारी की मृत्यु पूर्व में दिनांक 21/08/2014 को तथा उसके काका श्री तिलक तिवारी की मृत्यु दिनांक 12/05/2023 को उनके निज निवास स्थान 4 राजीव गांधी नगर मक्सी रोड उज्जैन म प्र में हो चुकी है। मृतक श्री तिलक तिवारी द्वारा अपने जीवनकाल में अनावेदक क्रं.2 शाखा प्रबंधक, एस बी आई लाईफ इंश्योरेंस क.लि. पता- सनशाईन टॉवर फ्रीगंज उज्जैन म प्र से एक पॉलिसी जीवन सुरक्षा अर्थात लाईफ इंश्योरेंस क्रमांक- 1एच 733297708 कस्टमर आई डी 656909065 थी उक्त पॉलिसी के तहत पांच वर्ष की अवधि में अर्थात पालिसी आरंभ दिनांक से प्रत्येक वर्ष 100000/- की राशि जमा की जाना थी, जिसकी मृतक श्री तिवारी द्वारा प्रथम किश्त जमा की गई थी। उक्त पॉलिसी में नामिनी के रूप में श्री तिवारी द्वारा अपनी माता श्रीमती कमलाबाई पति स्व. शिवप्रसाद तिवारी का नाम दर्ज करवाया था जिनका आकस्मिक निधन श्री तिलक तिवारी के जीवनकाल में हो गया था, परिस्थितिवश नामिनी का नाम परिवर्तित करने हेतु अनावेदक क्रं.2 के यहां आवेदक को लेकर गये थे किन्तु संबंधित अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया था कि द्वतीय किश्त जमा किये जाने के समय नामिनी का नाम परिवर्तित कर दिया जावेगा और यदि जब भी आप चाहेंगे उचित समय में नामिनी का नाम परिवर्तित कर दिया जावेगा, किन्तु तिलक तिवारी की माता एवं बडे भाई की मृत्यु का आघात पहुँचने पर उनकी भी असमय ही आकस्मिक मृत्यु हो गई और आवेदक का नाम नामिनी के रुप में परिवर्तित नहीं हो सका। मृतक तिलक तिवारी अविवाहित थे, आवेदक ही एक मात्र उनका विधिक उत्तराधिकारी है। आवेदक पता ने मृतक तिलक तिवारी पिता स्व. श्री शिवप्रसाद तिवारी निवासी- 4 राजीव गांधी नगर मक्सी रोड उज्जैन की अनावेदक क्रं.2 के यहां उक्त पॉलिसी के तहत जमा राशि मय ब्याज हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 सितंबर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 सितंबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 16 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा** **( अनुराग शर्मा )**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश उज्जैन**
**मुख्य न्यायाधीश**
**उज्जैन ( मप्र )**

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए **खुली ई-निविदा GEM / 2026 / B / 7825779 के विरुद्ध अंतिम तिथि - 24.08.2026 15:00:00बजे) (सिंगल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** एकीकृत सुरक्षा और निगरानी प्रणाली का एएमसी आरडीएसओ / आईसीएफ/आरसीएफ दिशानिर्देशों के अनुसार कोचिंग डिपो इंदौर और DADN में एलएचबी कोचों में स्थापित सीसीटीवी सिस्टम के लिए 12 महीनों की अवधि हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC); स्कोप ऑफ़ वर्क। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 34,59,852.28. **बयान राशि:** रु. 69,200/-. **समापन अवधि:** एलओए जारी होने की तिथि से 1 वर्ष है। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय - वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर। **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय:** 24.08.2026 15:00:00 बजे तक। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें GEM. वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी वरि कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर जा सकती है। SPAN/3/1/172

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती सजनबाई पति श्री हीरा जी निवासी ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-55 रकबा 0.460 हेक्टयर ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित/होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है और शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋ्ण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-23.07.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 99930 79516-9425094349**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सेवाराम पिता रूगनाथ व अयोद्याबाई पति सेवाराम निवासी ग्राम तुमडावदा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 836 रकबा 1.7600 हैक्टर व सर्वे नम्बर 1054 रकबा 2.5600 हैक्टर, कुल किता 2 कुल रकबा 4.32 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम तुमडावदा पटवारी हल्का नंबर 00078 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋ णदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशसन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो । दिनांक 23-07-2026

**अजय शर्मा ( दस्तावेज लेखक )**
**पता - द्वितीय मंजिल सनशाईन टॉवर**
**तीन बत्ती चौराहा फ्रीगंज उज्जैन**
**मो. 8269122569**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सूचित किया जाता है कि संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 139/3. जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 150/4 में का भाग होकर प्रताप नागर ग्राम पवांसा नगर निगम वार्ड क्रमांक 40 मक्सी रोड उज्जैन स्थित होकर कुल क्षेत्रफल 44.55 वर्गमीटर जिसके पूर्व में - रास्ता पश्चिम ने अन्य भूमि उत्तर में - भूखण्ड जयराज सिंह बैस का तथा दक्षिण में - अन्य भूखण्ड, मिला है. की प्रतिभूति पर प्रस्तावित ऋणि श्री जितेन्द्र कहार पिता श्री श्याम लाल कहार ने वित्तीय सुविधा प्रदान किये जाने विषयक आवेदन प्रस्तुत किया है। वर्तमान स्वागी श्री मनोरमा कुमावत पति श्री गोपाल कुमावत निवासी अवंतिपुरा अंकपात मार्ग उज्जैन ने अवगत कराया है कि उक्त संपत्ति के स्वामित्य से सम्बंधित मूल लिंक दस्तावेज एक पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.07.2012 क्रमांक 696 पंजीयन दिनांक 20.07.2012 जिसके माध्यम से हिरालाल पिता पन्नालाल द्वारा मुखत्यारआम शैलेन्द्र सिंह बैस पिता प्रदीप सिंह बैस के द्वारा भूखण्ड श्री राजकुमार पिता श्री मदनसिंह को विक्रय कि गई थी। मूल कहीं गुम हो गया है. काफी ढूंढ़ने के पश्चात् भी नहीं मिल रहा है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित गुम हुवे दस्तावेज किसी व्यक्ति, बैंक, पेढी, संस्था, वित्तदायी संस्था आदि के पास बंधक हो या उक्त के आधार पर कोई ऋण लिया गया हो या संपत्ति पर किसी का कोई लेना देना ऋ ण, भार हो या संपत्ति के स्वामित्य, कब्जे या विक्रय के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्रवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 14 (चौदह दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्रवाही की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किए जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋ ण दायित्व मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा उज्जैन (म.प्र.) का रहेगा. तथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित हो इति दिनांक 23.07.2026

**जम्बूकुमार जैन एडवोकेट एवं नोटरी ( भारत सरकार )**
**23. शंकु मार्ग माधवनगर उज्जैन मो. 9669666697**

## छात्राओं को बताए सफलता के मंत्र

**शुजालपुर।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों और करियर चयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करियर विशेषज्ञ मनीष परमार एवं विशाल पाटीदार ने छात्राओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**संख्या: EL-2026-27-04R1 दिनांक: 21.07.2026**

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल रेल प्रबंधक (बिजली / पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **ई-टेंडरिंग: EL-2026-27-04R1. कार्य का नाम:** Ratlam Division - Replacement & Repairing work of Pantry equipment's in LHB AC Pantry Car at IND and DADN based primary rakes for a period of two years. **अनुमानित लागत:** रु 98,79,257.26. **बयाना राशी:** रु 1,97,600/-. **कार्य की समापन अवधि:** 24 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 21.07.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 12.08.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता तर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध। टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है। SPAN/7/1/165

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**आवेदन आमंत्रित करने की सूचना**

**पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के द्वारा (1) इंदौर (2) उज्जैन एवं (3) रतलाम स्टेशनों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के प्राधिकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल (1) इंदौर (2) उज्जैन एवं (3) रतलाम स्टेशनों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) की प्राधिकरण हेतु आवेदन आमंत्रित करते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि वाणिज्य विभाग के मुख्य हॉल, डीआरएम कार्यालय, दो बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश) में उपलब्ध घड़ी के अनुसार होगी।

**विवरण निम्नानुसार है :- निविदा संख्या: C 550/1/YTSK-(1) Indore (2) Ujjain (3) Ratlam (WR-RTMOCOMM (0550) / 1 / 2025 (E= 657657) दिनांक 21.07.2026. कार्य का नाम और स्थान:** यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK): (1) इंदौर (2) उज्जैन (3) रतलाम क्षेत्र में, पश्चिम रेलवे के रतलाम डिवीजन के अंतर्गत, तीन वर्ष की अवधि के लिए। **कार्य का विवरण:** रतलाम मंडल के अंतर्गत (1) इंदौर (2) उज्जैन (3) रतलाम क्षेत्र में "यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK)" की स्थापना के लिए प्राधिकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन अलग-अलग लिफाफों में जमा किए जाने हैं, जिनमें रेलवे की वेबसाइट (**www.wr.indianrailways.gov.in**) पर उपलब्ध पात्रता मानदंडों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न होने चाहिए। लिफाफे पर "यात्री टिकट सुविधा केंद्र के लिए आवेदन पत्र अंकित होना चाहिए। आवेदक का नाम और पता (पिन कोड सहित)______ स्टेशन के पास (वाईटीएसके) के लिए आवेदन करें। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। **कार्य अवधि:** 03 वर्ष। **बोली जमा करने और निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 25.08.2026 को 11:30 बजे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 25.08.2026 को 12:00 बजे। कार्यालय मंडल रेलवे प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिमी रेलवे, दो बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश)। **वेबसाइट संबंधी जानकारी:** निविदा दस्तावेज पश्चिम रेलवे की वेबसाइट **www.wr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश घोषित होता है, तो निविदा पेटी अगले कार्यदिवस पर उसी समय सारणी के अनुसार खोली जाएगी। किसी भी अन्य आवश्यक जानकारी के लिए, मंडल रेलवे प्रबंधक (वाणिज्य) दो बत्ती, रतलाम के कार्यालय से कार्यदिवसों के दौरान संपर्क करें। इसके अतिरिक्त, यदि कोई शुद्धिपत्र (संशोधन) हो, तो उसे उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और निविदाकर्ता के लिए शुद्धिपत्र डाउनलोड करना, उस पर हस्ताक्षर करना और मुहर लगाना तथा निविदा दस्तावेज के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। SPAN/4/1/166

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि भूमि सर्वे नंबर 282 रकबा 0.6000 हेक्टेयर में से रकबा 0.0600 हेक्टेयर भूमि तथा कृषि भूमि सर्वे नंबर 283/1 रकबा 0.7300 हेक्टेयर में से रकबा 0.2200 हेक्टेयर भूमि, कुल किता 2-दो भूमि कुल रकबा 0.2800 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम नहारिया, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में होकर भूमि स्वामी श्री कमलसिंह पंवार पिता श्री भुवानसिंह पंवार, निवासी 39, ग्राम नहारिया, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की हैं। उक्त वर्णित कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त कृषि भूमि के दस्तावेज विक्रय-पत्र का पंजीयकरण होना हैं। उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त वर्णित कृषि भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 3-तीन दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित कृषि भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त कृषि भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें।

सूचित हो। दिनांक 23/07/2026, स्थान उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस**
**34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा पति स्व. श्री कैलाश शर्मा, 2. कुमारी अनुष्का शर्मा पिता स्व. श्री कैलाश शर्मा, 3. श्री अरिन शर्मा पिता स्व. श्री कैलाश शर्मा, निवासीगण 62, आर.एन.टी. मार्ग, अब्दालपुरा, उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड / प्लिंथ कमांक एल-12 स्थित तिरूपति किस्टल प्रीमियम कालोनी, ग्राम जीवनखेड़ी, तहसील कोठीमहल, जिला उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 53.39 वर्गमीटर है, जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व में भूखण्ड कमांक एल-4 एवं एल-5 (तिरूपति क्रिस्टल ब्लॉक-सी), पश्चिम में सड़क कालोनी की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक एल-13 एवं दक्षिण में- भूखण्ड कमांक एल-11 मिला है। उक्त भूखण्ड को श्री कैलाश शर्मा द्वारा अपने जीवनकाल में कय किया गया था जिनका स्वर्गवास दिनांक 17.03.2026 को हो चुका है जिसके पश्चात उनकी धर्मपत्नी, उनकी पुत्री एवं पुत्र द्वारा उक्त भूखण्ड को विक्रय किया जा रहा है। मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति को कय कर अनुबंध पत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 23-07-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा**
**उज्जैन मो. 70679-09621**

## न्यूज-कॉलम

### जैन संतों का चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश 24को

**नीमच।** श्री जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय ट्रस्ट विकास नगर नीमच के तत्वावधान में रत्न निधी श्रीजी आदि ठाणा 5 के चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चातुर्मास प्रवेश का जुलूस 24 जुलाई को जैन भवन से प्रारंभ. होकर मिडिल स्कूल मैदान, शिक्षक कॉलोनी, राजा टोडरमल चौराहा विकास नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ महावीर जिनालय दर्शन के पश्चात झूलेलाल मंदिर परिसर पर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो जाएगा। भक्तामर स्तोत्र के रचयिता श्रीमानतुंग रत्न निधि श्रीजी आदि ठाणा 5 का चातुर्मास मंगल प्रवेश 24 को सुरीश्वरजी द्वारा रचित नमीऊण पार्श्व महातप की तपस्या 30 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगी। जिसमें एक पारणा बियासना इस प्रकार उपवास और 21 पारणे रहेंगे।

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन आज

**नीमच।** शहर में धार्मिक गतिविधियों का केंद्र बने इस काम केंद्र द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथजी, श्रीबलदेव जी एवं माता सुभद्रा महारानी की भव्य रथयात्रा कल 24 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे माहेश्वरी भवन, नीमच से प्रारंभ होगी। रथयात्रा जैन भवन रोड, विजय टाकीज चौराहा, दशहरा मैदान, जाजू बिल्डिंग, तिलक मार्ग, घंटाघर, नया बाजार होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। आप सभी श्रद्धालुओं से विनम्र निवेदन है कि अपने परिवार एवं मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारें, भगवान श्रीजगन्नाथजी के दिव्य रथ के दर्शन करें तथा हरिनाम संकीर्तन में सहभागी बनकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया हैं।

### जिले के छात्रावासों में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रारंभ

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देश पर जिला जनजाति कार्य विभाग द्वारा छात्रावासों में रहवासी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 23 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान के पहले दिन 200 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके बाद दूसरे दिन गुरुवार को 600 विद्यार्थियों की जांच की गई। जिला संयोजक अंगूरबाला भगोरा ने बताया कि जिले में कुल 36 छात्रावास संचालित हैं, जिनमें से अब तक 16 छात्रावासों के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण पूरा किया जा चुका है। शेष छात्रावासों में भी शीघ्र ही शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की जांच का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की ब्लड जांच, सिकल सेल, एनीमिया, बीपी और शुगर आदि की जांच की जा रही है।

### दिसम्बर में होगा परिचय सम्मेलन

**मंदसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास की साधारण सभा रामटेकरी स्थित पोरवाल छात्रावास में अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया एवं अन्य पदाधि कारियों की उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सामाजिक हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 के आय-व्यय पत्रक और आगामी बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही समाज की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट, होली गोठ तथा राजा टोडरमल जयंती के आय-व्यय विवरण की समीक्षा कर उन्हें भी स्वीकृति दी गई।

**पश्चिम रेलवे**

**डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिमी रेलवे, डीआरएम कार्यालय, एनेक्स बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, दो-बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश) - 457 001 निविदा सूचना संख्याः EL-C-RTM-2026-03-RT दिनांक 21.07.2026 को आमंत्रित करता है। कार्य का नामः प्रस्तावित नए उज्जैन बाईपास (नैखेरी स्टेशन, चिंतामन गणेश स्टेशन के बीच) और प्रस्तावित नए नागदा बाईपास (रोहलखुर्द, कोटा डिवीजन, पश्चिमी रेलवे) और भातिसुदा (रतलाम डिवीजन) के बीच) के लिए उच्च गति (160 किमी प्रति घंटा) 25 केवी, 50 हट्र्ज, एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें नए एसएसपी का प्रावधान, मौजूदा फीडिंग पोस्ट का संशोधन और अतिक्रमणों को हटाना शामिल है, जो पश्चिमी रेलवे के रतलाम डिवीजन की नई उज्जैन बाईपास लाइन और नई नागदा बाईपास लाइन परियोजनाओं से संबंधित है। लगभग। मूल्यः10,44,35,949.23/- बोली जमा राशिः 20,88,700/- ऑनलाइन बोली शुरू होने की तिथिः 31.07.2026 निविदा बंद होने की तिथिः 14.08.2026 को दोपहर 3 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

0404

0404

हमें लाइक करेंः X.com/WesternRly

# रॉयल कॉलेज में आज पौधारोपण पखवाड़े का भव्य शुभारंभ हुआ

### एक हजार से अधिक फलदार व छायादार पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



सालाखेड़ी स्थित 65 बीघा क्षेत्रफल में फैले रॉयल कॉलेज में आज पौधारोपण पखवाड़े का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में लगभग एक हजार फलदार और छायादार पौधों को रोपित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. महेश पालीवाल ने लाल चंदन का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन श्री प्रमोद गुगालिया और परशुराम कल्याण बोर्ड के उज्जैन संभाग प्रभारी अनुराग लोखंडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रॉयल कॉलेज के कैंपस प्रशासक श्री दिनेश राजपुरोहित ने बताया कि इस वर्ष जिन पौधों का रोपण किया जा रहा है, उनमें ६ प्रजाति के आम, लीची, फालसे, लाल शहतूत, नाशपाती, अमेरिकन रेड जामफल व ताइवान पिंक जामफल, आंवला, हाइब्रिड जामुन, मैंगोस्टीन, आड़ू, बेल पत्र, बॉटल पाम, वाटर एप्पल, गोल्डन सीताफल, एप्पल बेर, भगवा अनार, फाइकस और हाइब्रिड चीकू आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।श्री राजपुरोहित ने यह भी बताया कि पिछले 30 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा को समेटे हुए इस संस्थान में वर्तमान में लगभग दो हजार से अधिक छायादार और फलों के वृक्ष लहलहा रहे हैं। ये न केवल यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाते हैं बल्कि भीषण गर्मी के दौरान भी वातावरण को शीतल रखते हुए शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संस्थान ने इसे पूरी तरह से वायु और ध्वनि प्रदूषण मुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित किया है।

महाविद्यालय की जीवंतता और सौंदर्य में चार चाँद लगाने के लिए यहाँ गुलाब, कमल और जरबेरा जैसे आकर्षक फूलों के कई भव्य उद्यान और सुंदर फव्वारे स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कई फ्रूट गार्डन्स में आम, चीकू, जामुन, जामफल, आवला, एप्पल बोर, नींबू, मौसंबी, संतरा, बादाम, सीताफल, पपीता, केला, कटहल, अंजीर और शहतूत के सैकड़ो पेड़ों को लगाया गया है। सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह है कि यहाँ की सम्पूर्ण जमीन पथरीली व चट्टान वाली है, इसके बावजूद जमीन में गड्ढे खोद कर और उनमें मिट्टी भरकर इन पेड़-पौधों को सफलतापूर्वक लगाया गया है।

पौधारोपण पखवाड़े के अवसर पर मैनेजमेंट प्राचार्य डॉ. प्रवीण मंत्री, टीचर एजुकेशन प्राचार्य डॉ. आर. के. अरोड़ा, फामेर्सी प्राचार्य डॉ. कल्पना पाटीदार, लाइफ साइंस प्राचार्य कपिल केरोल एवं नर्सिंग प्राचार्य जगदीश डुके के साथ-साथ महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कालिदास के साहित्य से प्रेरित हैं देश की व्यवस्थाएं- प्रो. डॉ. मयूरी भाटिया

### दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर




कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन और संस्कृति परिषद मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का समापन शोध संगोष्ठी के साथ हुआ। इस संगोष्ठी में महाकवि कालिदास के साहित्य में निहित नागरिक कर्तव्य और लोक जीवन विषय पर देशभर से आए विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविंद दत्तात्रेय गंधे ने मंदसौर में इस आयोजन को और विस्तार देने पर बल दिया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ. ऋषिराज पाठक तथा द्वितीय सत्र का संचालन डॉ. मीनाक्षी सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में नगर की विभिन्न साहित्यिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अतिथियों का सम्मान किया।

शोध संगोष्ठी के दोनों सत्रों में महाकवि कालिदास रचित ग्रंथों पर आधारित विषयों कुमारसंभवम में परिवार भाव रघुवंशम ओर मालविकाग्निमित्रम् में स्व गौरव विमर्श पर डॉ संजय यादव दिल्ली, डॉ दिव्या देशपांडे रायपुर, डॉ. एल एन पांडे भोपाल डॉ. सदाशिव द्विवेदी बनारस, डॉ. ज्योत्सना सिंह ग्वालियर डॉ. मीनाक्षी सिंह इंदौर, डॉ. प्रतिभा गौतम बूंदी, प्रो. भाग्यश्री पलवलकर जलगांव, डॉ जय श्री साकले अकोला, डॉ हेमंत शर्मा उज्जैन, डॉ. के आर सूर्यवंशी, डॉ. अनिल कुमार आर्य, डॉ. पंकज शर्मा डॉ. सीमा जैन, डॉ ललिता लोधा ,डॉ शिवकुमार पांडे डॉ. संगीता सिंह रावत, भगवती प्रसाद गहलोत, डॉ. कैलाशचंद्र पांडे, नंदकिशोर राठौड़ नरेंद्र त्रिवेदी डॉ. दिनेश तिवारी आदि में अपने शोध पत्रों का वाचन किया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ. ऋषिराज पाठक दिल्ली ने किया आभार अकादमी निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे ने माना द्वितीय सत्र का संचालन डॉ.मीनाक्षी सिंह इंदौर ने किया आभार कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार बारोड़ ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, प्रदीप भाटी, राजेश सैनी, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान खालिद, प्रकाश कल्याणी, बंशीलाल टांक, अजय बड़ोलिया आदि उपस्थित रहे।



# नपा ने फ्रूट मार्केट में गंदगी फैलाने पर 15 फल विक्रेता के बनाए चालान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर शहर को साफ,सुथरा व स्वच्छ बनाए रखने के लिए शहर में निरंतर स्वच्छता गतिविधियों के साथ की सड़कों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। बुधवार 22 जुलाई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया के निर्देश पर नगर पालिका के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक के नेतृत्व में सहायक राजस्व निरीक्षक श्री योगेश टांकवाल, स्वच्छता निरीक्षक श्री भारतसिंह भारद्वाज, श्री भेरूलाल अहीर,श्री गोपाल नरवाले आदि द्वारा फ्रूट मार्केट में सड़क पर गंदगी फैलाने वाले व्यवसाईयों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 15 व्यवसाईयों के चालान बनाएं एवं कुल 3300 रुपए जुमार्ना वसूला।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक ने बताया कि सड़क पर गंदगी फैलाने वालो व कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, इसलिए सार्वजनिक स्थान पर व्यवसाय करने वाले सभी व्यवसाईयों एवं दुकानदारों तथा शहर वासियों से अनुरोध है कि वे सड़क पर या नाली में कचरा ना फेंकते हुए अपने यहां डस्टबिन रखें और डस्टबिन में कचरा एकत्रित कर कचरा गाड़ी या निर्धारित स्थान पर ही फेंक कर चालानी कार्रवाई से बचे एवं शहर को स्वच्छ रखे।




## एनएफआर द्वारा कटिहार और मनिहारी के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

आगामी श्रावणी मेले के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को सुविधा प्रदान करने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कटिहार मंडल के अधीन कटिहार और मनिहारी के बीच स्पेशल ट्रेन सेवाओं के परिचालन करने का निर्णय लिया है। वार्षिक श्रावणी मेले में आने वाले हजारों भक्तों, तीर्थयात्रियों और यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आराम दायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन स्पेशल ट्रेनों की योजना बनाई गई है। स्पेशल ट्रेनों की एक जोड़ी, ट्रेन संख्या 07540/07539 (कटिहार - मनिहारी - कटिहार) श्रावणी मेला स्पेशल, प्रत्येक दिशा से 22-22 फेरों के लिए चलेगी। 25 जुलाई से 23 अगस्त, 2026 तक ट्रेन संख्या 07540 प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को कटिहार से 19.00 बजे रवाना होकर मनिहारी 19.45 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, 26 जुलाई से 24 अगस्त, तक ट्रेन संख्या 07539 प्रत्येक बुधवार, गुरुवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को मनिहारी से 3.30 बजे रवाना होकर कटिहार 4.15 बजे पहुंचेगी।

# नीट पेपर लीक के विरोध में किसानों और छात्रों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्र आंदोलन पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को किसानों व छात्रों ने किसान नेता श्यामलाल जोकचंद के नेतृत्व में स्थानीय यश नगर कॉर्नर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगें रखीं और इसके पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द्र, कमलेश पटेल, भगतराम डाबी और नेहा जैन सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि बार-बार प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की और इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी भंवरलाल गुर्जर ने कविता के माध्यम से छात्रों की पीड़ा व्यक्त की।

ज्ञापन में नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, पुलिस लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच, पीड़ित परिवार को मुआवजा, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में नागरिक और छात्र उपस्थित रहे।

उल्टा फहराया राष्ट्रीय ध्वज- इस दौरान प्रदर्शन में राष्ट्रीय ध्वज के करीब आधे घंटे तक उल्टा फहराए जाने का मामला भी सामने आया, जिसे बाद में लोगों का ध्यान जाने पर सीधा किया गया। इस मामले में श्यामलाल जोकचंद ने कहा कि भाजपाईयों ने प्रदर्शन में घुसकर यह कार्य किया है। वहीं पुलिस ने वायरल वीडियों की जांच के उपरांत कार्यवाही करने की बात कही है।

# दशपुर जागृति संगठन ने मनाई अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

दशपुर जागृति संगठन के तत्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल पर उनकी 120वीं जयंती मनाई गई और पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पुराणिक, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष बी.एस. सिसौदिया और संरक्षक एम.पी. सिंह परिहार ने शहीद आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. देवेंद्र पुराणिक और अन्य संरक्षकों ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को याद किया। उन्होंने बताया कि आजाद के लिए भारत माता ही सर्वोपरि थीं और उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, लेकिन कभी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की। वक्ताओं ने कहा कि आजाद के विचार और उनका त्याग आज के युवाओं के लिए देशभक्ति का सबसे बड़ा उदाहरण हैं।

इस अवसर पर उपस्थित नंदकिशोर राठौर ने छंद के माध्यम से भी शहीद आजाद को अपनी श्रद्धांजलि दी। संगठन के पदाधि कारियों ने बताया कि वे पिछले 16 वर्षों से लगातार देश के महान क्रांतिकारियों की जयंती और बलिदान दिवस मनाते आ रहे हैं।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी व छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़



संसद में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी की गिरफ्तारी तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ के नेतृत्व में व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया गया।

प्रातः 11.30 बजे काका साहेब गाडगिल चौराहे से कांग्रेसजनों ने हाथों में काली पट्टियां बांधकर पैदल मार्च निकाला। "लोकतंत्र बचाओ", "युवा सम्मान बचाओ", "तानाशाही नहीं चलेगी" और "छात्रों पर अत्याचार बंद करो" जैसे गगनभेदी नारों के साथ यह मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने सांकेतिक रूप से फोरलेन पर बैठकर चक्काजाम किया तथा बाद में अनुविभागीय अधिकारी (स्व्हरू) कार्यालय का घेराव कर राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन का वाचन करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि देशभर के छात्र-छात्राएं अपने भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन कर रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार ने उनकी आवाज सुनने के बजाय दिल्ली पुलिस के माध्यम से उन पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाईं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं घायल हुए, जो लोकतंत्र, संविधान और युवाओं के अधिकारों पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी एवं अन्य सांसदों के साथ किया गया दुर्व्यवहार और गिरफ्तारी लोकतांत्रिक परंपराओं का घोर अपमान है। केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतंत्र का गला घोंटना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस तानाशाही के सामने कभी झुकेगी नहीं।

उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की।प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुराम सिसौदिया ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अहंकार में लोकतांत्रिक संस्थाओं को कुचलने पर उतारू है। छात्रों पर लाठीचार्ज, महिलाओं के साथ अभद्रता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर काला धब्बा है।

## न्यूज कालम



### मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री चौतन्य कुमार काश्यप ने कार्यकताओं की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

### साध्वी चारित्रकला श्रीजी म .सा . आदि ठाणा का मंगल प्रवेश 24 जुलाई को



**आलोट।** सकल श्री संघ की उपस्थिति में शुक्रवार 24 जुलाई को साध्वी चारित्रकला श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-6 का आलोट में प्रातः 9 बजे अंबेडकर भवन से नगर में धूमधाम से प्रवेश होगा, इसके बाद रानीपुरा में स्थित जैन पंचायती भवन पहुंचकर धर्मसभा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा । त्रि स्तुतिक संघ अध्यक्ष संजय डूंगरवाल एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष सुनील शिवकुमार पारिख ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रातः ८ बजे नवकारसी होगी। सुबह 9 बजे साध्वी श्री का मंगल प्रवेश प्रवेश सौरम्य नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ जैन पंचायती भवन पहुंचेगा। प्रवेश सौरम्य में पूर्व मंत्री पारस जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जैन श्वेतांबर भवन में सुबह 11 बजे धर्मसभा आयोजित की जाएगी। साध्वी जी के प्रवचन एवं मांगलिक के बाद कार्यक्रम का समापन होगा । वर्षा वास के दौरान होने वाली धार्मिक आयोजन की जानकारी दी जाएगी, कार्यक्रम के पश्चात जैन श्वेतांबर भवन, रानीपुरा में स्वामी वात्सल्य का आयोजन रखा गया है।

### अनुपूरक अनुमान में रतलाम के 8 .67 करोड़ के विकास कार्यों का प्रावधान

**रतलाम।** राज्य विधानसभा में 22 जुलाई को पारित 7 हजार 455 करोड़ से अधिक के प्रथम अनुपूरक अनुमान में रतलाम के 8 करोड़ 67 लाख रुपए की अनुमानित लागत के विकास कार्य सम्मिलित कर बजटीय प्रावधान किए गए हैं। इनमें लेबड़-जावरा मार्ग पर आईपीसीए फैक्ट्री सेजावता फंटा के निकट ब्लैक स्पॉट का दीर्घकालिक सुधार कार्य शामिल है, जिसकी लागत 2.06 करोड़ है। सर्किट हाउस में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई है। यह कार्य 6.61 करोड़ रुपए अनुमानित लागत का है। एम.एस.एम.ई. मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने इन वित्तीय प्रावधानों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह का आभार माना है। ब्लैक स्पॉटों के सुधार से जहां दुर्घटना में कमी आयेगी, वहीं सर्किट हाउस में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से आवासीय सुविधा में वृद्धि होगी।

### जिला पंचायत में च्मिशन वात्सल्यज अंतर्गत समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर।** जिला पंचायत सभागार मंदसौर में सीईओ अनुकूल जैन की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से योजना के महत्वपूर्ण प्रावधानों और प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सीईओ श्री जैन ने अधिकारियों को देखरेख की आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन, नियमित क्षेत्र भ्रमण, अति गंभीर व मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की वास्तविक पहचान, पोषण पुनर्वास केंद्र में रेफरल, श्रेणी सुधार, आंगनवाड़ी भवनों का सुदृढ़ीकरण, पोषण वाटिका निर्माण और पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सुरक्षित परिसरों में आंगनवाड़ी संचालन, शारीरिक माप उपकरणों के सत्यापन और रैंकिंग प्रणाली लागू करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक और जिला परियोजना सहायक मौजूद रहे।

### बस स्टैंड अटल सेतु पुलिया शहर के लिये होंगी सौगात - श्रीमती चोपड़ा



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत वार्ड क्रमांक 14 स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के यहां 1 करोड़ 26 लाख की लागत से निर्मित अटल सेतु पुलिया का कार्य अंतिम चरण में है। गुरुवार 23 जुलाई को नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद श्रीमती किरण शर्मा तथा अन्य पार्षद गणों व नगर पालिका अधिकारियों के साथ अटल सेतु पुलिया के कार्य का निरीक्षण किया एवं ठेकेदार को निर्देश दिए की कार्य की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखें एवं कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें।श्रीमती चोपड़ा ने बताया की प्राइवेट बस स्टैंड की यह पुलिया काफी महत्वपूर्ण है और शहर वासियों के लिए जरूरी सौगात है।इस पुलिया से बसों व अन्य वाहनों के साथ ही वैभव नगर सहित अन्य कॉलोनी के निवासियों व आम जनता तथा व्यवसायों का आवागमन होता है, यह पुलिया काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी इसलिए शासन से विशेष अनुमति प्राप्त कर एक करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से इस पुलिया का निर्माण किया जा रहा है और इसका नाम अटल सेतु रखा गया है। यह पुलिया 50 मीटर लंबी बन रही है और इसमें दोनों तरफ रिटर्निंग वॉल भी लगाए जा रहे हैं, साथ ही फेब्रिकेशन का कार्य करने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि यहां कचरा एकत्रित नहीं हो और पानी का बहाव निरंतर बना रहे।



## गणेश देवली पर पानी निकास की समस्या से रहवासी चिंतित

**खाचरोद।** नगर के मध्य गणेश देवली पर पहली बरसात मे पानी जमा हो गया। वर्षों पुरानी समस्या का हल अभी तक नपा ओर प्रशासन नहीं निकाल पाया। पिछले वर्ष भी पानी ने दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ। सिर्फ खानापूर्ति की गई । समस्या का निराकरण करने का आश्वासन देकर पूरा साल निकाल दिया। अब बरसात प्रारम्भ हो चुकी है। रहवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। लापरवाह प्रशासन को रहवासी कोष रहे है।

## नपा द्वारा एल्डर मेन का किया स्वागत सत्कार



**खाचरौद।** शासन द्वारा नगर पालिका परिषद खाचरौद में नियुक्त एल्डरमैन का आज 22 जुलाई को नगर पालिका सभागार में अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा स्वागत सत्कार किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने बताया कि शासन द्वारा नगर पालिका में एल्डरमैन के रूप में विनोद चतुवेर्दी, संतोष राठौर, अर्जुन शर्मा, रामकिशन नागर एवं कमला डाबी ,राहुल मेहता, राधेश्याम बम्बोरिया, राजेन्द्र बबलू पण्ड्या सहित बड़ी संख्या में नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अर्जुन शर्मा के एल्डरमैन नियुक्त होने पर हर्ष

**खाचरोद।** जनसंघ के समय से पार्टी के प्रति समर्पित वरिष्ठ अर्जुन शर्मा को नगरपालिका परिषद में शासन द्वारा एल्डरमैन नियुक्त किया गया। कई वर्षों से भाजपा पार्टी के पार्टी निस्वार्थ भाव से सेवा का परिणाम प्राप्त हुआ। इतने वर्षों में कई चुनाव आये गए पर।पार्टी के प्रचार करने का अपना अलग ही अंदाज गोपू माइक से भाजपा पार्टी के लिए समर्पित रहे। वार्डवासी ओर रहवासिजनो द्वारा अर्जुन शर्मा का पुष्प मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

## आगर विधानसभा के टॉपर्स विद्यार्थियों का विधानसभा भ्रमण



**बडौद।** 22 जुलाई को मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से एवं विधायक मधु गहलोत के नेतृत्व में आगर विधानसभा के टॉपर्स बच्चों को जेब विधानसभा का भ्रमण कर विधानसभा कार्रवाई को देखा एवं समझा ’ मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विधायक मधु गहलोत ने आगर विधानसभा के विद्यार्थियों के साथ सभा कक्ष में बैठकर नई शिक्षा नीति एवं शिक्षा के नवाचार पर सार्थक चर्चा की ’ विधानसभा क्षेत्र के 45 विद्यार्थी एवं 10 शिक्षक का स्टाफ भ्रमण पर रहा।

## मंगल वरदाय चातुर्मास का मंगल प्रवेश 24 को

**महिदपुर।** सकल जैन श्री संघ में मंगल वरदाय चातुर्मास को लेकर हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। चातुर्मास के मंगल प्रवेश अवसर पर 24 जुलाई को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सकल जैन श्री संघ की नवकारसी से होगी। इसके पश्चात प्रातः 9.15 बजे श्री लाल मंदिर से भव्य प्रवेश जुलूस प्रारंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला पहुंचेगा।

श्रावण मास की तैयारियों में जुटा मनकामनेश्वर सेवा मंडल, चारों सोमवार होंगे विशेष आयोजन

# मंदिर परिसर में होंगे विकास कार्य, आकर्षक सजावट, विद्युत रोशनी व भगवान शिव का श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



आगामी 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले पवित्र श्रावण मास को लेकर नगर के सिंचाई विभाग परिसर स्थित प्राचीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार देर रात श्री मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में श्रावण मास के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों, मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मनकामनेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष धनश्याम पुष्पद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष श्रावण मास को विशेष एवं भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। सावन के चारों सोमवार को भगवान मनकामनेश्वर महादेव का आकर्षक एवं मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी, फूलों की सजावट और साउंड सिस्टम से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण का अनुभव हो सके। सदस्य लखन भावसार, संजय चौहान व मनोज सोनी बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बैठक में मंदिर परिसर में जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जनसहयोग से बोरवेल (नलकूप) खनन कराने की योजना बनाई गई। इसके अलावा मंदिर परिसर में अन्य आवश्यक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी जनसहयोग से कराए जाएंगे, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### विकास कार्यों में बढ़चढ़ भाग लेने की अपील

समिति अध्यक्ष धनश्याम पुष्पद ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों, समाजसेवियों एवं शिवभक्तों से मंदिर के विकास कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही मंदिर को और अधिक भव्य एवं सुविधायुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचेंगे और सभी के सहयोग से धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। बैठक में समिति के सदस्यों ने आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियों का भी विभाजन किया तथा श्रावण मास के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर भगवान मनकामनेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजन का लाभ लेने का आग्रह भी किया।

# म.प्र. बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन ने 2 अगस्त के महाआंदोलन की तैयारी की

## जनसंपर्क अभियान के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों को किया जा रहा संगठित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) द्वारा आगामी 2 अगस्त 2026 को भोपाल के अंबेडकर मैदान में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय महाआंदोलन की तैयारियां पूरे प्रदेश में तेजी से चल रही हैं। इसी को लेकर बड़नगर में भी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक, जनसंपर्क कर रहे हैं तथा पोस्टर, बैनर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से आंदोलन को सफल बनाने का अभियान चला रहे हैं।

तहसील अध्यक्ष राम राठौड़ ने बताया कि संगठन द्वारा 2 अगस्त को अंबेडकर मैदान में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी अंबेडकर मैदान से वल्लभ भवन तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी एवं उत्पादन कंपनी में वर्षों से कार्यरत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी बिजली व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें पर्याप्त वेतन, सेवा सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं हैं। कर्मचारियों का वर्षों का अनुभव होने के बावजूद वे ठेकेदारी व्यवस्था के कारण असुरक्षा और शोषण का सामना कर रहे हैं। संगठन की प्रमुख मांग है कि मध्यप्रदेश सरकार हरियाणा की तर्ज पर 'मध्य प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी निगम/ मंडल/ आयोग' का गठन करे, जिसके माध्यम से समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, सेवा प्रबंधन एवं निगरानी की व्यवस्था हो तथा निजी ठेकेदारों की मनमानी पर प्रभावी रोक लगे।

# स्कूली बच्चों और मरीजों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

कस्बे में हर सप्ताह लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर अव्यवस्थित तरीके से सजने वाली दुकानों के कारण घंटों तक भारी जाम की स्थिति बनी रहती है। फुटकर दुकानदारों द्वारा सडक के बडे हिस्से पर कब्जा कर लेने से न केवल सामान्य यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि स्कूल वाहनों और आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस विकराल होती समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत, टोल प्रबंधन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणको अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस या स्थाई कदम नहीं उठाया गया है। ग्राम पंचायत और हाईवे प्रबंधन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड लेते हैं। नियंत्रण की स्पष्ट व्यवस्था न होने का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड रहा है। समस्या के लगातार बढने से स्थानीय लोगों में आक्रोश गहराता जा रहा है।

### एंबुलेंस के पहियों पर लग रहा ब्रेक

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का कहना है कि सोमवार के दिन हाट बाजार के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पडती है। बच्चों को ले जाने वाले ऑटो, बसें और अन्य वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे बच्चे समय पर न तो स्कूल पहुंच पाते हैं और न ही घर। इससे भी ज्यादा गंभीर चिंता का विषय यह है कि कई बार गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी इस अव्यवस्था की भेंट चढ जाती है।



## चातुर्मास के लिए पूज्य आचार्य भगवंतों का मंगल प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

गुरुवार को नगर में चातुर्मास के दौरान धर्म की ज्ञान गंगा बहाने साध्वी अमृतरसाजी आदि ठाणा का मंगल प्रवेश हुआ पूरा रोड नगर धर्म की आभा से जगमगा उठा। जैन शासन के प्रभावक संत पुण्य सम्राट एवं वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेन सुरीश्वर जी म.सा. एवं आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयरत्न सुरीश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्ती साध्वी जी श्री डॉ. अमृतरसा श्री जी म.सा. आदि ठाणा - 3 का नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

वीडियो वायरल, कांग्रेस नेता सहित तीन लोगों द्वारा युवक से मारपीट

# गाली-गलौज और चप्पलों से मारपीट का आरोप, तीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर के मोड़ी जोड़ क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुसनेर पुलिस ने कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री निजामुद्दीन मंसूरी सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, हेमराज पिता कनीराम मालवीय (19 वर्ष) ने बताया कि 15 जुलाई को दोपहर करीब 4 बजे आरोपित उसके घर पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुस गए। वहां उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर मारपीट की गई। शिकायत में जातिसूचक गालियां देने का आरोप भी लगाया गया है।

घटना के बाद जब हेमराज अपने पिता के कार्यस्थल पर पहुंचा तो वहां भी उसके साथ मारपीट किए जाने और दोबारा वहां आने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में पहले युवक के साथ गाली-गलौज होती दिखाई देती है। इसके बाद एक व्यक्ति, जिसे शिकायत में निजामुद्दीन मंसूरी बताया गया है, युवक के साथ लात-घूंसों और चप्पलों से मारपीट करता नजर आता है। हालांकि, वीडियो की प्रामाणिकता और उसमें दिखाई दे रहे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा अभी नहीं की गई है और इसकी जांच जारी है।

### इनका कहना

शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

अक्षय सिंह बेस
थाना प्रभारी सुसनेर

# 31 तक कराएं बीमा, प्राकृतिक आपदाओं से मिलेगी सुरक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

प्राकृतिक आपदाओं और अनिश्चित मौसम से फसलों को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए सारंगपुर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग ने विकासखंड के सभी किसानों से अपील की है कि वे 31 जुलाई की अंतिम तिथि से पहले अपनी खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करा लें।

किन-किन प्राकृतिक आपदाओं से मिलेगा सुरक्षा कवच

सारंगपुर एसएडीओपी राजेश राजपूत के अनुसार यह योजना किसानों को बुवाई से लेकर कटाई के बाद तक के जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं। जिसमें भारी बारिश एवं सूखा , बाढ, ओलावृष्टि एवं चक्रवात, अल-नीनो जैसी वैश्विक मौसमी परिस्थितियों से होने वाला फसल नुकसान पर किसानों को लाभ मिलेगा।

## सारंगपुर के कैलाश सोलंकी बने देवदूत:

**सारंगपुर।** मानवता और निस्वार्थ सेवा की एक मिसाल बुधवार को देखने को मिली, जहाँ एक जरूरतमंद मासूम बच्ची वंदना भिलाला की जान बचाने के लिए सारंगपुर एक युवक ने मिसाल कायम कर दी। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल शाजापुर में भर्ती एक बच्ची को गंभीर रूप से खून की कमी (एनेमिया) हो गई थी। परिजनों ने जब ब्लड बैंक से खून की व्यवस्था करने की कोशिश की, तो वहां खून उपलब्ध नहीं हो सका।

## उदनखेडी ग्राम पंचायत में जनसुनवाई संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

मध्य प्रदेश शासन के मंशा अनुरूप ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम पंचायत उदनखेडी में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पंचायत भवन में निर्धारित समयानुसार सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित इस जनसुनवाई में पंचायत के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा, हालांकि कोई भी ग्रामीण अपनी शिकायत या आवेदन लेकर नहीं पहुंचा।

शासन के निर्देशों का कडाई से पालन करते हुए जनसुनवाई के दौरान सरपंच नंदकिशोर भिलाला, पंचायत सचिव बाबूलाल मालवीय तथा सहायक सचिव देवेंद्र राजपूत पूरे समय पंचायत भवन में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसुनवाई रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक शासकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। निर्धारित तीन घंटे की अवधि के दौरान ग्राम का कोई भी नागरिक अपनी समस्या, शिकायत या सुझाव लेकर जनसुनवाई में नहीं पहुंचा।



## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया विभिन्न विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध, अनुशासित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कार्यालयीन व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने आवश्यक प्रशासनिक निर्देश प्रदान किए। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूपेंद्र सिंह सांकला, ललित विश्वकर्मा एवं सतीश शर्मा अनुपस्थित पाए गए। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही स्थापना शाखा के लिपिक को कार्यालयीन कार्यप्रणाली में सुधार लाने एवं अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए कथित अत्याचार के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**महिदपुर।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए कथित अत्याचार के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने छात्रों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया। यह प्रदर्शन धरना जिला कांग्रेस कमेटी महेश परमार के निदेर्शानुसार क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश बगाना एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग के नेतृत्व में निकाला गया । प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा छात्रों के समर्थन में धरना देने तथा उन्हें हिरासत में लिए जाने के विरोध में भी कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। इसी क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालकर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर कार्यकर्ताओं ने छात्रों के समर्थन में तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाना चाहिए।

## नगर परिषद के सफाई कर्मियों को वितरित किए गए रेनकोट



**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर में कार्यरत स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मियों को बारिश के मौसम में कार्य के दौरान सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेनकोट वितरित किए गए। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने सफाई कर्मियों को रेनकोट प्रदान करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर मौसम में शहर की स्वच्छता बनाए रखने वाले सफाई कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा नगर परिषद की प्राथमिकता है। रेनकोट वितरण कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, एल्डरमैन अंशुल जैन, दूल्हे सिंह गुर्जर, बबलू लोहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सफाई कर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सामाजिक संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सरपंच पाटीदार का किया सम्मान



**महिदपुर रोड।** ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार द्वारा गाँव हित में विभिन्न जन हितैषी देसी कल्याणकारी कार्य किए जाने पर उनका बुधवार को पाटीदार निवास पर पहुंच कर विभिन्न संस्थाओं समाजों के प्रमुखों पत्रकारों तथा जन प्रतिनिधियों ने सम्मान किया। अपने सम्मान के अवसर पर सरपंच ऋतु सत्यनारायण पाटीदार ने कहा गांव के प्रथम नागरिक होने के नाते आप सभी की सेवा करना आपको अधिक सदैव शासकीय योजनाओं को लाभ दिलाना मेरा प्रथम दायित्व है नगर के विकास में आप सभी की समान भागीदारी है आप सभी का मार्गदर्शन और सहयोग मुझे हमेशा प्राप्त हुआ है।

## श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन बडा मंदिर में हुए धार्मिक आयोजन

**सारंगपुर।** श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन बडा मंदिर में प्रतिष्ठाचार्य महेश जैन के निर्देशन में चल रहे अष्ट दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान के द्वितीय दिवस पर प्रातः 7 बजे क्रियाएं प्रारंभ हुई, जिसमें मंगलाष्टक, श्रीजी के प्रक्षालन के बाद श्रीजी के प्रथम कलश का लाभ महेश स्मित जैन, द्वितीय कलश का लाभ आशीष शैलेंद्र जैन, तृतीय कलश का लाभ मनोरमा सचिन पाटनी, चतुर्थ कलश का लाभ श्वेता वर्धमान सिंघाई परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी की प्रथम शांति धारा का लाभ संजय पंकज कुमार जैन डैडी परिवार को प्राप्त हुआ। दूसरी शांतिधारा का लाभ दिलीप पारस जैन सोधर्म इंद्र परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी के अभिषेक शांतिधारा के पश्चात विनय पाठ, स्वस्ति मंगल पाठ, देव शास्त्र गुरु पुजा, मुलनायक पार्श्वनाथ भगवान पूजा, नंदीश्वर दीप पूजा के पश्चात सिद्धचक्र महामंडल विधान की द्वितीय दिवस की पूजा प्रारंभ हुई जिसमे सिद्ध भगवान के 16 मूल गुणों की पूजा व आराधना राकेश भैया एंड पार्टी द्वारा बडे ही भक्ति भाव के साथ की गई। सिद्धचक्र महामंडल विधान के शुभ अवसर पर महावीर दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष निर्मल जैन, बसंतीलाल जैन, उपस्थित थे।

# परिषदों में मात्र 6.25 महिलाओं को प्रतिनिधित्व: 64 में से सिर्फ चार महिलाओं को बनाया एल्डरमैन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी में 50 प्रतिशत आरक्षण के बडे-बडे दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सारंगपुर सहित जिले की चार नगरपालिका एवं 10 नगर परिषदों में एल्डरमैन (मनोनीत सदस्यों) की नियुक्ति पिछले दिनो की गई है। नियुक्तियों पर गोर किया जाए तो एक बार फिर महिलाओं को हाशिए पर धकेल दिया गया है। जिले की 14 नगरीय निकायों में कुल 64 एल्डरमैन मनोनीत किए गए हैं, जिनमें से सिर्फ 4 महिलाओं को ही जगह मिल सकी है। प्रतिशत के लिहाज से यह भागीदारी मात्र 6.25 फीसदी रह गई है, जिसने दावों की पोल खोलकर रख दी है।

राजनीतिक विश्लेषक प्रेम प्रकाश गुप्ता का मानना है कि नगरीय निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित होने के कारण महिला पार्षद तो चुनकर आ जाती हैं, लेकिन अक्सर उनके परिजन (पति या पुरुष सदस्य) ही सक्रिय रहते हैं। वहीं दूसरी ओर, जब सरकार और संगठन के हाथ में सीधे तौर पर एल्डरमैन मनोनीत करने का अधिकार आता है, तो वहां महिलाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया जाता है। गुप्ता के अनुसार सिर्फ आरक्षित सीटों के भरोसे महिला सशक्तिकरण की तस्वीर कभी पूरी नहीं हो सकती। निर्णय लेने वाली समितियों और मनोनीत पदों पर जब तक महिलाओं को संतुलित प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा, तब तक उनका वास्तविक नेतृत्व सामने नहीं आ पाएगा।

एल्डरमैन की नियुक्ति शासन स्तर से होती है, लेकिन नाम स्थानीय स्तर से तय होकर जाते हैं। इन नामों के चयन में पुरुषों के सामाजिक-जातीय समीकरण और सांगठनिक रसूख को ही प्राथमिकता दी जाती है। एल्डरमैन पद पर महिलाओं के मनोनयन को लेकर कोई अनिवार्य गाइडलाइन तय नहीं है, जिसके कारण अंतिम सूची में महिलाओं की हिस्सेदारी न के बराबर रह जाती है। सालों से पार्टी के लिए समर्पित महिला कार्यकताओं को पद सौंपने के बजाय पुरुष कार्यकताओं और नेताओं के करीबियों को उपकृत करने की परंपरा हावी है।

### 60 पुरुषों के बीच चार महिलाओं को जगह

हाल ही में जिले में 64 एल्डरमैन में से सिर्फ 4 महिला को मौका मिलने के मामले में कांग्रेस ने छुटकी ली है। कांग्रेस के जिला संगठन महामंत्री राधेश्याम सोमतिया ने कहा कि यह भेदभावपूर्ण है। शासन द्वारा नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्तियां तो की जा रही हैं, लेकिन जब बिना चुनाव वाले इन प्रभावशाली पदों पर महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का मौका आया, तो स्थानीय स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक महिलाओं की भागीदारी लगभग नदारद रही।

# 'सतलुज' के बाद पंजाबी फिल्म 'दस्तार' पर हंगामा

**दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज का विवाद अभी पूरी तरह सिमटा नहीं, इससे पहले पंजाबी फिल्म दस्तार को लेकर भी हंगामा हो गया। अमृतसर के ट्रिलियम मॉल स्थित मल्टीप्लेक्स में मंगलवार शाम को फिल्म देखने आए एक दर्शक ने मल्टीप्लेक्स के स्टाफ और मैनेजर पर आरोप लगाया कि उसे बच्चों के साथ फिल्म नहीं देखने दी जा रही। जबकि, फिल्म में कोई एडल्ट सीन नहीं है।**



व्यक्ति ने यह भी कहा कि धुरंधर और एनिमल जैसी फिल्मों को सभी जगह दिखाया गया। मोबाइल फोन और टीवी पर भी दिखा दी गईं। जब बात सिखों के कल्चर को प्रमोट करने वाली फिल्मों की आई तो सिखों के बच्चों को ही फिल्म नहीं देखने दी जा रही। इसे लेकर व्यक्ति ने काफी देर तक मल्टीप्लेक्स के स्टाफ से बहस की। वहां मौजूद सिख दर्शकों और स्टाफ से भी उस व्यक्ति ने सपोर्ट मांगा। हालांकि, सभी ने उसे नियम ही समझाया। इसके बाद व्यक्ति बिना फिल्म देखे ही लौट गया। इसका एक वीडियो भी व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।इस बारे में मल्टीप्लेक्स के स्टाफ का कहना है कि फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने अ सर्टिफिकेट दिया है। नियमानुसार वह 18 साल से कम उम्र के लोगों को फिल्म देखने की इजाजत नहीं दे सकते।

### 4 बच्चों के साथ फिल्म देखने पहुंचे थे ज्वेलर

जानकारी के अनुसार, अमृतसर के मजीठा रोड पर रहने वाले वरिंदर सिंह मंगलवार रात को दस्तार फिल्म देखने ट्रिलियन मॉल गए थे। उनके साथ उनकी पत्नी और 4 बच्चे भी थे। पेशे से ज्वेलर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वरिंदर सिंह के चारों बच्चे नाबालिग हैं। वरिंदर के अनुसार, उन्होंने जब दस्तार फिल्म के टिकट मांगे तो स्टाफ ने बच्चे देखकर टिकट देने से इनकार कर दिया। वे कहने लगे कि फिल्म एडल्ट है। इसे बच्चे नहीं देख सकते।

वरिंदर सिंह का दावा है कि उन्होंने मूवी के मेकर्स से भी बात की है और उनसे पूछा है कि इसे एडल्ट क्यों कहा गया है? तो मेकर्स ने कहा कि मूवी बच्चों के हिसाब से बनाई गई थी, लेकिन बोर्ड ने उसे अ सर्टिफिकेट दिया है। अब इसे अ सर्टिफिकेट क्यों दिया है, इसका जवाब उनके पास भी नहीं है। वरिंदर सिंह ने कहा- जब भी बात सिखों के इतिहास को होती है तो उसे बैन कर दिया जाता है।

# 'धुरंधर' एक्ट्रेस आयशा खान को पुलिस ने पकड़ा



फिल्म 'धुरंधर' की एक्ट्रेस आयशा खान को मुंबई पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आयशा का दावा है कि वे सड़क पर शांति से खड़ी थीं और उन्होंने कोई प्रदर्शन नहीं किया था। इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई वीडियो शेयर कर आयशा ने बताया कि वे पुलिस वैन में हैं और उनके हाथ कांप रहे हैं।

आयशा के मुताबिक, पुलिस ने पहले उनके भाई और दोस्तों को हिरासत में लिया था, जिसके बाद वे सड़क पर खड़ी थीं। मुंबई पुलिस की ओर से इस पूरे मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### वीडियो शेयर कर जताई नाराजगी


आयशा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई वीडियो शेयर कर पूरी घटना की जानकारी दी। एक वीडियो में उन्होंने कहा, ₹इस वक्त मेरे हाथ कांप रहे हैं। मुझे सिर्फ सड़क पर शांति से खड़े रहने की वजह से पुलिस वैन में बिठा लिया गया। मैंने तो कोई प्रोटेस्ट शुरू भी नहीं किया था। मेरे भाई और दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, इसलिए मैं सिर्फ सड़क पर खड़ी थी।₹ आयशा ने सवाल उठाया कि जब उन्होंने कोई हंगामा या बातचीत भी नहीं की, तो उन्हें किस आधार पर पकड़ा गया। आयशा ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन पर ट्रैफिक बाधित करने का आरोप भी नहीं लग सकता, क्योंकि वे पांच लोगों के ग्रुप का हिस्सा भी नहीं थीं। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें चार महिला पुलिसकर्मी उन्हें खींचकर वैन के अंदर ले जाती दिख रही हैं।

## झटपट बॉलीवुड

- **आलिया भट्ट ने छात्रों के समर्थन में पोस्ट किया-** आलिया भट्ट ने छात्रों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य सबसे महत्वपूर्ण है। उनकी सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा में है।
- **सलमान खान का पुराना वीडियो वायरल-** पेपर लीक पर सलमान खान के समर्थन के बाद उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर फिर वायरल हो गया है।
- **नसीरुद्दीन शाह का बॉलीवुड पर निशाना-** वरिष्ठ अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने समसामयिक मुद्दों पर बॉलीवुड की चुप्पी की आलोचना की है। उनका बयान चर्चा का विषय बना हुआ है।
- **इस सप्ताह ओटीटी पर नई हिंदी रिलीज-** 20 से 26 जुलाई के बीच कई नई हिंदी फिल्में और वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही हैं, जिनमें 'Musafir Cafe' और 'Adarsh Baal Vidyalaaya' शामिल हैं

# 'हरियाणवी सिंगर अजय हुड्डा के साथ गाए गानों पर शर्मिंदगी

हरियाणवी सिंगर और एक्टर मासूम शर्मा ने एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कई बड़े खुलासे किए हैं। मासूम ने कहा- अजय हुड्डा के साथ गाए कुछ गानों पर पछतावा होता है। आज जब गानों को सुनता हूं तो शर्मिंदगी महसूस होती है।



18-20 साल की उम्र में भी मां-बाप को धमका देता था। कई बार प्रोग्राम के बाद गालियां देने का मन करता है। उन्होंने कहा, पहले बहुत मजे थे। सोचना नहीं पड़ता था कि कहां, पैग मारने हैं, कहां नहीं। धमकी मिलने के बाद आज टाइम ऐसा कि रेहड़ी पर खड़े होकर गोलगप्पे भी नहीं खा सकता। मासूम ने कहा- आज कलाकार नहीं होता तो दिहाड़ी कर रहा होता। सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए ट्रैक्टर भी चलाया है। अब फर्जी संतों को एक्सपोज करने के लिए 3 गानों की सीरीज ला रहा हूं।

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में मासूम शर्मा ने कहा- 18-20 साल की उम्र में मैच्योरिटी नहीं थी। उस दौरान उटपटांग काम करता था। कई बार मां-बाप को धमकाकर उल्टा-सीधा बोल देता था। अब जब खुद बाप बना तो समझ आया कि कितनी गलतियां करता था।

मासूम शर्मा ने कहा कि अगर आज एक कलाकार नहीं होता, तो कहीं दिहाड़ी कर रहा होता। मेरे गांव के लोग दिल्ली में लस्सी बेचने जाते हैं, शायद मैं भी वही काम कर रहा होता। मैंने काम करने में कभी शर्म नहीं की, सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए ट्रैक्टर भी चलाए हैं।



# अगस्त में शुरू होगा किंग का अमेरिका शूटिंग शेड्यूल

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की चर्चित फिल्म ह्यकिंगह्ल अब अपने अंतिम शूटिंग चरण में पहुंच गई है। इंडस्ट्री से मिली जानकारी के अनुसार...ह्यफिल्म का आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल अगस्त में अमेरिका में शूट किया जाएगा। इसके लिए मेकर्स कई लोकेशनों पर तैयारी कर रहे हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो इस शेड्यूल के साथ निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की इस एक्शन थ्रिलर की मुख्य शूटिंग पूरी हो जाएगी। इसके बाद पूरी टीम पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स और फिल्म को अंतिम रूप देने के काम में जुट जाएगी। इससे पहले फिल्म का एक अहम शेड्यूल जॉर्जिया में पूरा किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल क्लाइमैक्स का बड़ा एक्शन सीक्वेंस फिल्माया जाना बाकी है।

## Sport

# सूर्यवंशी बने टी-20 इंटरनेशनल के सबसे युवा हाफ सेंचुरियन

### भारत ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराया; श्रेयस की कप्तानी में पहली जीत

**एजेंसी ▸▸ हरारे**

भारत ने पहले टी-20 में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हरारे में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाए।

जवाब में भारत ने 13.2वें ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल 118 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर इतिहास रच दिया। वे टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी लगाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। उन्होंने जिब्राल्टर के लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ा। ब्रूस ने 16 साल 56 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।



यह श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की पहली जीत भी रही। इससे पहले उन्हें आयरलैंड सीरीज में 2-0 और इंग्लैंड सीरीज में 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

वेस्ली मधेवेरे ने सबसे ज्यादा 39 रन की पारी खेली। आखिर में तदिवानाशे मरुमानी ने नाबाद 27 रन जोड़कर टीम को 100 के पार पहुंचाया। भारत की ओर से मयंक यादव और प्रिंस यादव ने 2-2 विकेट लिए। मयंक ने पारी की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को आउट किया और फिर डियोन मायर्स का विकेट भी झटका। शिवम दुबे और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट मिला। वेस्ली मधेवेरे रन आउट हुए। ब्लेसिंग मुजाराबानी ने 12वें ओवर में भारत को दूसरा झटका दिया। उन्होंने ईशान किशन को 24 गेंदों पर 35 रन के स्कोर पर आउट किया।

# शुभमन गिल वनडे में नंबर-1 बनने से एक अंक दूर



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज बनने से एक अंक दूर है। वे ICC के वनडे बैटर्स की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। गिल के 801 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जबकि मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 डेरिल मिचेल के 802 अंक हैं।

19 जुलाई को लॉर्ड्स में 138 रनों की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने विराट कोहली से रेटिंग पॉइंट्स का फासला कम कर लिया है। दोनों में 9 रेटिंग पॉइंट्स का अंतर है। रोहित चौथे और विराट तीसरे स्थान पर हैं। ICC ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। वनडे की बैटिंग रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट को चार स्थान का फायदा हुआ है। वे 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रूट साल 2020 के बाद पहली बार उन्होंने वनडे रैंकिंग के टॉप-10 में जगह बनाई है।

### पॉजिटिव सेल्फ टॉक ने हालेंड को बनाया सुपर स्टार

**नई दिल्ली।** हालिया फुटबॉल वर्ल्ड कप में नॉर्वे के अर्लिंग हालेंड 7 गोल दागकर टूनार्मेंट के चौथे सबसे सफल खिलाड़ी रहे। 6 फुट 5 इंच लंबे इस खिलाड़ी की फुर्ती और फिटनेस भी चर्चा में रही। उनकी इस शानदार परफॉरमेंस का राज केवल उनकी शारीरिक ताकत नहीं, बल्कि उनकी गजब की मानसिक मजबूती है। पिछले साल की एक घटना है, जब मैनचेस्टर सिटी की ट्रेनिंग फैसिलिटी में हालेंड एक हाइपोक्सिक चैंबर में एक्सरसाइज बाइक चला रहे थे।

### विराट-अनुष्का हाथ थामकर प्रेमानंदजी से मिलने पहुंचे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। दोनों बुधवार तड़के 4 बजे महाराजजी के नए आश्रम यमुना विहार कुंज पहुंचे। चेहरे पर मास्क लगाकर नंगे पांव आश्रम के अंदर गए। बारिश की वजह से रास्ते में कीचड़ था। विराट, अनुष्का का हाथ थामकर कीचड़ में चलते नजर आए। प्रेमानंदजी के शिष्यों ने उनकी अगवानी की। दोनों करीब 1 घंटे तक आश्रम में रहे। बाहर आए तो विराट के माथे पर चंदन का टीका और हाथ में प्रसाद था। फिर कार से दोनों आश्रम से 15 किमी. दूर महाराजजी के गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पहुंचे।

# गुलाम देशों के लिए शुरू हुआ था कॉमनवेल्थ गेम्स

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

14 अक्टूबर 2010- दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 'भारत...भारत...' के नारों से गूंज रहा था। बैडमिंटन कोर्ट पर साइना नेहवाल थीं। सामने सिर्फ एक फाइनल नहीं था, बल्कि पदक तालिका में भारत का भविष्य भी था। अगर साइना हार जातीं, तो मेजबान भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाता, लेकिन उन्होंने जीत दर्ज की। भारत का 38वां स्वर्ण पदक आया। कुल पदक 101 हुए और पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया। आज भी यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की यह कहानी 2010 में शुरू नहीं हुई थी, इसकी शुरूआत 76 साल पहले हुई थी, जब 1934 में सिर्फ 6 भारतीय खिलाड़ी पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में उतरे थे। उस वक्त भारत पर अंग्रेजों का शासन था, लेकिन पहलवान राशिद अनवर ने कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम इतिहास में दर्ज करा दिया।

### न सरकार, न राजा... एक पादरी का आइडिया

कॉमनवेल्थ की कहानी शुरू होती है 1891 में। ब्रिटिश साम्राज्य अपने चरम पर था। दुनिया की करीब एक-चौथाई आबादी और विशाल भूभाग पर ब्रिटेन का शासन था। तब एक ब्रिटिश पादरी जॉन एस्टली कूपर ने एक ऐसा सपना देखा, जिसने बाद में दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि साम्राज्य की ताकत सिर्फ सेना से नहीं, बल्कि लोगों के रिश्तों से भी बढ़ती है। अगर ब्रिटिश साम्राज्य के अलग-अलग देशों के खिलाड़ी एक मैदान पर उतरेंगे तो आपसी भरोसा और भाईचारा मजबूत होगा। उन्होंने इसका नाम दिया- पैन-ब्रिटेनिक फेस्टिवल, लेकिन विचार देना आसान था, उसे सच करना मुश्किल।

### पहले गेम्स लगभग रद्द होने की कगार पर थे

16 अगस्त 1930... कनाडा के छोटे से शहर हैमिल्टन में पहले ब्रिटिश एम्पायर गेम्स शुरू होने वाले थे। लेकिन एक बड़ी समस्या सामने थी। उस समय हवाई यात्रा आम नहीं थी। ज्यादातर खिलाड़ी समुद्री जहाजों से कनाडा पहुंचते थे। कई देशों ने साफ कह दिया कि उनके पास यात्रा का खर्च नहीं है।

आयोजकों ने कई टीमों की आर्थिक मदद की। तब जाकर पहला आयोजन हो सका। अगर उस समय कनाडा पीछे हट जाता, तो शायद कॉमनवेल्थ गेम्स का इतिहास वहीं खत्म हो जाता।

### आज हजारों खिलाड़ी आते हैं... तब सिर्फ 400 थे

पहले संस्करण में केवल 11 देशों के करीब 400 खिलाड़ी। इसमें सिर्फ 6 खेल- एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, स्विमिंग, डाइविंग, कुश्ती और लॉन बॉल्स शामिल थे। आज इन खेलों में हजारों खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं और दर्जनों खेल खेले जाते हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### बिल्डिंग में दूसरी बार चोरी करने घुसे आरोपी को रहवासियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**इंदौर।** पुलासिया पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने कुछ दिन पहले साकेत इलाके की एक बिल्डिंग से लैपटॉप चुराया था। घटना के बाद पुलिस को मामले में शिकायती आवेदन मिला था। शिकायत के बाद आरोपी दोबारा इसी बिल्डिंग में घुसा। इस दौरान रहवासियों ने उसे पकड़कर पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में आरोपी ने एक दर्जन से अधिक लैपटॉप और टैब चुराने की बात कबूल की है। आरोपी की पहचान प्रतीक लिखारे निवासी कोयला बाखल सामने आया है। पलासिया थाना इलाके में 8 दिन पहले एक बिल्डिंग में लैपटॉप चोरी की वारदात हुई थी। मामले में पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान फरियादी की शिकायत पर आवेदन लेकर जांच शुरू की गई। घटना के दो दिन बाद आरोपी दोबारा से इसी बिल्डिंग में घुसा तो लोगों ने उसे पकड़कर पिटाई कर दी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि जेल रोड और भवरकुआ इलाके में कई लोगों के लैपटॉप और गैजेट्स चुराकर बेचे हैं। पुलिस ने इस मामले में खरीदारों को भी पकड़ा लेकिन सामान जब्त कर बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

### बाइक-कार की टक्कर के बाद विवाद में मेडिकल स्टोर के बाहर कार के शीशे फोड़े

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में बाइक और कार की टक्कर के बाद मेडिकल स्टोर के बाहर जमकर विवाद हुआ। आरोपियों ने मौके पर मारपीट करने के साथ वहां से गुजर रही कार के शीशे भी तोड़ दिए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को हिरासत में लिया है, जबकि उसके तीन साथियों की तलाश जारी है। एडिशनल डीसीपी (जोन-3) ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को मां शारदा मेडिकल के बाहर हुए विवाद का सीसीटीवी वीडियो मिला है। वीडियो में कुछ युवक विवाद करते हुए कार के कांच तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद बाइक और कार की टक्कर के बाद शुरू हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। वहीं उसके तीन साथी शोभित, ओम और मयंक फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशा करने के आदी बताए जा रहे हैं।

### दिव्यांग की पुकार सुन मुख्यमंत्री ने बीच रास्ते काफिला रुकवाया

**धार।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को झाबुआ जिले के भाबरा में किसान बलराम कृषि महोत्सव में शामिल होने के लिए राजगढ़ पहुंचे। वे इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग से सड़क मार्ग द्वारा यात्रा कर रहे थे। धार जिले के अंतर्गत राजगढ़ फोरलेन चौकड़ी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद जब मुख्यमंत्री का काफिला आगे बढ़ रहा था, तभी सड़क किनारे भुट्टे की दुकान लगाए दिव्यांग हिम्मत चौहान ने उनसे भुट्टा खाने का आग्रह किया। दिव्यांग की आवाज सुनकर मुख्यमंत्री ने तत्काल अपना काफिला रुकवाया। वे वाहन से उतरकर सीधे हिम्मत चौहान की दुकान पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हिम्मत चौहान से भुट्टा खरीदा और उनसे बातचीत की। उन्होंने हिम्मत चौहान की पीठ थपथपाकर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने भुट्टे के बदले 500 रुपए दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला झाबुआ जिले के भाबरा के लिए रवाना हो गया।

### भारी बारिश के चलते रेल यातायात प्रभावित होने से ट्रेनों का संचालन रोका

**झाबुआ।** मुंबई डिवीजन में लगातार हो रही भारी बारिश और रेलवे ट्रैक पर जलभराव के कारण रेल यातायात प्रभावित हो गया है। इसका असर बुधवार सुबह बामनिया रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिला। यात्री धरने पर बैठ गए। अप ट्रैक पर पश्चिम एक्सप्रेस खड़ी होने के कारण रतलाम-दाहोद मेमू ट्रेन को मुख्य लाइन (मैन लाइन) से चलाने की घोषणा की गई, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यात्रियों का कहना है कि अन्य लोकल गाड़िया निकाली जा रही है, लेकिन हमारी रेलगाड़ी रात 3 बजे से खड़ी है। रेलवे प्रशासन यात्रियों को समझाने का प्रयास कर रहा है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5 बजे से बांद्रा जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस बामनिया स्टेशन के अप ट्रैक पर खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मुंबई डिवीजन में भारी बारिश के चलते वडोदरा से मुंबई की ओर जाने वाले ट्रैक पर जलभराव हो गया है। सुरक्षा कारणों से इस रूट पर ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया, जिसके चलते पश्चिम एक्सप्रेस को बामनिया स्टेशन पर रोकना पड़ा।

### प्रदूषण से सैकड़ों बीघा सोयाबीन फसल बर्बाद किसानों ने की फैक्ट्री बंद कराने की मांग

**पीथमपुर।** धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर और नालछा जनपद के सीमावर्ती ग्रामीण इलाकों में रासायनिक कारखानों से फैले प्रदूषण के कारण सैकड़ों बीघा सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई है। एक डिटर्जेंट फैक्टरी से निकलने वाले वायु और जल प्रदूषण को इस बर्बादी का कारण बताया जा रहा है। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, राजस्व, कृषि और प्रदूषण विभाग की एक संयुक्त प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित खेतों का जायजा लिया है। प्रभावित किसानों के अनुसार, वे पिछले साल से ही इस फैक्ट्री के प्रदूषण से परेशान हैं, लेकिन इस बार स्थिति अधिक गंभीर हो गई है। पीड़ित किसान सर्वेश घोरपड़े ने बताया कि सुबह तक फसलें सामान्य थीं, लेकिन दोपहर होते-होते वे काली पड़कर जल गईं। सागौर क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से में लगभग 200 से 400 बीघा सोयाबीन का रकबा पूरी तरह नष्ट हो गया है। किसानों ने इस बार 10 से 11 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से महंगा बीज खरीदा था और कीटनाशकों का छिड़काव भी किया था।

### दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में झाबुआ में प्रदर्शन

**झाबुआ।** नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में झाबुआ जिले में युवाओं ने प्रदर्शन किया। सारंगी से आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र डामर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा और युवतियां पैदल मार्च करते हुए झाबुआ के लिए निकले इस पैदल मार्च की शुरूआत गुरुवार को पेटलावद से हुई। युवाओं ने जननायक टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने प्रदर्शन का आगाज किया। इसके बाद वे सरकार विरोधी नारे लगाते हुए झाबुआ की ओर बढ़े। मार्च के दौरान जब यह समूह माही कॉलोनी पहुंचा, तो एसडीएम कार्यालय के बाहर तहसीलदार यशपाल मुजाल्दे ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। आंदोलनकारी युवाओं ने बताया कि वे आज करीब 40 किमी की दूरी तय कर झाबुआ पहुंचकर जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। युवाओं ने पर्यावरणविद् और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक के समर्थन में भी तख्तियां लहराईं।

### बिना पंजीयन चल रही डेयरी सील, दो दिन के अभियान में 14 खाद्य नमूने भी लिए

**धार।** धार जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दो दिनों तक डेयरियों और दूध कारोबारियों की जांच की। इस दौरान 14 खाद्य नमूने लिए गए। वहीं, धार शहर में बिना खाद्य पंजीयन और अस्वच्छ परिस्थितियों में संचालित एक डेयरी को सील कर उसका संचालन बंद करा दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 21 और 22 जुलाई को धार और कुक्षी क्षेत्र में निरीक्षण किया। धार शहर में राजवाड़ा स्थित सोमानी डेयरी, त्रिमूर्ति चौराहा की शारदा डेयरी, इंदौर-अहमदाबाद रोड स्थित सोलंकी इंटरप्राइजेज, नालछा दरवाजा स्थित सिद्धेश्वर ट्रेडर्स और निहाल नगर की माय डेयरी से दूध, पनीर, मावा, दही और घी के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान निहाल नगर स्थित माय डेयरी बिना खाद्य पंजीयन के संचालित मिली। उत्पादन और भंडारण की व्यवस्था भी अस्वच्छ पाई गई। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने डेयरी का संचालन बंद कर परिसर को सील कर दिया। कुक्षी क्षेत्र में ग्वाला डेयरी उत्पाद, शिवाय स्वीट्स एंड दूध डेयरी, श्री कृपा स्वीट्स एंड डेयरी, मथुरा दूध डेयरी और कृष्ण स्वीट्स एंड डेयरी से खुले दूध और पनीर के नमूने एकत्र किए गए। अभियान के दौरान लिए गए सभी 14 नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने की रद्द

# फिर जेल जाना पड़ेगा, तीन हफ्ते में करना होगा सरेंडर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी। कोर्ट ने मेघालय पुलिस की याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को तीन हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया। यानी सोनम को फिर जेल जाना होगा। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी दिए जाने में कथित खामियों के आधार पर जमानत देकर गलती की थी।

इसके साथ ही कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि मामले का ट्रायल 6 महीने के भीतर पूरा किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर तय अवधि में ट्रायल पूरा नहीं होता है तो सोनम रघुवंशी दोबारा जमानत के लिए आवेदन कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देना अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में गिरफ्तारी के आधार बताने में पूरी तरह नाकामी नहीं हुई थी।



### सोनम के कानूनी तर्कों पर भी उठाए थे सवाल

पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने वारदात के बाद सोनम के व्यवहार और कानूनी तर्कों पर भी सवाल उठाए थे। कोर्ट ने पूछा कि गिरफ्तारी के समय कारण नहीं बताए जाने का मुद्दा पहले क्यों नहीं उठाया गया? इस पर सोनम के वकील ने निर्देश लेने के लिए समय मांगा और कहा था कि वे अपना जवाब दाखिल करेंगे। वहीं, मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोनम की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि उसने पुलिस के सामने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किया था। ऐसे में बाद में यह कहना कि गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए, कानूनी रूप से स्वीकार नहीं है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गिरफ्तारी मेमो में यदि कोई कमी है तो वह केवल लिपिकीय त्रुटि (क्लेरिकल मिस्टेक) है। जो आरोपी स्वयं पुलिस के सामने उपस्थित होकर समर्पण करता है, वह गिरफ्तारी की प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी आधारों पर राहत नहीं मांग सकता।

कोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारी के आधार बिल्कुल न बताना और उनमें कुछ जानकारियों का अपर्याप्त होना, दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं। इसलिए केवल तकनीकी कमी के आधार पर जमानत देना उचित नहीं था।

### जमानत पर बाहर रहना ट्रायल को प्रभावित कर सकता है

- कोर्ट ने यह भी कहा कि सोनम ने मजिस्ट्रेट के सामने गिरफ्तारी के आधार और संबंधित दस्तावेज मिलने की पुष्टि की थी। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई कमी भी हो, तब भी जांच एजेंसी जरूरत पड़ने पर दोबारा गिरफ्तार कर सकती है।
- जस्टिस एमएम सुंदरेशन और जस्टिस पीबी वरेले की बेंच ने कहा कि मेरिट के आधार पर सोनम की जमानत याचिकाएं पहले ही खारिज हो चुकी हैं और मुकदमे की सुनवाई शुरू हो गई है। ऐसे में इस चरण पर आरोपी का जमानत पर बाहर रहना ट्रायल को प्रभावित कर सकता है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने हाईकोर्ट का जमानत आदेश रद्द करते हुए सोनम को तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। इस मामले में मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा।

- **राजा के भाई ने कहा- आज फिर सत्य की जीत हुई-** सोनम की जमानत रद्द होने पर राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि हमें न्याय पालिका पर पूरा भरोसा है। आज फिर सत्य की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब सोनम को फिर जेल जाना होगा। उन्होंने कहा कि यह केस फास्ट ट्रैक में चलाया जाना चाहिए, ताकि जल्द फैसला हो सके। राजा की मां उमा रघुवंशी ने कहा- मुझे पूरी उम्मीद थी कि कोर्ट से न्याय मिलेगा। सोनम जैसी लड़की को बाहर नहीं घूमना चाहिए था। उसने इतना बड़ा गुनाह किया है, इसलिए उसे जेल जाना ही था। यह न्याय की लड़ाई की पहली जीत है। मैं चाहती हूं कि केस फास्ट ट्रैक पर चले और जल्द से जल्द फैसला आए।
- **रंगे हाथ पकड़े जाने पर कारण बताना जरूरी नहीं-** मेहता ने दलील दी थी कि कानून के तहत कुछ परिस्थितियों में गिरफ्तारी के कारण अलग से बताने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रंगे हाथों पकड़ा जाता है या पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करता है, तो बाद में यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि उसे गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए।

लोकायुक्त टीम ने छापा मारकर परिवार और फर्म के अकाउंट फ्रीज किए, 25 खातों में 62 लाख रुपए

## बिजली कंपनी के एसीई के पास 17.12 करोड़ की संपत्ति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के एडिशनल चीफ इंजीनियर शिवराम सेमिल की आय से अधिक संपत्ति मामले में नए खुलासे हो रहे हैं। लोकायुक्त पुलिस की जांच में अब तक सेमिल और उनके परिवार की चल-अचल संपत्तियों का आंकड़ा बढ़कर 17.12 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

लोकायुक्त जांच कर रही है कि 33 साल की सरकारी सेवा के दौरान इतनी संपत्ति कैसे अर्जित की गई। उन्हें वर्तमान पद से हटाने के लिए ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनी को पत्र भी भेजा गया है।

लोकायुक्त की जांच में सेमिल और उनके परिवार से जुड़े 25 बैंक खातों का पता चला है। इनमें एसबीआई और आईडीबीआई बैंक के खाते शामिल हैं। खाते शिवराम सेमिल, उनकी पत्नी रामबेटी, बेटा सौरभ, बहू सुनीता और उनसे जुड़ी



फर्मों के नाम पर संचालित पाए गए हैं। जांच में शुभम इलेक्ट्रिकल और कॉर्निश पावरजोन से जुड़े छह बैंक खाते भी सामने आए हैं। इन खातों में कुल 62.89 लाख रुपए जमा मिले हैं। इसके अलावा सौरभ सेमिल के नाम एफडी की भी जानकारी मिली है। जांच के दौरान मुरैना स्थित संपत्तियों की भी जानकारी सामने आई है। यहां एक मकान मिला है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है। मकान में रखे घरेलू सामान की कीमत लगभग 7.51 लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा मुरैना में 20X40 फीट का प्लॉट और करीब सवा बीघा कृषि भूमि होने की जानकारी भी मिली है। इन संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज पंजीयन विभाग से जुटाए जा रहे हैं।

### आयकर रिटर्न, निवेश की जानकारी मांगी

लोकायुक्त ने सेमिल, उनके परिवार और संबंधित फर्मों के बैंक खाते फ्रीज करा दिए हैं। आयकर विभाग से उनके और परिवार के सदस्यों के आयकर रिटर्न की जानकारी मांगी गई है। साथ ही सेबी को पत्र भेजकर शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय निवेशों की जानकारी भी तलब की गई है।

### प्रमोशन के एक हफ्ते बाद कार्रवाई

शिवराम सेमिल को हाल ही में प्रमोशन मिला था। करीब एक हफ्ते बाद ही लोकायुक्त ने उनके इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना सहित 9 ठिकानों पर छापे मारे। पहले चरण की जांच में 14.54 करोड़ रुपए की संपत्ति सामने आई थी। लोकायुक्त का कहना है कि जांच अभी जारी है। नए दस्तावेज मिलने पर संपत्तियों का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और एमपी सरकार को निर्देश

## भोजशाला के बिलकुल पास दें नमाज की जगह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

धार की ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में जुमे की नमाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि कोर्ट के 14 जुलाई के अंतरिम आदेश का केवल औपचारिक नहीं, बल्कि उसकी मूल भावना के अनुरूप अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए भोजशाला परिसर के बिलकुल करीब ही अस्थायी स्थान उपलब्ध कराया जाए। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर शुक्रवार (24 जुलाई) को अगली सुनवाई करेगा, जिसमें प्रशासन द्वारा की गई नई व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। सुनवाई के दौरान नमाज स्थल की दूरी को लेकर मुस्लिम पक्ष और सरकार की ओर से अलग-अलग दावे पेश किए गए। मुस्लिम पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा- जिला प्रशासन ने जो जगह तय की है, वह भोजशाला से लगभग 2 किलोमीटर दूर है। यह कोर्ट के आदेश की मूल भावना के खिलाफ है।

## लॉ की छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 20 वर्षीय लॉ स्टूडेंट के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्रा ने मिलने से इनकार किया तो उसके सोशल मीडिया मित्र ने पहले धमकियां दीं और फिर उसके वीडियो परिचितों व सहेलियों को भेज दिए। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता की पहचान करीब एक वर्ष पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश निवासी आदित्य पुत्र राहुल वर्मा से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पिछले एक महीने से आरोपी छात्रा पर मिलने का दबाव बना रहा था। शिकायत के अनुसार आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान छात्रा पर बिना कपड़ों के बात करने का दबाव बनाया। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने और बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद वह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार कॉल कर परेशान करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो उसकी सहेलियों और अन्य परिचितों को भेज दिए। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी वीडियो वायरल कर दिए। आरोपी ने छात्रा के नाम से फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उस पर भी वीडियो अपलोड कर दिए।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आत्महत्या के तीन मामले

5 माह पहले लव मैरिज करने वाले युवक समेत तलाकशुदा महिला और बेरोजगार युवक ने दी जान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में बुधवार देर शाम और रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आत्महत्या के तीन मामले सामने आए। आजाद नगर में पांच माह पहले लव मैरिज करने वाले युवक ने किराए के मकान में फांसी लगा ली। वहीं छोटी ग्वालटोली में एक तलाकशुदा महिला और खजराना क्षेत्र में बेरोजगारी से परेशान युवक ने भी फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



### प्रेम विवाह के बाद चल रहा था पारिवारिक विवाद

परिजनों के मुताबिक दुर्गेश पहले राऊ स्थित एक चॉकलेट कंपनी में काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात गायत्री से हुई थी। दोनों ने करीब पांच महीने पहले घर से भागकर कोर्ट मैरिज की थी। पिछले दो महीने से गायत्री अपने मायके रंगवासा में रह रही थी और दोनों के बीच विवाद चल रहा था। परिजनों का मानना है कि इसी तनाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया। दुर्गेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके पिता गैस एजेंसी में काम करते हैं।

आजाद नगर थाना पुलिस के अनुसार गुरुवा नगर निवासी दुर्गेश (23) पुत्र अशोक गिरवाल का शव बुधवार रात करीब 12.30 बजे किराए के मकान में फंदे पर लटका मिला। सबसे पहले उसके मामा ने उसे देखा, जिसके बाद परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि दुर्गेश प्लंबर का काम करता था। वह अपनी मां और भाई के साथ बड़वानी में रिश्तेदारी में शोक कार्यक्रम में शामिल होने गया था और बुधवार दोपहर ही इंदौर लौटा था। रात में उसकी पिता से फोन पर बात हुई थी। उसने बताया था कि खाना बन रहा है। इसके बाद परिवार सो गया। देर रात मामा के घर पहुंचने पर घटना का पता चला।

## संबल योजना की राशि जारी कराने के लिए रिश्वत मांगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

संबल योजना के तहत स्वीकृत दो लाख रुपए की सहायता राशि जारी कराने के एवज में रिश्वत मांगने के आरोप में नगर निगम के वार्ड 77 के प्रभारी को लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी महिला कर्मचारी शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपए की पहली किश्त लेते हुए पकड़ी गई। मामले में उसके सहयोगी वार्ड प्रभारी सहायक के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता आशीष चौधरी (22) निवासी ग्राम लिंबोड़ी इंदौर ने 17 जुलाई को लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से शिकायत की थी। उसने बताया कि उसके पिता के निधन के बाद संबल योजना के तहत मिलने वाली दो लाख रुपए की सहायता राशि जारी कराने के बदले नगर निगम जोन क्रमांक-13 की वार्ड प्रभारी संध्या पथरोड और वार्ड प्रभारी सहायक हरभजन सिंह सलूजा उससे 20 हजार रुपए रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने मामले का सत्यापन कराया। जांच के दौरान आरोपियों ने रिश्वत की मांग 20 हजार से घटाकर 15 हजार रुपए कर दी। तय हुआ कि यह राशि शिकायतकर्ता से तीन किश्तों में ली जाएगी।

## एमडी ड्रग्स तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

खिलौना कारोबारी निकला ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी रानीपुरा इलाके में खिलौनों का कारोबार करता है।

इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच ने पूर्व में आरोपी आसिम खान को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 20.30 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। साथ ही उसका दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया था। पूछताछ में आवेश (30) पिता फिरोज कुरैशी, निवासी रानीपुरा और गुलराज कॉलोनी का नाम सामने आया। जांच में उसकी भी मामले में भूमिका सामने आई। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अब उससे एमडी ड्रग्स के सोर्स, सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

1 जनवरी 2026 से अब तक क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 52 प्रकरणों में 110 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों के दौरान आरोपियों के कब्जे से 2.3293 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 28.338 किलोग्राम गांजा, 500 किलोग्राम भांग, 256.08 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन बरामद की गई है। साथ ही मादक पदार्थों और वाहनों समेत करीब 2 करोड़ 89 लाख 78 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।













मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com